RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 59
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




पेशे को पहचान मिलने पर मुझे गर्व है

विविध-16

www.dailypioneer.com

# सदी का सबसे ठंडा दिन

## लुढ़कते पारे ने सोमवार को तोड़ा 119 साल का रिकॉर्ड

● दिल्ली में अधिकतम तापमान रहा 9.4 डिग्री सेल्सियस

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**दिल्ली-एनसीआर** समेत पूरे उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सदी का सबसे ठंडा दिन रहा। पिछले 119 साल में 30 दिसंबर को दिल्ली में अधिकतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी शीतलहर चलने का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

भारतीय मौसम विभाग ने 1901 से तापमान का रिकॉर्ड संजोया हुआ है। विभाग का कहना है कि सोमवार को राजधानी के आयानगर में दिन का पारा 7.8 रहा जबकि रिज में यह 8.4, पालम में 9 और लोधी रोड इलाके में 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। आगामी तीन से चार दिन तक ठंड से राहत मिलने की गुंजाइश नहीं है और न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री के आसपास बना रहेगा। यानी दिन और रातें अभी ठिठुरती रहेंगी।

मौसम विभाग के अनुसार बीते 12 और 13 दिसंबर को राजधानी में भारी बारिश हुई थी। उसके बाद से दिल्ली-एनसीआर में रिकॉर्ड तोड़ ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि आज दिन का तापमान अपने औसत से लगभग आधा था। सर्दी के सितम को देखते हुए मौसम विभाग ने साढ़े तीन बजे ट्वीट कर कहा कि पिछले 119 साल में आज सबसे सर्द दिन रहने का अनुमान है, क्योंकि दोपहर ढाई बजे सफदरजंग में तापमान 9.4 और पालम में 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सोमवार को सुबह घने और उसके बाद पूरे दिन हल्के कोहरे की चादर राजधानी के ऊपर छायी रही। सुबह साढ़े आठ बजे पालम और सफदरजंग में दृश्यता जीरो रही। शहर में औसत न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक से तीन जनवरी तक हिमालीय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है। दो तारीख को ओले भी पड़ सकते हैं। हरियाणा और पंजाब में भी सोमवार को कई जगहों पर तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। पंजाब में फरीदकोट सबसे सर्द स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री नीचे 0.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में रोहतक 1.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र जेनामणि ने बताया कि 1976 में छह दिन शीतलहर चली थी। इसके बाद नब्बे के दशक के (शेष 10 पर)



नई दिल्ली में ठंड से बचने के लिए एक रैन बसेरे में रह रहे लोग

### कोहरे से 530 उड़ानें विलंब, 40 उड़ानें रदद

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**राजधानी के** आईजीआई हवाईअड्डे पर घने कोहरे के कारण सोमवार को विमानों का संचालन बाधित हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि 21 विमानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया जबकि 40 उड़ानों को रद्द कर दिया गया और करीब 530 उड़ानों में विलंब हुआ। हवाई अड्डे से विमानों का परिचालन श्रेणी थ्री बी परिस्थितियों में किया जा रहा है। इसका अर्थ है कि रनवे दृश्यता रेंज (आरवीआर) 50 से 175 मीटर के बीच है। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को करीब 530 उड़ानों में देरी हुई जिनमें 320 प्रस्थान करने वाली उड़ानें और 210 आगमन उड़ानें शामिल हैं। विस्तार के साथ ही गोएयर, स्पाइसजेट, एयरएशिया इंडिया ने ट्विटर पर कहा कि दिल्ली में घने कोहरे और खराब दृश्यता के कारण उनके विमान संचालन पर असर पड़ सकता है और यात्रियों को हवाईअड्डे के लिए रवाना होने से पहली अपनी-अपनी उड़ानों की स्थिति पता कर लेने की सलाह दी जाती है।

# उद्धव मंत्रिमंडल में विरासत का विस्तार

● अजीत पवार (उप मुख्यमंत्री), बेटे आदित्य ठाकरे, अमित देशमुख, धनंजय मुंडे और वर्षा गायकवाड़ ने ली मंत्री पद की शपथ

**पायनियर समाचार सेवा**। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को 26 कैबिनेट मंत्री और 10 राज्य मंत्री शामिल करते हुए अपने मंत्रिपरिषद का विस्तार किया। एनसीपी नेता अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उद्धव ठाकरे की सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को यदि विरासत का विस्तार कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस सरकार में बेटा, बेटी, भतीजा-भतीजे मंत्री बन गए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे, शरद पवार के भतीजे अजीत पवार, पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे अमित देशमुख, पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे के भतीजे धनंजय मुंडे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एकनाथ गायकवाड़ की बेटी वर्षा गायकवाड़ ने आज मंत्री पद की शपथ ली।

ठाकरे नीत महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के सत्ता में आने के एक महीने से ज्यादा समय बाद मंत्रिमंडल का यह विस्तार हुआ है। सोमवार को 36 मंत्रियों ने शपथ थी। इनमें से एनसीपी के 10 कैबिनेट और चार राज्य मंत्री, शिवसना के आठ कैबिनेट और चार राज्य मंत्री और कांग्रेस के आठ कैबिनेट और दो राज्य मंत्री शामिल हैं। इसके साथ ही एनसीपी के कुल 12 कैबिनेट मंत्री और चार राज्य मंत्री हैं। शिवसेना के 10 कैबिनेट मंत्री और चार राज्य मंत्री हैं जबकि कांग्रेस (शेष 10 पर)



महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का हिस्सा बने आदित्य ठाकरे, पीछे चेहरे पर मुस्कान लिए उनके पिता और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे।

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | 09.4°C | (-11) |
| न्यूनतम | 02.6°C | (-4) |

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 41,558 | ↓ 17 | |
| निफ्टी | 12,256 | ↑ 10 | |
| सोना | 39,020 | ↓ 60 | /10g |
| चांदी | 46,911 | ↓ 55 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### रेलवे बलवाइयों से करेगा नुकसान की भरपाई

**नई दिल्ली**। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने सोमवार को कहा कि संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान देश भर में रेलवे की 80 करोड़ रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा और इसकी भरपाई आगजनी एवं हिंसा में संलिप्त पाए गए लोगों से की जाएगी। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) संसद में पारित होने के कुछ दिनों बाद देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़पों के चलते कई लोगों को हिरासत में लिया गया तथा गिरफ्तार किया गया।

#### मुकुंद नरवाने आज संभालेंगे सेना प्रमुख का पदभार

**नई दिल्ली**। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवाने देश के नए थलसेना प्रमुख होंगे। वह मंगलवार को सेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे। नरवाने जनरल बिपिन रावत का स्थान लेंगे जो तीन वर्ष तक सेना प्रमुख रहने के बाद सोमवार को देश के पहले चीफ फ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किए गए। लेफ्टिनेंट नरवाने फिलहाल सेना उप प्रमुख हैं। लेफ्टिनेंट नरवाने सितम्बर में सेना उप प्रमुख बनने से पहले सेना के ईस्टर्न कमान के प्रमुख थे, जो चीन के साथ लगती करीब चार हजार किलोमीटर लंबी सीमा की देखभाल करती है।

#### आपातकालीन सचल सेवा का दायरा बढ़ा

**नई दिल्ली**। एम्स से पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को हृदय घात या सीने में दर्द की स्थित में आपातकालीन मोबाइल चिकित्सा सेवा मिलेगी। यह सुविधा अप्रैल में शुरू की गई थी, जब इसका दायरा एम्स से तीन किलोमीटर तक था, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और भारतीय चिकित्सा शोध परिषद (आईसीएमआर) की संयुक्त पहल के तहत यह सेवा शुरू की गई है।

## पांच हजार वर्ग किमी बढ़ा वन क्षेत्र, घटी जंगल की आग

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**पिछले दो** वर्षों में देश के हरित क्षेत्र में 5,188 वर्ग किमी की बढ़ोतरी हुई है जिसमें वन क्षेत्र और वन से इतर वृक्षों से आच्छादित हरित क्षेत्र भी शामिल है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने सोमवार को भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा तैयार की गई भारत में वन क्षेत्र की स्थिति रिपोर्ट 2019 (आईएसएफ़आर) जारी करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में वन क्षेत्र 7,12,249 वर्ग किमी हो गया है। उन्होंने कहा कि यह देश के कुल क्षेत्रफल का 21.67 प्रतिशत है, जबकि वन क्षेत्र के बाहर वृक्षों से आच्छादित हरित क्षेत्र 95,027 वर्ग किमी को मिलाकर देश का कुल हरित क्षेत्र 807276 वर्ग किमी है, जो कि कुल भूभाग का 24.56 प्रतिशत है।

वन सर्वेक्षण की 16वीं रिपोर्ट के अनुसार 2017 की तुलना में देश के हरित क्षेत्र में 5188 वर्ग किमी की बढ़ोतरी हुई है जिसमें वन क्षेत्र में 3976 वर्ग किमी बढ़ोतरी शामिल है। जावड़ेकर ने कहा कि वनक्षेत्र में बढ़ोतरी वाले अग्रणी राज्यों में कर्नाटक (1025 वर्ग किमी), आंध्र प्रदेश (990 वर्ग किमी), केरल (823 वर्ग किमी) और जम्मू कश्मीर '371 वर्ग किमी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में कमी दर्ज किए जाने वाले राज्यों में मणिपुर (499 वर्ग किमी) अरुणाचल प्रदेश (276 वर्ग किमी) और मिजोरम (180 वर्ग किमी) शामिल हैं। जावड़ेकर ने पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र में 765 वर्ग किमी की कमी आने के बारे में कहा कि इन राज्यों में 70 से 80 प्रतिशत तक वन क्षेत्र बरकरार है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में झूम खेती के प्रचलन के कारण वनक्षेत्र में मामूली कमी आई है, लेकिन इसे रोकने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। जावड़ेकर ने कहा कि हरित क्षेत्र में बढ़ोतरी वाले दुनिया के (शेष 10 पर)

# प्रियंका का वार, योगी का बदला पूरा कर रही पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**कांग्रेस महासचिव** प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस और जिला प्रशासन ने प्रदेश में जमकर अराजकता फैलाई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि यूपी पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बदला लेंगे वाले बयान पर कायम है और उसी आधार पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया। प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस विरोध प्रदर्शन में जेल भेजे गए सभी लोगों का समर्थन करेगी और पार्टी का विधि प्रकोष्ठ इन निर्दोष लोगों की कानून लड़ाई लड़ेगा। अपने लखनऊ दौरे के अंतिम दिन प्रियंका सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहीं थीं। इस मौके पर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, पीएल पुनिया और आचार्य प्रमोद कृष्णम भी मौजूद रहे।

प्रियंका ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवा धारण किया है। यह भगवा आपका नहीं है। यह भगवा हिन्दुस्तान की धार्मिक आत्धयात्मिक परंपरा का है। यह हिन्दू धर्म का चिन्ह है। (शेष 10 पर)

### भाजपा का पलटवार, अब मजहबी लड़ाई न छेड़ें प्रियंका



**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'भगवा वस्त्रों पर टिप्पणी करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर पलटवार करते हुए कहा है कि राजनीति के लिए धर्म की लड़ाई न शुरू की जाए। शर्मा ने मुख्यमंत्री पर भगवा चोला धारण करने के बावजूद हिंसक बदला लेने का आरोप लगाने वाली गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद आननफानन में बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस महासचिव ने (शेष 10 पर)

## जासूसी रैकेट पकड़े जाने के बाद नेवी ने रोका स्मार्ट फोन

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

● नौसेना प्रतिष्ठानों, युद्धक पोतों आदि पर इस्तेमाल प्रतिबंधित, सात नाविकों की गिरफ्तारी के बाद उठाया गया कदम

**हाल ही** में जासूसी रैकेट का भंडाफोड़ होने तथा सात नाविकों की गिरफ्तारी के बाद नौसेना ने अपने कर्मचारियों पर नौसेना प्रतिष्ठानों, युद्धक पोतों पर फेसबुक के साथ साथ स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। गिरफ्तार किए गए नाविकों को फंसाने के लिए हनी ट्रैप का इस्तेमाल किया गया और बाद में संवेदनशील जानकारियां देने के लिए सोशल मीडिया के जरिये उन्हें कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया था। इस घटना के मद्देनजर नौसेना ने ऐसा सख्त कदम उठाने का फैसला किया।

नौसेना के सूत्रों ने सोमवार को कहा 'नौसेना कर्मियों के स्मार्ट फोन और सोशल मीडिया के उपयोग पर पहले से भी निर्देश थे। नए निर्देश में कहा गया है कि वे नौसेना प्रतिष्ठानों और नौसेना प्लेटफार्मों पर स्मार्ट फोन का उपयोग नहीं करेंगे।' इसके अलावा मैसेजिंग ऐप पर जल्द ही निर्देश जारी किए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि ताजा आदेश सूचना की सुरक्षा के मद्देनजर है और इसमें हाल ही में विशाखापट्नम में सात नाविकों की घटना पर विचार करते हुए यह फैसला किया गया है। उन्होंने कहा 'हम जानते हैं कि इससे थोड़ी परेशानी होगी लेकिन यह फैसला व्यापक राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर लिया गया है। नौसेना खुफिया इकाई और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ आंध्र प्रदेश पुलिस ने हाल ही में एक हवाला ऑपरेटर के साथ सात नाविकों को गिरफ्तार किया था। इस घटना के कुछ ही दिन बाद यह आदेश आया है। (शेष 10 पर)

# सीएए विरोधी आंदोलन में पारंपरिक रंगोली बनी हथियार

## द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन व दिवंगत करुणानिधि के घरों के बाहर रंगोली सजाकर लिखा, नहीं चाहिए सीएए-एनआरसी

**कुमार चेलप्पन**। चेन्नई/नई दिल्ली

**सामान्य** तौर पर राजनीतिक दलों के आंदोलनों और धरना प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़कने की आशंका के चलते आम लोग डरे-सहमे रहते हैं। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ पूरे प्रदेश में हजारों की संख्या में सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी भी इसका अपवाद नहीं है। कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में बनाए रखने के लिए पुलिस भी भारी ऐहतियात बरत रही है लेकिन, पिछले दो दिनों के दौरान तमिलनाडु में सीएए विरोधी प्रदर्शनों ने अनोखा रूप ले लिया है।

आंदोलन में नायक की भूमिका निभाती महिलाएं नए कानून (सीएए) के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए सदियों पुरानी तमिल परंपरा का सहारा ले रही हैं। विरोध प्रदर्शन का अनोखा तरीका अपनाती महिलाओं ने कोलम अथवा रंगोली को अपना हथियार बनाया है। उन्होंने द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन के घर के प्रवेश द्वार पर एक पारंपरिक रंगोली बनाई जिसमें लिखा था वेंडम सीएए-एनआरसी, नहीं चाहिए सीएए-एनआरसी। ऐसी ही रंगोली द्रमुक के दिवंगत संस्थापक एम. क-रुणानिधि के आवास के बाहर भी बनाई गई।

रंगोली बनाकर नए कानून के विरुद्ध अपनी नाराजगी जताने वाली महिलाओं ने पार्टी जाकर स्टालिन से मुलाकात की और समर्थन करने के लिए उनको धन्यवाद दिया। बाद में द्रमुक प्रमुख ने ट्वीट कर सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक का मजाक उड़ाया। उन्होंने लिखा कि वह (अन्नाद्रमुक) केंद्र की गुलाम है इसीलिए रंगोली बनाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। सत्ताधारी पार्टी केंद्र सरकार को कोलम बनाने में इस्तेमाल होने वाले चावल के आटे से भी आहत नहीं करना चाहती है।

गौरतलब है कि रंगोली बनाकर सीएए का विरोध करने के लिए रविवार को यहां पांच महिलाओं समेत आठ लोगों को कुछ समय के लिए हिरासत में ले लिया गया था। स्टालिन ने पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि असहमति जताने के लिए लोगों को संविधान के तहत मिले मूलभूत अधिकारों का भी प्रयोग नहीं करने दिया गया। रंगोली प्रदर्शन में शामिल युवक एवं युवतियों से मुलाकात की जानकारी देते स्टालिन ने बताया कि उनकी इस पहल के बाद अब (शेष 10 पर)




चेन्नई में स्टालिन व कनिमोझी के घर के बनाई गई रंगोली

### सीएए के समर्थन में पीएम ने किया ट्वीट

**संशोधित** नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ देश भर में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनका समर्थन पाने के लिए सोमवार को ट्वीटर का सहारा लिया। इस बात पर विशेष जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि यह कानून किसी की भी नागरिकता नहीं छीनेगा। हैशटैग इंडिया सपोर्ट्स सीएए क्योंकि सीएए उत्पीड़न का शिकार रहे शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए है न कि किसी की नागरिकता लेने के लिए।

## जनरल बिपिन रावत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त



**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**सेनाध्यक्ष** जनरल बिपिन रावत को सोमवार को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया। सीडीएस का काम सेना, नौसेना और वायुसेना के कामकाज में बेहतर तालमेल लाना होगा। सरकारी आदेश के मुताबिक सीडीएस के पद पर जनरल रावत की नियुक्ति 31 दिसंबर से प्रभावी होगी। जनरल रावत ने 31 दिसंबर 2016 को सेना प्रमुख का पद संभाला था। वह मंगलवार को (शेष 10 पर)

# कांस्टेबल समेत 126 पर गैंगस्टर एक्ट

## नोएडा जिला प्रशासन ने तीन गिरोहों के खिलाफ की बड़ी कार्यवाही

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिला की पुलिस ने सुपारी लेकर हत्या करने, कंपनियों से जबरन ठेका हासिल करने सहित विभिन्न अपराध करने वाले तीन गिरोह के 126 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर कानून के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही प्रदेश पुलिस के एक सिपाही के खिलाफ भी इसी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।


मीडिया को संबोधित करते एसएसपी वैभव कृष्ण। फोटो : दीपक यादव

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने सोमवार को बताया कि इन गिरोह के सरगना उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बंद हैं, लेकिन यह लोग अदालत में पेशी के दौरान लोगों से मिलकर, जिला कारागार में मिलने आने वाले लोगों को निर्देश देकर और कारागार में बंदी रक्षकों आदि से सांठगांठ कर अपने गिरोह का संचालन कर रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी गिरोह, रणदीप भाटी गिरोह और अनिल दुजाना गिरोह से जुड़े अपराधियों पर मामला दर्ज किया गया है। इनमें इन तीनों गिरोह के सरगना भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा, इस कानून के तहत कांस्टेबल सतवीर सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। वह बलिया जिले में तैनात था। एसएसपी ने बताया कि ये बदमाश व्यवसायियों से जबरन वसूली, सुपारी लेकर हत्या करना, निर्माण सामग्री की आपूर्ति, पानी की आपूर्ति तथा ट्रांसपोर्ट के ठेके जबरन हासिल करना, स्क्रैप के कारोबार अपने लोगों द्वारा करवाना, टोल टैक्स पर जबरन वसूली करना, विवादित संपत्तियों को जबरन हथियाना, जबरदस्ती पार्किंग के ठेके लेना, बिल्डरों से अवैध उगाही करना, सरिया चोरी करना जैसे कई संगठित अपराध कर रहे हैं।

कृष्ण ने कहा कि इन अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों को इस कानून की धारा 14 के तहत जब्त किया जाएगा तथा इनके गैंग के फरार लोगों की तलाश की जा रही है।

जिलाधिकारी बी एन सिंह ने बताया कि गौतमबुद्धनगर जनपद में विगत लंबे समय से तीन संगठित गिरोह कार्य कर रहे हैं जो उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 गैंगस्टर एक्ट की धारा 2 में वर्णित अपराध कारित कर गिरोह के सरगना व अन्य सदस्यों के लिए अनुचित सांसारिक,आर्थिक, भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि सोमवार को थाना साईट-5 पर सुन्दर भाटी गिरोह के सरगना सहित कुल 54 सदस्य, रणदीप भाटी गिरोह के सरगना सहित कुल 40 सदस्य व अनिल दुजाना गैंग के सरगना सहित कुल 33 सदस्यों के विरूद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत थाना बादलपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# सड़क हादसों में आठ की मौत, 5 घायल

**कोहरे का कहर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

घने कोहरे के कारण ग्रेटर नोएडा और नोएडा में हुए अलग- अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य जख्मी हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि एक परिवार के 11 सदस्य कार में दिल्ली से संभल की तरफ जा रहे थे। रास्ते में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में छाए गहरे कोहरे के कारण उनकी कार अनियंत्रित होकर सिकंद्रबाद रोड पर खेरली नहर में गिर गई। घटनास्थल दनकौर थाना क्षेत्र के तहत आता है।

उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद नहर में से कार के अंदर फंसे 11 लोगों को बाहर निकाला। सिंह ने बताया कि घायलों को नोएडा के दो अस्पतालों में भती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि मृतकों की पहचान महेश


दुर्घटना होने के बाद नहर से बाहर निकाली गई क्षतिग्रस्त कार। फोटो : दीपक यादव

35, किशनलाल 50, नरेश17, रामखिलाड़ी 75, मल्लू 12, नेत्रपाल 40 के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। एसपी के मुताबिक, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं, कोहरे के कारण नोएडा में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक नगर, पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 58 के सेक्टर 59 के पास रविवार रात अज्ञात वाहन ने संजय कुमार यादव 32 को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में यादव को नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई।

पीयूष सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके अलावा, थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शाहबेरी गांव के पास शनिवार रात को हुए एक सड़क हादसे में छोटू नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि उन्हें नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई।

### जांबाज सिपाही ने बचाई पांच लोगों की जान

हादसे के दौरान दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बिलासपुर चौकी क्षेत्र में तैनात पुलिस आपातकालीन गाड़ी 1875 पर तैनात रजनीश चौधरी अपने साथियों के साथ रात्रि गस्त कर रहे थे। सिपाही रजनीश ने बताया कि रविवार देर रात पीआरवी गाड़ी 1875 से अपने पुलिस टीम के साथियों साथ मंडीश्याम नगर से बिलासपुर की तरफ गस्त करते हुए आ रहे थे।

तभी रास्ते में खेरली नहर पर उन्होंने कुछ लोगों व महिलाओं को चिल्लाते हुए देखा, जो उस नहर में डूब रहे व्यक्तियों को बचाने के लिए सहायता मांग रहे थे। महिलाओं ने बताया कि हमारी एक गाड़ी नहर में गिर गयी जिसमें 11 लोग सवार हैं। वहीं पुलिस इससे पहले सारा माजरा समझ पाती सिपाही रजनीश जो तैरना जानते थे उन्होंने एक पल गंवाए नहर में छलांग लगा दी और डूबने वाले व्यक्तियों को बचाने में लग गए। राहत कार्य करते हुए जांबाज सिपाही ने पांच लोगों को बचा लिया।

### पार्षद पर एफआईआर आंदोलन की चेतावनी

**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्षद जितेंद्र पाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में समझौता नहीं होने पर कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

कांग्रेस पार्षद दल के नेता जाकिर अली सैफी का कहना है कि विकास कार्य नहीं होने के कारण कई बार पार्षद गुस्से में होता है। इसका मतलब यह नहीं है कि पार्षद पर एफआईआर करा दी जाए। सैफी ने कहा कि या तो मामले में अधिशासी अभियंता समझौता करेंगे नहीं तो कांग्रेस के सभी पार्षद नगर निगम के खिलाफ आंदोलन करेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

# रिश्वतखोरों को पकड़ने के लिए ट्रैप बॉक्स

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले के किसी भी सरकारी विभाग में यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी आपसे रिश्वत की मांग करता है तो आप उसकी सीधे शिकायत जिलाधिकारी कार्यालय में कर सकते हैं। लिखित शिकायत को आप जिलाधिकारी कार्यालय में बनाए गए ब्लैक बाक्स में डाल सकते हैं जिसमें आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस सिलसिले में जिलाधिकारी ने बताया कि इस शिकायत पर प्रश्नगत कर्मचारी या अधिकारी को गोपनीय ढंग से ट्रैप करने के लिए उनके स्तर से सीधे कार्रवाई कराई जाएगी।

यही नहीं सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों के लिए भी एक विकल्प



जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर लगा ब्लैक बॉक्स ( ट्रैप बॉक्स )

दिया गया है कि यदि उन्हें कोई प्रलोभन या रिश्वत देने का प्रयास करता है तो उस संबंध में भी ब्लैक बाक्स में लिखित में शिकायत डाली जा सकती है।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित उनके कार्यालय के बाहर सोमवार को ब्लैक बॉक्स जिसे ट्रैप बाक्स की संज्ञा दी गई है रख दिया गया है। इतना ही नहीं लोगों की जानकारी के लिए एक साइन बोर्ड भी लगाया गया है जिसमें साफ लिखा गया है कि जनपद के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा उत्कोच रिश्वत की मांग की जाती है तो वह उसकी शिकायत इस बाक्स में डालें, दोषी को ट्रैप कराने में पूरा सहयोग करें।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांच बच्चों समेत महिला की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोनी बॉर्डर क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर की मौलाना आजाद कॉलोनी में बीती रात शॉर्ट सर्किट से एक ही परिवार के पांच बच्चों व एक महिला सहित छह सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों न बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर घटना की सही जानकारी का पता चल सकेगा।

मौलाना आजाद कॉलोनी में युसूफ अपने परिवार के साथ रहते हैं। बीती रात फ्रिज में शॉर्ट सर्किट होने के कारण घर में लगी एलईडी टीवी


हादसे के बाद घर के बाहर खड़ी लोगों की भीड़।

और कुछ सामान जल गया जिसमें परवीन 40 वर्ष पत्नी युसूफ अली, फातमा 12 वर्ष पुत्री आसिफ अली, साहिमा 10 वर्ष पुत्री आसिफ अली, रजिया 8 वर्ष, अजीम 8 वर्ष और अब्दुल अहद 5 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। इसकी सूचना आग की तरह कॉलोनी में फैल गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

बताते चलें कि स्कूलों मे बच्चों के पेपर चल रहे हैं और इसी वजह से बच्चों के चाचा घर पर आए तो घर पर धुआं उठते देखकर घबरा गए और उन्होंने दरवाजा खोला तो पता चला कि सभी लोग मृत अवस्था में पड़े हुए हैं। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी।

लोनी उप जिलाधिकारी खालिद अंजुमन ने बताया कि परिवार में सदस्यों की मौत शॉर्ट सर्किट से नहीं बल्कि दम घुटने से हुई है क्योंकि जब शार्ट सर्किट हुआ तो फ्रिज और एलईडी जला हुआ था और उसकी जहरीली मोनोऑक्साइड गैस कमरे में भर गई थी जिसमें जहरीले धुएं के कारण दम घुटने से मौत हो गई। एसडीएम ने कहा कि प्रशासनिक स्तर से जो भी मदद संभव होगी वह पीड़ित परिवार के लिए की जाएगी। जिला प्रशासन ने बिजली निगम से इस संबंध में जानकारी मांगी है।

## संक्षिप्त समाचार


भाषण प्रतियोगिता में प्रमाणपत्रों के साथ मंच पर खड़े विजयी छात्र।

### भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 'सड़क सुरक्षा-एक चुनौती' विषय पर सम्भाग स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरटीओ अजय त्रिपाठी, एआरटीओ आर.के. सिंह, राजेश सिंह, अमितराजन राय, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दिनेश सिंह, चीफ वार्डन ललित जायसवाल सभी यात्री कर अधिकारी एवं 19 प्रतिभागी बच्चे सम्मिलित हुए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम विजेता साक्षी द्विवेदी, प्रेसिडियम स्कूल इन्दिरापुरम गाज़ियाबाद, द्वितीय विजेता प्रज्ञा अवस्थी, विवग्योर इंटरनेशनल स्कूल हापुड़, तृतीय विजेता आयुष जोशी, उत्तराखण्ड पब्लिक स्कूल गौतमबुद्धनगर रहे। प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार विजेताओं को 31000/, 21000/, 11000/ रुपये उनके खाते में भेजा जायेगा।

### जिले के सभी विद्यालय एक जनवरी तक बंद

**गाजियाबाद।** शीतलहर के चलते जनपद में पड़ रही कड़ाके की ठंड के कारण जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने सोमवार को सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में 31दिसंबर व एक जनवरी 2020 को अवकाश घोषित कर दिया है। बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर दसवीं व 12वीं के छात्रों की कक्षाएं सुबह 10 से अपराह्न तीन बजे तक लगेंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि गिरते हुए तापमान के कारण कक्षा एक से नौ व 11 तक के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल 31 दिसंबर व एक जनवरी 2020 को बंद रहेंगे, जबकि बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर दसवीं व 12वीं के छात्रों की कक्षाएं सुबह 10 से अपराह्न तीन बजे तक लगेंगी।

### 35 पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने दादरी इलाके से दो कथित शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से शराब की 35 अवैध पेटियां बरामद की हैं। दादरी थाने के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार को गश्त पर निकली थाना पुलिस ने लोहारली गांव के पास एक कार को जांच के लिए रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें 35 पेटी हरियाणा मार्का शराब मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार सवार नवीन शर्मा और उमेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि वे काफी दिनों से शराब तस्करी कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके अलावा, पुलिस ने सोनू नामक व्यक्ति को रविवार रात को गिरफ्तार किया। उसके पास से 120 पव्वा हरियाणा मार्का शराब बरामद की गई है।

### अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन चुनाव विवादों में

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-15 की शिखर एन्क्लेव आवासीय कॉलोनी में अपार्टमेंट्स ओनर्स एसोसिएशन चुनाव समय पर नहीं होने के कारण विवादों में हैं। इसकी शिकायत का मामला डिप्टी रजिस्ट्रार मेरठ और डीएम कार्यालय तक पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार शिखर एन्क्लेव ओनर्स एसोसिएशन के चुनाव समय पर नहीं होने के कारण स्थानीय निवासियों ने डिप्टी रजिस्ट्रार, मेरठ से शिकायत की थी। इस मामले में डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा एसोसिएशन की आम सभा बुलाकर शीघ्र चुनाव कराने आदेश दिए थे। आरोप है कि मौजूदा कार्यकारिणी ने नए वित्त वर्ष के चुनाव समय पर नहीं कराए हैं।

# निजी कंपनी की महिला कर्मी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा।** नामी निजी कंपनी की एक महिला कर्मी ने अपने किराए के फ्लैट में फंदा लगाकर कथित रूप से खुदकुशी कर ली।

शहर के बिसरख थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने सोमवार को बताया कि सैमसंग कंपनी की कर्मचारी कुमारी अमीषा रावत 30 वर्ष ने रविवार की रात पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका ने आत्महत्या करने से पूर्व अपनी डायरी में लिखा है कि वह अपनी जिंदगी से परेशान होने के कारण आत्महत्या कर



रही है। पाठक ने बताया कि मृतका ने आत्महत्या के लिए किसी को दोषी नहीं ठहराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच कर रही है।

### चोरी करने वाले गिरोह के नौ बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने चोरी करने वाले एक गैंग के नौ बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल और इस धंधे में उपयोग लाए जाने वाली एक कार एवं एक टो रिक्शा बरामद किया है।

पुलिस उपाधीक्षक नगर श्वेताभ पांडेय ने बताया कि सोमवार को एक सूचना के आधार पर थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने गिरजा शंकर, जितेंद्र, पितांबर, इमरान, नईम, राहुल शर्मा, सोनू, दीपू तथा नवीन नामक 9 चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से एक टो रिक्शा, एक इंडिका कार, तांबे के तार के 7 बंडल, लोहे की सरिया, तांबे के पाइप, एक तार कटर बरामद किए हैं।

# मूंगफली बेचने वाले को दारोगा ने लातों से मारा

## वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने किया लाईन हाजिर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर क्षेत्र में सड़क पर रेहड़ी लगाकर मूंगफली बेचने वाले एक गरीब व्यक्ति की लात घूंसों से पिटाई करने वाले एक दरोगा को एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने लाईन हाजिर कर दिया गया ।

एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने घटना का वीडियो वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की है। साथ ही मोदीनगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी काशीनाथ मिश्रा को जांच करने को कहा है। दरोगा को लाईन हाजिर करने की पुष्टि पुलिस अधीक्षक देहात

**● सीओ मोदीनगर को सौंपी मामले की जांच**

नीरज कुमार जादौन ने किया।

वीडियो एक चैनल के पत्रकार ने वायरल किया है जिसमें मोदीपोन चौकी इंचार्ज संजीव चौहान व कांस्टेबल चौकी क्षेत्र में एक मूंगफली का ठीया लगाने वाले की लात मारकर दुकान पर रखा सामान सड़क पर फैंकते हुए और गाली-गलोच कर पीड़ित को लात से मारते हुए दिख रहे हैं। मौके पर मौजूद पत्रकार ने यह सब देखा तो पुलिस वालों की यह घिनौनी हरकत देख रहा नहीं गया और इस बर्बरता की काली करतूत कैमरे में रिकॉर्ड करनी शुरू कर दी। अपनी करतूत कैमरे में रिकॉर्ड होते देख दरोगा के साथ मौजूद कांस्टेबल ने आकर पत्रकार का कैमरा छीनने की कोशिश की और दरोगा और कांस्टेबल ने पत्रकार से गाली-गलौज करते हुए जमीन पर गिरा दिया,जिसमें पत्रकार के हाथ में चोट भी आई।

पत्रकार का आरोप है कि दरोगा व सिपाही ने उसे झूठे मुकदमों में जेल भेजने की धमकी भी दी। एसएसपी ने वीडियो वायरल होने के बाद दरोगा को लाईन हाजिर कर दिया।

### बैंक के अंदर बैग से उड़ाए 35 हजार रुपए

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पैसे निकालने गए एक युवक के बैग से चोरों ने बैंक के अंदर ही 35 हजार रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने बैंक प्रबंधन पर शिकायत को हल्के में लेने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार रोबिन सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक की मोहन नगर शाखा से कैश लेने गया था। उसने वहां से पैंतीस हजार निकालकर बैग में रख लिए। बैंक से बाहर निकलकर जब रोबिन ने रुपये गाड़ी में रखने के लिए बैग खोला तो उसमें से रुपये गायब थे।

# तीसरी मंजिल से कूदा मानसिक रोगी, जख्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर के डीएलएफ कॉलोनी में 28 वर्षीय मानसिक रोगी ने 3 मंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे दिल्ली के अर्बन हॉस्पिटल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के डीएलएफ चौकी के अंतर्गत हिमालय अपार्टमेंट में दिनेश 28 पुत्र नंदकिशोर काफी समय से रह रहे हैं वही दिनेश का दिमाग का इलाज



**● अस्पताल में कराया गया भर्ती, हालत गंभीर**

दिल्ली के पंत हॉस्पिटल से लगभग 10 महीने से चल रहा था लेकिन, उसे पूरी तरह आराम नहीं मिला है। मंगलवार को दिनेश अपॉर्टमेंट की तीसरी मंजिल पर चला गया जहां घरवालों ने उसे रोकने का काफी प्रयास किया पर वह नहीं माना।

कुछ मिनट वहां रूकने के बाद आखिर में वह तीसरी मंजिल से कूद गया जिसमें उसे काफी गंभीर चोट आई है। आनन-फानन में मौके पर एकत्र लोगों व परिजनों ने उसे दिल्ली के अर्बन हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी डीएलएफ मौके पर पहुंचे लेकिन, तब तक परिजनों ने उसे अस्पताल ले जा चुके थे।


नगर निगम की अलाव गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम अजय शंकर पांडे, मेयर आशा शर्मा व नगरायुक्त दिनेश चंद्र।

# अदृश्य स्याही से जाली नोटों की पहचान होगी आसान

## ग्रेनो स्थित शिव नाडर विवि के वैज्ञानिकों ने किया तैयार, रोगों का भी चल सकेगा पता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा स्थित शिव नाडर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने कम कीमत वाली एक ऐसी स्याही तैयार की है, जो जाली नोटों की पहचान करने में मदद कर सकती है और इसका उपयोग आधिकारिक दस्तावेजों तथा रोगों का पता लगाने के लिए भी किया जा सकता है।

शोधार्थियों के मुताबिक, यह नई स्याही मौजूदा स्याही की तुलना में बेहतर सुरक्षा विशेषताओं वाली है। मौजूदा स्याही अधिक महंगी है। इस नई स्याही के बारे में जर्नल फिजिक्स केमिस्ट्री में विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि नई स्याही का इस्तेमाल सुरक्षा चिह्नों, आपात मार्ग चिह्नों, यातयात संकेत चिह्नों के अलावा चिकित्सा क्षेत्र में रोगों का पता लगाने के लिए कुछ विशेष जांचों में किया जा सकता है। शिव नाडर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक देबदास रे ने कहा, हमारी सफेद पृष्ठभूमि वाली सुरक्षा स्याही सस्ती, जैविक संघटकों से बनाई गई है जिनका इस्तेमाल सूरज की रोशनी में किया जा सकता है।



दरअसल, वे संघटक पराबैंगनी यूवी किरणों के संपर्क में आने पर सफेद रंग में चमकते हैं। उन्होंने कहा, यह एकल संघटक वाली सुरक्षा स्याही बहु संघटक वाली सुरक्षा स्याहियों की तुलना में कहीं अधिक टिका होती हैं और विभिन्न पृष्ठभूमियों के तहत काम करती है। शोधार्थियों ने कहा कि इस नई स्याही को तैयार करने में सिर्फ 45 मिनट का वक्त लगता है और इस पर प्रति ग्राम ।,000 रुपए की लागत आती है।

उन्होंने बताया कि इस स्याही से दस्तावेजों पर कोई भी आकृति जैसे कि चिह्न, तस्वीरें, बार कोड आदि उकेरे जा सकते हैं, ताकि अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके। रे ने कहा, हम बैंक नोट, आधिकारिक दस्तावेजों, रक्षा सुरक्षा आदि में अतिरिक्त सुरक्षा के बारे में सोच सकते हैं। इस स्याही के इस्तेमाल के बाद दस्तावेजों पर उकेरे गए चिह्नों को देखने के लिए दस्तावेजों को पराबैंगनी यूवी प्रकाश के संपर्क में लाने की जरूरत होती है।

रसायन विज्ञान विभाग के हर्ष भाटिया सहित अन्य शोधार्थियों ने बताया कि इस तकनीक ने बढ़ती साइबर चोरी के चलते आर्थिक एवं सैन्य क्षेत्र में अपनी ओर ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में सुरक्षा स्याही ने अपार अहमियत पाई है। नई स्याही का निर्माण वाणिज्यिक रूप से सस्ते पॉलीमर की मदद से किया गया है, जिसे पोलीविनाइल अल्कोहॉल के नाम से जाना जाता है।

# ठंड से बचाने के लिए अलाव मोबाइल वैन पेट्रोलिंग शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय के निर्देशों के बाद जिले में नगर निगम व लोनी नगर पालिका परिषद ने अलाव मोबाइल वैन की पेट्रोलिंग शुरू कर दी हैं जो रात में खुले आसमान के नीचे रह रहे गरीब लोगों को अलाव जलाने के लिए लकड़ियां उपलब्ध करा रही हैं ताकि लोग अलाव तापते हुए रात बिता सके।

सोमवार को मेयर आशा शर्मा, जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय व नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। अलाव वैन चलाने के निर्देश

**● निरीक्षण के बाद डीएम ने दिए थे आदेश**

जिलाधिकारी ने रविवार को नगर निगम द्वारा संचालित किए जा रहे रैन बसेरों के औचक निरीक्षण के बाद दिए थे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में मौजूद सुविधाएं काफी हद तक ठीक मिलीं लेकिन, सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे लोग भी मिले जो खुले आसमान के नीचे ठिठुरते दिखाई दिए।

ऐसे लोगों को राहत पहुंचाने की नीयत से तत्काल अलाव वैन चलाने के निर्देश निगम को दिए गए। उसके बाद निगम ने मंगलवार से मोबाइल वैन की पेट्रोलिंग शुरू कर दी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# अंधेरे कोनों में लगने लगी लाइट, सुरक्षित होगी दिल्ली

## केजरीवाल ने लोधी रोड से शुरू की मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही आप सरकार रोजाना नई योजनाएं शुरू कर रही है। इसी कड़ी में महिलाओं की सुरक्षा के मद्देजनर दिल्ली सरकार ने सोमवार को सीसीटीवी की तर्ज पर मुख्यमंत्री स्ट्रीट योजना शुरू की। इसके तहत

● **जनवरी तक 50 से 60 हजार लाइटें लगाने का सरकार का लक्ष्य**

दिल्लीभर में डार्क स्पॉट खत्म करने के लिए आज से 2.1 लाख स्ट्रीट लाइट लगेंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रोधी रोड इलाके में योजना की शुरूआत की। स्ट्रीट लाईट में सेंसर लगा होगा। ये अंधेरा होने पर खुद ही जल जाएंगी और सुबह सूरज निकलने पर बंद हो जाएंगी।



सचिवालय में मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइन योजना की जानकारी देते केजरीवाल।

डार्क स्पॉट में स्ट्रीट लाईट लगाने की जिम्मेदारी तीनों डिस्कॉम, बिजली कंपनी की होगी। इसमें 20 या 40 वाट की एलईडी लाइट लगेंगी। तीन से पांच साल तक स्ट्रीट लाईट के रखरखाव की जिम्मेदारी स्ट्रीट लाईट आपूर्ति कंपनी की होगी। इस योजना पर सौ करोड़ रुपये का खर्च आएगा। दस करोड़ रुपये प्रति वर्ष रखरखाव पर खर्च होंगे। योजना के तहत दिल्ली के डार्क स्पॉट को चार माह में खत्म कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जनवरी 2020 में 50-60 हजार स्ट्रीट लाईट लग जाएंगी। अगले चार महीने में 2.10 लाख स्ट्रीट लाइट को लगा दिया जाएगा। महिला सुरक्षा के लिए जितनी स्ट्रीट लाईट लगाने की जरूरत होगी लगाएंगे। दिल्ली से डार्क स्पॉट को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा। सोमवार से स्ट्रीट लाईट लगनी शुरू हो गई हैं। सारी प्रक्रिया काफी मुश्किल था। बहुत सारे क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर डॉर्क स्पॉट्स की पहचान की गई है। सेफ्टी पीन एनजीओ ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर काफी काम किया है।

वर्ष 2016 में सेफ्टी पीन एनजीओ ने सड़कों का ऑडिट करके 7 हजार 438 डॉर्क स्पॉट्स चिंहित किए थे। इसके अलावा आम लोगों से भी पूछ कर लाईट्स लगाई जाएंगी। यह एक तरह से शुरूआत है। हमारे लिए महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए उन्हें जितने भी पैसे और काम करने पड़ेंगे। वह सब हम करने के लिए तैयार हैं।

सीसीटीवी कैमरे पहले से ही लगाए जा रहे हैं। लगभग 1 लाख 40 हजार लग चुके हैं और 1 लाख 40 हजार और कैमरे लगाए जा रहे हैं। इससे काफी पार्क पड़ा है।

**घर के बाहर लगवा सकेंगे लाइट :** दिल्ली सरकार स्ट्रीट लाईट्स नए मॉडल पर लगवा रही है। पहले हमें नगर निगम से मंजूरी लेनी पड़ती थी। जिसमें काफी समय लगता था और दिक्कत भी आती थी। कई सारे ऐसे डॉर्क स्पॉट्स हैं जहां स्ट्रीट लाइट के लिए खंभे लगाने की जगह नहीं थी। नए मॉडल में लोगों से कह रहे हैं कि आप अपने घर के बाहर स्ट्रीट लाइट लगवा दीजिए। अपने घर से उसमें कनेक्शन दे दीजिए। जितना बिजली का खर्च आएगा सरकार देगी।

**एमएलए को मंजूरी का अधिकार :** इस योजना के तहत लाइट लगवाने की अनुमति देने का अधिकार विधायक को होगा। वही डार्क स्पॉट की पहचान करेंगे। फिर मकान मालिक की अनुमति ली जाएगी। जिसके बाद बिजली कंपनी का सर्वे होगा।

## आप नेता गुग्गन फिर भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गुग्गन सिंह सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। गुग्गन लोकसभा चुनाव में उत्तर पश्चिमी दिल्ली से आप के उम्मीदवार थे।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और दिल्ली प्रमुख मनोज तिवारी की मौजूदगी में सिंह ने भगवा दल का दामन थामा। जावड़ेकर दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रभारी हैं। सिंह जुलाई 2017 में भाजपा छोड़कर आप में आ गए थे। दलित नेता को लोकसभा चुनाव में आरक्षित सीट से भाजपा के हंस राज हंस ने 5.9 लाख मत से हराया था। इससे पहले वह 2013 में बवाना से विधायक निर्वाचित हुए थे।

इसके अलावा साहू राठौर समाज ने विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने का ऐलान किया। भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष गौरव खारी के साथ प्रतापगढ़ से समाज के सांसद संगम लाल गुप्ता ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार



लोधी गार्डन स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में केंद्रीय कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने सोमवार को लापता मोबाइल फोन का पता लगाने के लिए केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर प्रणाली की शुरूआत की। इस मौके पर उपराज्यपाल अनिल बैजल, दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक व अन्य मौजूद थे।

### गुरु रंधावा के गानों ने जीता सबका दिल



**नई दिल्ली।** एआरपिएल द्वारा नए साल जश्न के लिए गुरु रंधावा की लाइव परफॉरमेंस का आयोजन हुआ। एआरपिएल के ब्रांड एम्बेस्डर मशहूर पंजाबी गायक गुरु रंधावा आकर्षण का केंद्र रहें। अवर सचिव (गृह मंत्रालय) और सीएसएसओएस के अध्यक्ष, नेह श्रीवास्तव को इस अवसर के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ और गुरु रंधावा का 90 मिनट तक कार्यक्रम चला। मीडिया से बात करते हुए, गुरु रंधावा ने कहा, दिल्ली में मुझे जो सम्मान मिला, वह बहुत ही शानदार है।

### अंडमान भारत की आजादी का अनमोल प्रतीकः चौबे

**पोर्ट ब्लेयर/नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा प्रथम ध्वजारोहण की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। मार्च की सलामी ली। बताते चलें कि 30 दिसंबर 1943 में पहली बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर के रॉस द्वीप में जिसे अब सुभाष दीप कहा जाता है वहां आजाद हिंद फौज का झंडा फहराया था। ज्ञात हो कि 30 दिसंबर 2018 को 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण किया था। चौबे ने कहा कि यह एक गौरवशाली पल रहा। अंडमान निकोबार दीप समूह भारत के स्वतंत्रता का एक अनमोल प्रतीक है।

# रात 9 बजे बंद हो जाएंगे राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के दरवाजे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नए साल की पूर्व संध्या पर राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के निकास द्वार रात नौ बजे बंद कर दिए जाएंगे। डीएमआरसी ने यह फैसला कनॉट प्लेस में नए साल का जश्न मनाने के लिए उमड़ने वाली युवाओं की भीड़ और उससे आम लोगों को पैदा होने वाली परेशानी के मद्देनजर उठाया गया है।

इसके अलावा दमकल विभाग ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कनॉट प्लेस समेत शहर के 10 मुख्य इलाकों पर दमकल की गाड़ियों को एहतियातन तैनात किया है जहां बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। डीएमआरसी ने सोमवार को कहा कि नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर रात नौ बजे के बाद बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन में यात्रियों के प्रवेश करने की अनुमति होगी। डीएमआरसी ने कहा कि अंतिम ट्रेन के प्रस्थान तक यात्रियों के प्रवेश की अनुमति होगी।

**नए साल का जश्न**

राजीव चौक, दिल्ली मेट्रो के सबसे व्यस्त स्टेशनों में एक है। नए साल पर दिल्ली ही नहीं, एनसीआर के शहरों से बड़ी संख्या में युवा कनॉट प्लेस आते हैं। इस कारण राजीव चौक स्टेशन पर अतिरिक्त भार बढ़ जाता है। नए साल के जश्न में किसी भी अनहोनी से बचने के लिए डीएमआरसी कई ऐहतियाती कदम उठाता रहा है ताकि जश्न में शामिल होने वालों के साथ अन्य लोगों को भी दिक्कत न हो।

## क्रिसमस की शाम से लापता हैं दो डॉक्टर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में एक महिला और एक पुरूष डॉक्टर क्रिसमस की शाम से लापता हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। डॉ. श्रीधर ने पुलिस से शिकायत की कि उनकी पत्नी डॉ. हिमा बिन्दु और उनके मित्र डॉ. के. दिलीप सत्या लापता हैं।

शिकायत में उन्होंने कहा कि सत्या 25 दिसंबर की सुबह नौ बजे के करीब चेन्नई से उनसे मिलने आए थे। प्राथमिकी में कहा गया है कि शिकायतकर्ता उस समय ड्यूटी पर थे। उस दिन सुबह 11:30 बजे उन्होंने आखिरी बार अपनी पत्नी से फोन पर बात की तब पत्नी ने उनसे कहा था कि वह गिरजाघर जा रही हैं। उसके बाद से उन दोनों में से किसी से संपर्क नहीं हो पाया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, उन्होंने 25 दिसंबर को हौज खास थाने में अपहरण के तहत मामला दर्ज किया।

# कच्ची कॉलोनियों को नियमित करने पर रार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमितीकरण का मुद्दा आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच संग्राम का बड़ा मुद्दा बन गया है। सोमवार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप मढ़ा कि केंद्र सरकार इन कॉलोनियों को पक्का करने का दावा कर रही है और इसको लेकर पूरे शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होर्डिंग भी लगे हैं लेकिन खुद दिल्ली विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर लिखा है कि यह ना तो घर का नियमितीकरण है और ना ही कॉलोनियों का तो फिर यह है क्या। यह सब वोट लेने के लिए सिर्फ झूठ बोला जा रहा है।

केजरीवाल ने सवाल किया कि अभी तक किसी भी व्यक्ति को रजिस्ट्री नहीं मिली है। इस पर पटलवार करते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आम आदमी पार्टी पर लोगों को गुमराह करने का आरोप मढ़ा। उन्होंने





कहा कि अभी तक 35000 लोगों ने अपने मकान का मालिकाना हक लेने के लिए वेबसाइट पर पंजीकरण कराया है और अगले 8 से 10 दिन के अंदर रजिस्ट्री मिलनी शुरू हो जाएगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से पूछा कि अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किए बिना उनमें रह रहे लोगों को मालिकाना हक कैसे दिया जाएगा।

आवास एवं शहरी विकास मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट कर कहा अब भी आप इस मामले में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही हैं, जबकि केंद्र सरकार इससे निपटने के लिए कानून भी ले आई। आप का आरोप है कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित कानून अनधिकृत कालोनियों में रहने वालों को सिर्फ संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार देता है। इससे भवन निर्माण नियमों के तहत अनधिकृत कालोनियां नियमित नहीं होंगी।

अनधिकृत कालोनियों को नियमित करने के केन्द्र सरकार के फार्मूले के खिलाफ आप की सोशल मीडिया पर जारी मुहिम के जवाब में पुरी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा इन कालोनियों में संपत्ति के पंजीकरण की प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए कानून पारित करने और लोगों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने आप पर लोगों के हित वाले कामों में बाधा पहुंचाने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप के नेता शब्दों को पकड़ कर भ्रम जाल बुन रहे हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (आईडी सं. 2019_AAI_39082_1)

अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) की ओर से "Tender for providing comprehensive Video conferencing solution at AAI" हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 13,45,13,608.00 (Exclusive Taxes). निविदा दस्तावेज़, पात्रता मापदंड, अन्य संबन्धित शुद्धिपत्र डाउनलोड करने एवं निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए कृपया सीपीपी पोर्टलः https://etenders.gov.in/eprocure/app अथवा भा.वि.प्रा. वेबसाइटः www.aai.aero पर भी देखी जा सकती है। इस संबंध में आगे कोई भी स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र केवल भा.वि.प्रा. वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा। (N-84/2019-20)

## पुलिस कार्रवाई के विरोध में विपक्षी दलों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता पंजीकरण (एनआरसी) के खिलाफ पिछले दो सप्ताह से जारी देशव्यापी आंदोलनों को दबाने के लिए पुलिस की कार्रवाई का विरोध तेज हो रहा है। वामदलों ने सोमवार को जंतर-मंतर पर धरना दिया। वहीं, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मुंह पर कमलछाप मास्क पहनकर तिरंगा मार्च निकाला। संगठन का कहना है कि इससे यह संदेश दिया गया कि भाजपा और उसकी राज्य सरकारें विरोध की आवाज को दबा रही हैं।

# जावडेकर का तंज : कास्त्रो या गेरा नहीं बन पाए केजरीवाल

## कहा-खुल गई आप की पोल, दिल्ली की सत्ता संभालेगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर प्रहार करते हुए कहा कि 2015 में लोग उन्हें फिदेल कास्त्रो और चे ग्वेरा जैसा महान क्रांतिकारी समझते थे, लेकिन अब उनका पर्दाफाश हो गया है। वह ऐसा तो कुछ नहीं बन पाए।

भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रभारी जावडेकर ने कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली में अपने दम पर

● **खत्म हो जाएगा आप सरकार का झूठा साम्राज्य**

अगली सरकार बनाएगी।

जावडेकर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल का वास्तविक चेहरा सबके सामने आ गया है। इससे लोगों को भी समझ में आ गया है कि जैसा वे समझते थे, वास्तव में वह वैसे नहीं हैं। जावडेकर ने कहा कि वह जो कहते हैं, वह नहीं करते हैं। वह साढ़े चार वर्ष सोते रहे और अब छह महीने के लिए जग गए हैं। पहले वह शिकायत करते थे कि मोदी जी काम नहीं करने देते, अब वह कैसे काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल का झूठ का साम्राज्य खत्म हो जाएगा और दिल्ली में विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा सत्ता में आएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी सरकार के कार्यक्रमों के कारण भाजपा दिल्ली में सरकार बनाएगी।




एसकेवी विवेक विहार में सोमवार को आयोजित युवा संसद में जज व शिक्षिकाओं के साथ प्रतिभागी छात्राएं।

## युवा संसद में छात्राओं ने बनाया कानून- एक बच्चा सबसे अच्छा

**नई दिल्ली।** यदि युवाओं को जनप्रतिनिधि बनने का मौका मिले तो वे कैसे देश की तस्वीर बदल सकते हैं, इसकी एक झलक विवेक विहार स्थित राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय में देखने को मिली। यहां सोमवार को 54वीं युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें होनहार छात्राओं ने 'बच्चे दो ही अच्छे' के नारे को कचरे के डिब्बे में डालते हुए एक बच्चे का कानून बना दिया और नया नारा गढ़ दिया- एक बच्चा-सबसे अच्छा।

कक्षा 9 से 12वीं तक की 55 छात्राओं ने संसद की कार्यवाही का शानदार ढंग से संचालन किया। जज के तौर पर संसदीय मामलों के सचिव अनिल कुमार और डीडीई (एनआईओएस प्रोजेक्ट) डॉ. राजवीर के अलावा यूथ पार्लियामेंट एचओएस मल्लू चटर्जी, शिक्षिकाएं अनुराधा गुप्ता, सपना तिवारी, नीरू गुप्ता व शालिनी जैन आदि उपस्थित थीं।


# एनडीएमसी, छावनी स्कूलों के भी बोर्ड परीक्षा शुल्क देगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और दिल्ली छावनी की तरफ से संचालित स्कूलों के छात्रों की बोर्ड फीस आप सरकार देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसको मंजूरी दे दी। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने उन्होंने छात्रों से वादा किया था कि सरकार एक हजार रुपये देगी। ये रुपये छात्र अपने अन्य जरूरी कार्य के लिए खर्च कर सकते हैं।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि सोमवार को कैबिनेट की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। सरकार ने कहा था कि सरकारी स्कूलों के सभी बच्चों के बोर्ड परीक्षा की फीस दिल्ली सरकार देगी। उसमें एनएमसी और छावनी के कुछ इलाके रह गए थे। अब एनडीएमसी और कैंट में भी जितने सरकारी स्कूल हैं। उनकी फीस दिल्ली सरकार देगी।

**कैबिनेट का फैसला**



केजरीवाल के अनुसार उन्होंने सरकारी स्कूलों के परिणाम को पुनरीक्षण किया है तो पाया कि अन्य सभी विषयों में बच्चों के परिणाम 95 फीसद से अधिक आ रहे हैं। लेकिन गणित और विज्ञान में उनके नंबर थोड़े कम हैं। गणित में सरकारी स्कूलों के परिणाम 76 प्रतिशत से कम है। सरकार ने तय किया है कि जहां-जहां जरूरत होगी। वहां पर गणित में अलग से कोचिंग दी जाएगी। जो बोर्ड की परीक्षा में फेल हो जाएंगे और जिनकी कंपार्टमेंट जाएगी उनको भी एक्सट्रा कोचिंग कराकर उन्हें पास कराने की कोशिश की जाएगी। स्कूलों में उद्यमशिलता का कोर्स चल रहा है उसमें 11वीं और 12वीं के हर बच्चे को एक-एक हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रोजेक्ट करने के लिए यह पैसे दिए जाएंगे। इसका मकसद है कि बच्चा व्यापारी की तरह सोचे। पांच-छह बच्चे एक साथ मिल कर पार्टनरशिप में कोई प्रोजेक्ट कर सकते हैं। अपने शिक्षक से बात कर सकते हैं। वह यह चाहते हैं कि इसके जरिए बच्चे सोचना शुरू कर दें कि किस तरह से कारोबार करना है।

**कैंट एरिया में भी मिलेगी बिजली की सब्सिडी :** दिल्ली सरकार लोगों ने बिजली की सब्सिडी दी रही है जिसके तहत 200 यूनिट तक मुफ्त और 400 यूनिट तक आधा बिल देना होगा। इस योजना के तहत कैंट क्षेत्र रह गया था। कैंट एरिया में रह रहे फौजियों को इसका फायदा नहीं मिल रहा था। अब उन्हें भी बिजली सब्सिडी का फायदा मिलेगा।



# आरटीए कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

## 45 का स्टाफ, मात्र छह ही मिले

## कई घंटे रिकॉर्ड भी खंगाला फ्लाइंग ने

## गिर सकती है अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज


आरटीए कार्यालय में जांच करते अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में सोमवार को जब अधिकारियों, कर्मचारियों का दफ्तर आने का समय हुआ, ठीक उसी समय सीएम फ्लाइंग ने भी छापेमारी कर दी। फ्लाइंग के निशाने पर आरटीए कार्यालय रहा। जब फ्लाइंग कार्यालय में पहुंची तो मात्र छह कर्मचारी ही दफ्तर पहुंचे थे। जबकि यहां पर 45 का स्टाफ है। बाकी के कर्मचारी और अधिकारी नदारद मिले। जैसे ही अन्य कर्मचारियों को इस बाबत पता चला तो उनके होश उड़ गये। फ्लाइंग ने यहां काफी रिकॉर्ड भी खंगाला। फ्लाइंग में शामिल डीएसपी जितेंद्र गहलावत के मुताबिक इसकी पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी।

सोमवार को पूरे हरियाणा के आरटीए कार्यालयों में छापेमारी की। इसी कड़ी में गुरुग्राम के लघु सचिवालय स्थित आरटीए कार्यालय में सीएम फ्लाइंग दफ्तर शुरू होने के ठीक समय पर पहुंच गई थी। सबसे पहले तो टीम ने कार्यालय में पहुंचने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर नजर रखी। सुबह नौ बजे दफ्तर पहुंचने का समय होता है, लेकिन उस समय आरटीए कार्यालय में मात्र छह कर्मचारी ही पहुंचे थे। बाकी के कर्मचारी और अधिकारी नदारद थे। इन सभी की सूची सीएम फ्लाइंग ने बनाई। मिनट-टू-मिनट कर्मचारियों, अधिकारियों के पहुंचने का समय रजिस्टर में दर्ज किया। जो समय पर नहीं पहुंच पाए, अब उन पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है। क्योंकि यहां की पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सौंपी जाएगी। उस रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी, कर्मचारियों के तबादले भी होंगे। वे सस्पेंड भी होंगे। यह सब तय माना जा रहा है।

### टीम ने आधे घंटे तक इंतजार भी किया : डीएसपी

**सीएम** फ्लाइंग में शामिल डीएसपी जितेंद्र गहलावत के मुताबिक 45 के स्टाफ में से मात्र छह कर्मचारियों का ही समय पर पहुंचना बड़ी लापरवाही है। टीम ने आधे घंटे तक इंतजार किया और देखा कि कितना स्टाफ कितने समय अंतराल में पहुंच रहा है। इसके बावजूद अधिकतर अधिकारी-कर्मचारी नहीं पहुंचे। कार्यालय का रजिस्टर अपने कब्जे में ले कार्रवाई शुरू की। साढ़े नौ बजे के बाद एक-एक करके यहां स्टाफ पहुंचने लगा। जब उन्हें छापेमारी का पता चला तो फिर देने लगे अपनी-अपनी दलीलें। टीम ने गैर हाजिर रहे स्टाफ का पूरा ब्योरा अंकित करके कागजी कार्रवाई पूरी की।

## आरटीए व तहसील कार्यालय भ्रष्टाचार के बड़े अड्डे !

**गुरुग्राम।** भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा अड्डा तहसील कार्यालय और आरटीए कार्यालय को माना जा रहा है। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में तो बहुत बार यहां पर भ्रष्टाचार के अधिकारियों पर आरोप लगे हैं। एक साथ आधा दर्जन से अधिक नायब तहसीलदारों पर गुरुग्राम की तहसील में गाज गिरी थी। वह रजिस्ट्रियों में गड़बड़ी का मामला था। अब सीएम फ्लाइंग के निशाने पर आरटीए कार्यालय आये तो वहां भी हाल तहसील की तरह मिला। गुरुग्राम की तहसील में तो गुरुग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने विधायक रहते खुद भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करते हुए सीधे तौर पर तहसीलदारों व स्टाफ पर आरोप लगाये थे। उन्होंने यहां की व्यवस्था को ऐसी करारी चोट की थी कि पूरा प्रशासन हिल गया था। किसी सरकारी कार्यालय में खुद विधायक जाकर वहां के भ्रष्टाचार की पोल खोलते हैं तो वह सरकारी तौर पर बड़ी बात है। जनता से सीधे जुड़े रहे पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल चूंकि अगर मामले को बारीकी से जानते समझते थे, इसलिए उन्होंने तथ्यों के साथ तहसील का मामला उजागर किया था। वहीं आरटीए कार्यालय में भी भ्रष्टाचार के आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं। गुरुग्राम में देसी और विदेशी कंपनियों की कैब समेत लाखों व्यवसायिक वाहन हैं। अक्सर यहां पर नई-नई कंपनियां व्यवसायिक बाइक, कैब, ऑटो आदि की लांचिंग करके जनता को सुविधायें देने का दंभ भरती हैं। हालांकि कई कैब सेवायें यहां पर सफल भी नहीं हो पायी हैं। इसलिए कुछ समय बार वे दम तोड़ गई।

## बच्ची के साथ रेप कर हत्या करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नूंह।** नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका थाना अंतर्गत बीते 27 दिसंबर को पहाड पर बकरियों को तलाशने गई सात वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी कर उसकी जान लेने के मामले की गुत्थी को पुलिस टीम ने तीन दिन में सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी मुकीम पुत्र ताहिर निवासी नीमली राजस्थान को नूंह के बस स्टेंड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पत्रकारवार्ता में बताया कि आरोपी नशे का आदी है, जिसने बीती 27 नवंबर को पहाड में बकरियों को तलाशने गई मासूम के साथ पहले दरिंदगी की और फिर उसकी जान लेली। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए गठित की गई टीम को सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में है और नीमली से नूंह के लिए आ रहा है।

## मयंक निर्मल बने एबीवीपी के प्रदेश सह संयोजक

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा का 51वां प्रांत अधिवेशन रोहतक के बाबा मस्तनाथ विश्विद्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें नयी शिक्षा नीति महिला सुरक्षा आदि अनेक विषयों पर प्रस्ताव पारित किए गए। इस 51वें प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और अलवर के सांसद व मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी व अंतरराष्ट्रीय पहलवान योगेश्वर दत्त समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस प्रांत अधिवेशन में 2020-21 की नयी कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। अभाविप प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र धिमान ने नयी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें गुरुग्राम जिले से छात्र नेता मयंक निर्मल को एबीवीपी हरियाणा का विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक नियुक्त किया गया, मयंक निर्मल ने अपनी नियुक्ति पर एबीवीपी के प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। मयंक निर्मल पूर्व में गुरुग्राम एबीवीपी के जिला संयोजक, संयुक्त फरीदाबाद व गुरुग्राम विभाग के संयोजक रह चुके हैं। वे गुरुग्राम स्थित एमिटी विश्विद्यालय में एलएलएम के छात्र हैं। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर संगठन नेतृत्व का आभार जताते हुये कहा कि उन पर जो विश्वास जताया गया है।

## ठंड में ठिठुरते लोगों को कंबल, जूते देकर कमाया पुण्य


गुरुग्राम में ठंड से ठिठुरते लोगों को जूते पहनाकर व वस्त्र देकर ठंड से बचाने का प्रयास करते डेरा प्रेमी।

### डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने देर रात तक घूमकर किया यह काम

**गुरुग्राम।** सेवा हमारा कर्म है, सेवा हमारा धर्म है। इसी राह पर चलते हुये गुरुग्राम में डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों (प्रेमियों) ने सर्दी व कोहरे के बीच ठिठुरते लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया है।

अपने गुरू संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की इंसानियत की सेवा के प्रति दी गई प्रेरणा पर चलते हुये सेवादारों ने यह अभियान शुरू कर रखा है। इस अभियान के दौरान ये सेवादार लोगों को कंबल, रजाई, जूते, जर्सी आदि सामान देकर मानवता भलाई के काम कर रहे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर बीती रात ये सेवादार वाहनों से घूमे और सड़कों किनारे, किसी शेड के नीचे, पेड़ के नीचे, बस अड्डे समेत अनेक स्थानों पर इन्होंने लोगों को ठंड से बचने के लिए यह सामान भेंट किया। न केवल भेंट किया, बल्कि नंगे पांव घूम रहे लोगों को अपने हाथों से जूते भी पहनाये।

सेवादारों ने कहा कि यह सतगुरू की सीख ही है कि वे इस काम में आगे आ रहे हैं। उनका आशीर्वाद ही है कि वे जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं।

## शिक्षा विभाग के आदेशों की फिर हुई अवहेलना

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**हरियाणा** शिक्षा विभाग के आदेश गैर स्कूल संचालकों के लिए कोई मायने नहीं रखतें है। हर बार की भॉति सोमवार को भी गैर सरकारी स्कूल क्षेत्र में खुले रहें। जिससे शिक्षा विभाग के आदेशों की अवहलेना करना निजी स्कूल संचालकों की आदत बन गई है।

एक तरफ हाड़कपा देने वाली सर्दी देखते हुए हरियाणा शिक्षा विभाग ने सर्दी में होने वाले एक जनवरी से अवकाश की घोषणा दो दिन पहले रविवार को ही कर दी थी। शिक्षा विभाग के आदेश प्रदेश के सभी सरकारी-गैरसराकरी स्कूलों के लिए थे, लेकिन गैर सरकारी स्कूल संचालक हर बार शिक्षा विभागों के आदेशों को नजरअंदाज करने से बाज नहीं आते। यही कारण है कि सोमवार को भी खंड के दर्जनभर गैर सरकारी स्कूल खुले रहे। सोमवार को कोहरा अधिक होने से पैदल चलने वालों को अपने सामने दस कदम दूर का कुछ नजर नहीं आ रहा था। उसके बावजूद निजी स्कूलों में बच्चे पढ़ने के लिए जाते देखे गए। सूत्रों के अनुसार शिक्षा विभाग के आदेशों की अवहेलना करने में वालों में ऐसे स्कूल अधिक हैं, जो मान्यता के ही स्कूल चला रहे हैं। केवल वे अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों के माध्यम से पेपर दिलाने का काम करते हैं।


सोमवार को हाड़ कंपादेनी वाली सर्दी में पढ़ने जाते छोटे बच्चे।

### क्या कहना है बीईओ का

**कार्यवाहक** खंड शिक्षा अधिकारी अनिल मेहता ने बताया कि रविवार को ही सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को अवकाश घाषित होने के विषय में जानकारी दे दी गई थी। उसके सोमवार को भी फिर से मेल करके स्कूलों की छुट्टी करने को कहा गया।

### क्या कहना है एसडीएम का

**सोहना** एसडीएम डॉक्टर चिनार ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी लेने के लेने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सोहना में पारा 4 डिग्री, कोहरे का प्रकोप

**सोहना।** सोमवार को कोहरा होने के कारण सड़कों पर वाहन बिना लाइट जलाएं नहीं चल पा रहे थे। वहीं बाजारों में दुकानदार अलाव का सहारा लेते नजर आए। बाजार में ग्राहकों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा 50 फीसदी कम रही। रविवार रात से ही सर्दी का प्रकोप बढ़ता गया, जो सोमवार सुबह तापक्रम 4 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे सर्दी का मिजाज और दिन से ज्यादा कड़क नजर आया।

सोमवार सुबह पड़ने वाले कोहरे से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। वाहनों की लाइटें हाई वीप से धुंधली नजर आने के कारण लो वीप में ही चला रहे थे। दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर अलाव का सहारा लेकर सर्दी से बचते रहे। दुकानदार अनुप गुप्ता ने बताया कि सोमवार को दुकानदारी न के बराबर हुई।



## मुख्यमंत्री के सुशासन दिवस का पाठ मात्र पांच दिन में भूले अधिकारी

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**बीती 25** दिसंबर 2019 को हरियाणा सरकार की तरफ से गुरुग्राम में राज्य स्तरीय सुशासन दिवस मनाया गया था। जिसमें खुद सीएम मनोहर लाल ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर दफ्तर पहुंचने और लोगों के कार्यों को समय पर करने के लिए नसीहत दी थी। लगता है गुरुग्राम के अधिकारियों, कर्मचारियों ने सीएम की उन बातों को गंभीरता से नहीं लिया और पुराने ढर्रे पर ही अपनी कार्यप्रणाली जारी रखी।एक तरफ तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुशासन दिवस पर कर्मचारियों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुये, उन्हें ईमानदारी और समय पर काम करने की शिक्षा दे रहे थे, वहीं दूसरी तरफ इस शिक्षा को ये अधिकारी, कर्मचारी पांच पांच दिन में ही भूल गये हैं। यह बात यहां आरटीए कार्यालय में सीएम फ्लाईंग के छापे से साबित हो गई। क्योंकि के कर्मचारियों और अधिकारियों की कार्यप्रणाली इसी से साफ पता चलती है कि वे समय पर दफ्तर पहुंचने के नियम को ही हवा में उड़ा रहे हैं।

### ऐसे कैसे श्रेष्ठ कर्मचारी तमगा लेंगे ये लापरवाह कर्मी

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने सुशासन दिवस पर कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनूठी पहल करते हुए सर्वश्रेष्ठ कर्मियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की थी। जिसके तहत राज्य स्तर पर, जिला स्तर व विभागीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के कर्मियों को पुरस्कार अगले 25 दिसंबर 2020 को दिया जाएगा। लेकिन अगले साल पुरस्कार लेने वालों की दौड़ में शामिल होने की बजाय गुरुग्राम के कर्मचारियों, अधिकारियों ने तो उलटा ही दौड़ना शुरू कर दिया। यानी उन्होंने सीएम की इस घोषणा के उलट ही काम करनी शुरू कर दिया। यह भी कह सकते हैं कि यह उनकी पुरानी आदत भी हो। समय पर दफ्तर न आना उनकी दिनचर्या में शामिल हो। सवाल यह है कि ऐसे कैसे ये कर्मचारी श्रेष्ठ कर्मी बन पायेंगे। सीएम मनोहर लाल ने तो वर्ष 2020 को सुशासन संकल्प वर्ष के रूप में मनाने की भी घोषणा की थी और उपस्थित कर्मियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि कोई भी कर्मी सुधार की दृष्टि या व्यवस्था परिवर्तन की दृष्टि से अपने सुझाव सरकार को दे सकता है।

## संगठन की मजबूती ही प्रमुख ध्येय : डॉ. नरेश शर्मा

**गुरुग्राम।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के मेडिकल प्रकोष्ठ के संगठन विस्तार को लेकर को यहां मिलेनियम सिटी में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेडिकल प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डा. नरेश शर्मा ने की।

डा. नरेश शर्मा के मुताबिक मेडिकल प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन का विस्तार करके नई नियुक्तियां की गई हैं, जिनमें डॉ. सौरभ गुप्ता को गुरुग्राम जिला प्रधान एवं मेडिकल प्रकोष्ठ मीडिया प्रदेश प्रभारी, डॉ. महाबीर सिंह गर्ग को प्रदेश कोषाध्यक्ष, डॉ. गुरूप्रताप सिंह को गुरुग्राम हल्का प्रधान, डॉ. प्रदीप ठाकरान को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष और डॉ. ओमवीर सिंह को गुरुग्राम हल्का वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व डॉ. अजय सिंह चौटाला, अंतराम तंवर, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, सरदार निशान सिंह, योगेश हिलालपुर का आभार प्रकट करते हुए पार्टी के लिए कर्मठता से काम करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अपने संबोधन में डा. नरेश शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही उनका प्रमुख ध्येय है। इसके लिए वे निरंतर कार्यरत रहेंगे। कार्यकर्ताओं के दम पर ही कोई संगठन मजबूत हो सकता है, इसलिए वे संगठन के विस्तार को कार्यकर्ताओं की फौज तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि जजपा के नेता, नीति और नीयत में कोई अंतर नहीं है।


जजपा नेता एवं उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ डा. नरेश शर्मा।

## एक्सीडेंट में बाइक सवार पुल से 40 फुट नीचे गिरा, मौत

**गुरुग्राम।** वाहनों की हुई जबरदस्त भिड़ंत में बाइक सवार युवक टक्कर के बाद रेलवे ओवरब्रिज से 40 फुट नीचे जा गिरा। इस दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह दिल दहला देने वाला हादसा सोमवार को पटौदी-कुलाना के बीच हेलीमंडी में रेलवे ओवरब्रिज पर हुआ। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए तो कार का आगे का पहिया ही अलग हो गया।

जानकारी के अनुसार हितेष और राहुल नामक युवक एक संस्था द्वारा हेलीमंडी में जरूरतमंद बच्चों को गरम जर्सी वितरण कार्यक्रम में शामिल थे। वहां पर कुछ बच्चों के लिए जर्सी अंडर साइज रहने से ये दोनों जाटौली से और जर्सियां लेने के लिए जाटौली रेलवे फाटक से जा रहे थे। यहां गुड्स ट्रेन के खड़े होने के कारण बाइक द्वारा रेलवे ओवरब्रिज से जा रहे थे तो अचानक सामने से एक कार आ गई।

## ...वो मिलेगा यकीनन मगर शर्त है, आखिरी सांस तक जुस्तजू चाहिए

**गुरुग्राम।** अब हवायें भी रचने लगी साजिशें-अब चिरागों को भी कुछ लहू चाहिये, वो मिलेगा यकीनन मगर शर्त है-आखिरी सांस तक जुस्तजू चाहिये। इस दौर-ए-तरक्की में बचानी है अना अपनी भी-रफ्तार संभालू या दस्तार संभालूं, कांटों से बना ताज पहना तो दिया-दरबार संभालूं या सरकार संभालूं। प्रख्यात गजलकार दीक्षित दनकौरी ने इस गजल के माध्यम से एक साथ कई विषयों को छूआ है। जब यहां इस गजल को उन्होंने सुनाया तो माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

जीआईए सभागार में यहां सुरुचि परिवार द्वारा काव्य गोष्ठी एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरुचि परिवार के संरक्षक डॉ. अशोक दिवाकर, शरद



गोयल, कुलबीर सिंह मलिक, एनपी सिंह, कर्नल कुंवर प्रताप सिंह, महासचिव मदन साहनी हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व निदेशिका डॉ. मुक्ता ने दीक्षित दनकौरी को सुरुचि सम्मान-2019 से अलंकृत किया। इस मौके पर सुशीला यादव, नरेंद्र खामोश, ओमीश परुथी, नरेंद्र गौड़, मीना चौधरी, सुरिन्दर मनचन्दा, मंजू भारती, मनजीत कौर, त्रिलोक कौशिक, मदन साहनी, अनिल श्रीवास्तव सहित लगभग 20 कवियों ने काव्य पाठ किया।

## वेयर हाउस कॉर्पोरेशन नहीं कर रहा है आढ़तियों का 35 लाख का भुगतान

**नरेश कुमार।** सोहना

**हरियाणा** वेयर हाउस कॉर्पोरेशन एजेंसी सोहना मंडी के 23 आढ़तियों की 35 लाख रुपये का भुगतान नौ माह बीतने के बाद भी नहीं कर रही है। आढ़ति अपनी बकाया राशि लेने को एसडीएम और डीएम से भी मिले, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया।

अप्रैल-मई 2019 में सोहना अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद हरियाणा कॉर्पोरेशन और खाद्य आपूर्ति विभाग ने मिलकर की थी। कॉर्पोरेशन एजेंसी ने आढ़तियों को नौ माह बीतने के बाद उनके द्वारा सरसों के कट्टों की सिलाई, लदान और पल्लेदारों को दी गई मजदूरी का भुगतान करने का आश्वासन दिया था। जो 23 आढ़तियों ने एजेंसी अधिकारियों के कहने पर अपनी जेब से खर्च कर दी, लेकिन एजेंसी आढ़तियों को उनका भुगता करने में आनाकानी कर रही है। अनाज मंडी के आढ़ति विकास गुप्ता ने बताया कि कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने सरकारी खाते में खरीदी गई सरसों का समय पर लदान होने, उन्हें कट्टों की सिलाई और पल्लेदारों की मजदूरी का भुगतान करने कह दिया था, लेकिन आज तक आढ़तियों द्वारा खर्च की गई करीब 35 लाख रुपये की राशि कॉर्पोरेशन विभाग पर बकाया है। आढ़ति राजेश गुप्ता ने बताया कि एक कट्टे की सिलाई, उसका लदान पर आठ रुपये 54 पैसा खर्चा आया था। जबकि आढ़ति की सवा रुपया दाम एक कट्टा का बनता है।

आढ़त एसोसिएशन के प्रधान महेश आर्य ने बताया कि बकाया राशि को लेकर स्थानीय उनका शिष्ट मंडल सोहना एसडीएम से मिला था। पांच दिसंबर को एक शिष्ट मंडल कॉर्पोरेशन के डीएम संदीप कुमार से पलवल में जाकर मिला था। उनके साथ में विकास गुप्ता, दयानन्द, घनश्याम और राजेश गुप्ता भी डीएम से मिले थे।

जिन्होंने तीन दिन में उनकी राशि का भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी एजेंसी ने उनकी राशि का भुगतान नहीं किया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**इस** संबंध में जब वेयर हाउस के जिला प्रबंधक से जानकारी प्राप्त करनी चाही, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस संबंध में सोहना एसडीएम डॉक्टर चिनार कहा कि आढ़तियों की मांग को लेकर उन्होंने वेयर हाउस के अधिकारियों बात की जाएगी। ताकि आढ़तियों की राशि का जल्द से जल्द भुगतान हो सके।

## फोनपे के साथ अब दिल्ली हाट में हो जाएं कैशलेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**2019 फोनपे,** भारत के अग्रणी डिजिटल भुगतान मंच ने आज घोषणा की कि यह अब प्रसिद्ध दिल्ली हाट में डिजिटल भुगतान विकल्प के रूप में लाइव है। विजिटर अब फोनपे का उपयोग करके दिल्ली हाट काउंटरों पर अपने टिकट के लिए भुगतान कर सकेंगे। फोनपे आईएनए, पीतमपुरा और जनकपुरी में दिल्ली हाट स्थानों पर लाइव होगा।

फोनपे दिल्ली हाट के टिकट काउंटर में लाइव जाने वाला पहला डिजिटल भुगतान एप्लिकेशन है, जो ग्राहकों को कैशलेस भुगतान विकल्प की सुविधा प्रदान करता है। फोनपे के माध्यम से भुगतान करने का विकल्प चुनने पर ग्राहकों को एक तेज़ और अधिक सुविधाजनक चेकआउट अनुभव मिलता है। फोनपे के साथ भुगतान करने का विकल्प दिल्ली हाट में व्यापारियों के जीवन को आसान बनाता है, क्योंकि अब उन्हें बहुत अधिक नकद रखने की जरुरत नहीं पड़ती है।

**फोनपे की इन जगहों में स्वीकृति पर विवेक लोहचेब, प्रमुख :-** ऑफ़लाइन व्यापार विकास, ने कहा, हमने दिल्ली में ग्राहक और व्यापारी द्वारा फोनपे को अपनाने के मामले में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है। दिल्ली हाट शहर में सबसे व्यापक रूप से देखे जाने वाले पर्यटक आकर्षण केंद्रों में से एक हैं और प्रवेश टिकट बुक करते समय डिजिटल भुगतान विकल्प की सुविधा अधिक विजिटर को आकर्षित करेगी। हम इन स्थानों पर लाइव जाने वाले पहले डिजिटल भुगतान एप्लिकेशन बनकर भी काफी खुश एवं उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि इन स्थानों पर आने वाले विजिटर को फोनपे द्वारा डिजिटल रूप से भुगतान करने की सुविधा प्राप्त होगी। इस महीने की शुरुआत में, फोनपे ने अपने एप पर 5 बिलियन लेनदेन की उपलब्धि हासिल की, जिसका मतलब है कि एक वर्ष में अभूतपूर्व रूप से 5 गुना वृद्धि हुई है। कंपनी के देश भर में 17.5 करोड़ से अधिक पंजीकृत यूजर हैं, और पूरे भारत में 80 लाख से अधिक व्यापारी आउटलेट फोनपे को स्वीकार करते हैं।

## इको ग्रीन पर संकट के बादल, हो सकती है ब्लैकलिस्ट

### शहर का कूड़ा उठाने वाली कंपनी इकोग्रीन को मेयर टीम ने दिखाए कड़े तेवर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित नगर निगम में इको ग्रीन के अधिकारियों की बैठक लेती मेयर टीम।

**लाख** प्रयास और दावे करके भी चाइना की कंपनी इको ग्रीन गुरुग्राम नगर निगम मेयर टीम व पार्षदों को अपने काम से संतुष्ट नहीं कर पा रही है। आये दिन कंपनी की कोई न कोई कमी सामने आती है, जिससे उसके काम पर सवालिया निशान लग रहे हैं। इसी बीच सोमवार को मेयर टीम ने कंपनी को आखिरी अल्टीमेटम देते हुये कहा कि अगर एक माह में कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा। गत दिनों कूड़ा उठाने के लिए नई गाड़ियां शुरू करने के समारोह में जहां विधायक सुधीर सिंगला ने कंपनी को काम में सुधार लाने के लिए आग्रह किया था, वहीं मेयर मधु आजाद ने अपनी इसी बात को नाराजगी भरे लहजे में रखा था। अब सोमवार को गुरुग्राम नगर निगम में इकोग्रीन प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मेयर टीम के तेवर काफी तीखे दिखाई दिए। मेयर मधु आजाद ने साफ तौर पर कहा कि कंपनी ने पिछले दो वर्षों के दौरान स्थिति को सुधारने की बजाए और अधिक बदतर बना दिया है। अब कंपनी को यह आखिरी अल्टीमेटम दिया जा रहा है।

अगर 31 जनवरी तक डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन सहित अन्य जिम्मेदारियों में सुधार लाए। सुधार नहीं होने की सूरत में कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कंपनी को कहा गया कि वह अपनी सुविधाओं को बेहतर करे, ताकि जनता को यह विश्वास हो कि कंपनी भविष्य में अच्छा कार्य कर पाएगी। फिलहाल शहर की स्थिति काफी बदतर है तथा जगह-जगह पर कचरे के ढ़ेर पड़े हुए हैं। घरों में कई-कई दिन तक गाड़ियां कूड़ा उठाने नहीं आती हैं और अगर आती भी हैं, तो सही तरीके से कूड़ा नहीं उठाती। गाड़ियां रूकती नहीं हैं तथा नागरिक डस्टबिन हाथ में पकड़े गाड़ियों के पीछे भागते रहते हैं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि बिना ढ़के कचरा ट्रांसपोर्ट को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी कवर्ड गाड़ियों में ही कूड़े को बंधवाड़ी लैंडफिल साईट पर लेकर जाएगी।

### मनमानी फीस वसूलने का भी कंपनी पर आरोप

**बैठक** में बताया गया कि इकोग्रीन कंपनी के कर्मचारी सरकार द्वारा निर्धारित यूजर चार्जिज की बजाए मनमानी फीस नागरिकों से वसूल कर रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति इसका विरोध करता है, तो कूड़ा नहीं उठाने की धमकी दी जाती है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी गलियों में जाने की बजाए, मुख्य गली से ही हॉर्न बजाती हुई निकल जाती है और नागरिक डस्टबिन उठाए गाड़ी के पीछे दौड़ते रहते हैं। बैठक में निगम पार्षद रविन्द्र यादव ने पालम विहार क्षेत्र में सरकार द्वारा निर्धारित यूजर चार्जिज से अधिक शुल्क वसूल करने का मामला रखा, जिसे इकोग्रीन प्रतिनिधियों ने फर्जी पर्ची करार दिया। इस पर मेयर ने कहा कि ऐसे मामलों में कंपनी संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाए। मेयर ने इकोग्रीन प्रतिनिधियों से कहा कि वे पिछले दिनों औचक निरीक्षण कर रही थी। इस दौरान ओल्ड जेल कॉम्पलैक्स क्षेत्र में पाया गया कि कर्मचारी कार्य नहीं कर रहे थे और कचरा उठान की पर्ची बोगस बनाई जा रही थी। बैठक में इकोग्रीन प्रतिनिधियों ने व्यवस्था में सुधार करने तथा विभिन्न मुद्दों को ठीक करने का आश्वासन दिया।

# भाजपा देश के वैध नागरिकों की नागरिकता छीनने की कोशिश कर रही: ममता

● राजनीतिक दलों, नागरिक संस्थाओं से भाजपा के खिलाफ हाथ मिलाने का किया अनुरोध

भाषा। पुरुलिया

**संशोधित** नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर बरसते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राजनीतिक दलों और नागरिक संस्थाओं से देशभर में भगवा पार्टी के खिलाफ हाथ मिलाने और उसे अलग-थलग करने का अनुरोध किया। कानून के खिलाफ पांच किलोमीटर लंबे विरोध मार्च के दौरान यहां एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा देश के वैध नागरिकों की नागरिकता छीनने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) का अद्यतन नहीं होने देंगी जिसे पहले ही उनकी सरकार ने रोक रखा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, मैं हर किसी से भाजपा के खिलाफ हाथ मिलाने और हर जगह उसे अलग-थलग करने की अपील करती हूं। राजनीतिक दलों, नागरिक संस्था समूहों और छात्र समुदाय को देशभर में विरोध करना चाहिए और पार्टी (भाजपा) को अलग-थलग करना चाहिए। वे हमारी स्वतंत्रता छीनना चाहते हैं। हम सा नहीं होने देंगे। संशोधित कानून का विभिन्न जगह विरोध कर रहे छात्रों को समर्थन देते हुए उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा कि जो लोग 18 साल के हो चुके हैं और अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं, किसी सरकारी नीति या निर्णय के खिलाफ विरोध को लेकर उनकी आलोचना क्यों की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, मैं (कानून का) विरोध कर रहे छात्रों को अपना समर्थन देती हूं। जब तक सीएए को वापस नहीं ले लिया जाता तब तक मैं अपना विरोध खत्म नहीं करूंगी। सिर्फ इतना पक्का कीजिए कि आपका नाम मतदाता सूची में हो। बाकी का काम मैं देख लूंगी। किसी को भी यह देश नहीं छोड़ना पड़ेगा। बनर्जी ने कहा कि जब तक वह जीवित हैं, किसी को भी देश नहीं छोड़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, आपकी (केंद्र) दिल्ली में चलती है। मत सोचिए कि राज्य (पश्चिम बंगाल) भी उसी लाइन पर चलेगा। हम बंगाल में न तो कभी सीएए लागू करेंगे और न ही कभी राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) को लागू करेंगे। आप जो करना चाहो कर सकते हो। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ 16 दिसंबर से पांच विरोध मार्च और दो रैलियां कर चुकीं बनर्जी ने कहा, जब तक मैं जीवित हूं, बंगाल में सीएए लागू नहीं किया जाएगा। किसी को भी देश या राज्य नहीं छोड़ना पड़ेगा। बंगाल में कोई निरोध केंद्र नहीं होगा।



सोमवार को पुरुलिया जिले में संशोधित नागरिकता अधिनियम के खिलाफ एक रैली के दौरान बच्चों के साथ बातचीत करती पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन जनवरी को जोधपुर में रैली को संबोधित करेंगे

भाषा। जयपुर

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह तीन जनवरी को नागरिकता संशोधन कानून के प्रति लोगो में जागरूकता फैलाने  के लिए जोधपुर में एक रैली को संबोंधित करेंगे। राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून को लेकर प्रदेशभर में जन-जागरण अभियान के तहत रैलियां शुरू हो गई हैं और इसी क्रम में तीन जनवरी को जोधपुर में एक ब ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन जागरण अभियान के तहत केंद्रीय गृहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की ब ी रैली को संबोंधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 50 हजार से भी ज्यादा लोग शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने शाह की रैली के लिए जोधपुर को इसलिए चुना है क्योंकि जोधपुर और उसके आसपास पाकिस्तान से आए बडी संख्या में हिन्दू विस्थापित रहते है और वे सीएए के समर्थन के लिए इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर सीएए के समर्थन में अभियान चलाया

भाषा। नई दिल्ली

**संशोधित** नागरिकता कानून (सीएए) के पक्ष में व्यापक समर्थन जुटाने के मकसद से भाजपा नेताओं ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसके समर्थन में अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कानून के समर्थन में इस अभियान के तहत सोमवार को आध्यात्मिक गुरु सदगुरु जग्गी वासुदेव का एक वीडियो पोस्ट किया।

मोदी ने ट्वीट किया, सीएए से जुड़े पहलुओं की स्पष्ट व्याख्या तथा और भी चीजें सदगुरू से सुनिए। उन्होंने तिहासिक संदर्भ का हवाला दिया है और हमारी भाईचारे की संस्कृति का बेहतरीन तथा शानदार तरीके से उल्लेख किया है। इसके साथ ही उन्होंने निहित स्वार्थ वाले कुछ समूहों की गलत सूचनाओं को बेनकाब किया है। प्रधानमंत्री की निजी वेबसाइट के ट्विटर हैंडल पर भी एक संदेश पोस्ट किया गया है जिसमें कहा गया है कि सीएए उत्पीड़न का शिकार हुए शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए है और इसमें किसी की नागरिकता लेने की बात नहीं की गई है। यह संदेश इंडिया सपोर्ट्स सीएए नामक हैशटैग से पोस्ट किया गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ट्वीट किया, तथ्यों का प्रसार करिए, झूठ का नहीं। पिछले छह वर्षों में 2830 पाकिस्तानी, 912 अफगान और 172 बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता दी गई। इनमें से कई उन देशों के बहुसंख्यक समुदाय से हैं। जावड़ेकर ने कई ट्वीट करके सीएए के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री के उस कथन को उद्धृत किया कि इसका किसी भी भारतीय नागरिक पर विपरीत असर नहीं होगा। भाजपा नेता जय पांडा ने कहा कि इस कानून का किसी भारतीय नागरिक पर विपरीत असर नहीं होगा। भाजपा ने सीएए को लेकर जागरुकता के प्रसार के लिए देशभर में 10 दिन तक अभियान चलाने का लान किया था।

### राष्ट्रद्रोही और मनुष्यता विहीन लोग ही सीएए का विरोध करेंगे : भाजपा विधायक

**इंदौर ( भाषा )।** देश के अलग-अलग भागों में संशोधित नागरिकता कानून 'सीएई के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहने के बीच मध्यप्रदेश की भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रद्रोही और संवेदनाओं एवं मनुष्यता से विहीन लोग ही इस कानून का का विरोध करेंगे। इंदौर जिले के महू विधानसभा विधानसभा क्षेत्र की प्रतिनिधि ठाकुर से जब सीएए को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों के बारे में पूछा गया तब उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, जिन्होंने इस संशोधन अधिनियम (सीएए) को न पढ़ा, न समझ और न जाना, वे ही लोग इसका विरोध कर रहे हैं, और मैं तो यह कहूंगी कि जो राष्ट्रद्रोही हैं, वे ही इस कानून का विरोध करेंगे। जिनकी संवेदनाएं मर चुकी हैं और जिनमें मनुष्यता नहीं है, वे ही लोग इसका विरोध करेंगे। मध्य प्रदेश में सीएए को लागू नहीं करने को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं की बयानबाजी पर प्रमुख विपक्षी दल की विधायक ने कहा, इस कानून को लागू न करना मुख्यमंत्री कमलनाथ के अधिकार क्षेत्र के बाहर की बात है। केंद्र सरकार को कानून बनाने का अधिकार है, जबकि इन कानूनों का पालन कराना राज्य सरकारों की संवैधानिक प्रतिबद्धता है।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले में मनियर बैक वाटर में प्रार्थना की।

# हिरासत में चार महीने तक रखे जाने के बाद पांच कश्मीरी राजनीतिक नेता रिहा

भाषा। श्रीनगर

● अधिकारियों ने बताया कि नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेताओं को रिहा किया गया है

**जम्मू** कश्मीर प्रशासन ने पिछले 148 दिनों से एहतियाती हिरासत में रखे गए पांच राजनीतिक नेताओं को सोमवार को एमएलए हॉस्टल से रिहा कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेताओं को रिहा किया गया है। अधिकारी इस बात को लेकर आश्वस्त हुए कि वे लोग अपनी रिहाई के बाद किसी आंदोलन में शामिल नहीं होंगे, ना ही कोई हड़ताल करेंगे। रिहा किए गए इन नेताओं में नेशनल कांफ्रेंस के इशफाक जब्बर और गुलाम नबी भट तथा पीडीपी के बशीर मीर, जहूर मीर और यासिर रेशी शामिल हैं।

रेशी पीडीपी के बागी नेता माने जाते हैं जिन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के खिलाफ बगावत कर दी थी। बाद में रेशी को पार्टी के जिला प्रमुख पद से हटा दिया गया।

नए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने 25 नवंबर को दो नेताओं - पीडीपी के दिलावर मीर और डेमोक्रेटिक पार्टी नेशनलिस्ट के गुलाम हसन मीर - को रिहा किया था। गौरतलब है कि पांच अगस्त को केंद्र ने जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने और इस राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने की घोषणा की थी। उस दिन से कई नेताओं को उनके घरों से स्थानांतरित कर अन्यत्र ले जाया गया था।

राजनीतिक बंदियों को सेंटूर होटल में रखा गया था और उन्हें नवंबर के तीसरे सप्ताह में एमएलए हॉस्टल भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 34 राजनीतिक बंदियों को डल झील किनारे स्थित होटल से हॉस्टल ले जाया गया था। श्रीनगर में कड़ाके की ठंड की परिस्थितियों और होटल में तापमान नियंत्रित करने वाले उपयुक्त उपकरणों के अभाव के मद्देनजर सा किया गया।

पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों - फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को भी नजरबंद रखा गया। फारूक पर जन सुरक्षा कानून 'पीएसए़ी की धाराएं लगाई गई हैं और उन्हें उनके आवास में ही रखा गया है जबकि उमर और महबूबा को शहर में अलग-अलग स्थानों पर रखा गया है। फारूक पर लगाए गए पीएसए की 15 दिसंबर को समीक्षा की गई थी तथा उन्हें और 90 दिन हिरासत में रखे जाने पर सहमति बनी थी।

## सत्ता में आने पर मुस्लिम शरणार्थियों को भी नागरिकता देगी कांग्रेस : पवन खेड़ा

भाषा। शिमला

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि सत्ता में आने पर उनकी पार्टी नागरिकता कानून में हाल में किए गए संशोधन में बदलाव करेगी और कानून के लाभार्थियों में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के मुस्लिम शरणार्थियों को भी शामिल करेगी। खेड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) से वह गैर मुस्लिम शब्द को हटा देगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार देश में महिला सुरक्षा और सुरक्षा में कमी और आर्थिक मंदी जैसे वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सीएए लेकर आई।

# डीजीसीए ने ई-शासन परियोजना के पहले चरण की सेवाएं शुरू की, स्वत: जारी होगा सीपीएल

भाषा। नई दिल्ली

● इस कदम से प्रत्येक वर्ष पायलट बनना चाह रहे 700 से अधिक लोगों को लाभ होगा

**विमानन** क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने सोमवार को ई-शासन (ई-जीसीए) परियोजना के पहले चरण की सेवाओं की शुरुआत की। इसके तहत कमर्शियल पायलट लाइसेंस 'सीपीएली अब स्वत: जारी होगा।

एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, स्वचालित रूप में सीपीएल-ए शुरू करने से इन लाइसेंसों को जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी और मैन्युअल हैंडलिंग और आवेदनों की प्रोसेसिंग खत्म हो जाएगी। इसमें कहा गया, इस कदम से प्रत्येक वर्ष पायलट बनना चाह रहे 700 से अधिक लोगों को लाभ होगा। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के ई-शासन (ई-जीसीए) के पहले चरण की सेवाओं की शुरुआत सोमवार को नागर विमानन मंत्रालय में सचिव प्रदीप सिंह खरौला ने की। इस अवसर पर डीजीसीए के प्रमुख अरूण कुमार और नागर विमानन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसकी शुरुआत के साथ ही फ्लाइट रेडियो टेलीफोनी परेटर्स लाइसेंस (एफआरटीओएल) के साथ कमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल-ए) और इंस्ट्रूमेंट रेटिंग स्वचालित हो गई है। विज्ञप्ति के अनुसार, आवेदनकर्ता अब खुद का पंजीकरण करने के बाद अपनी उड़ान का विवरण डीजीसीए के पोर्टल के जरिए विस्तार से भर सकेंगे। चीफ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर उप मुख्य फ्लाइट इंस्ट्रक्टर द्वारा उड़ान विवरण का सत्यापन कर देने के बाद आवेदनकर्ता सीपीएल-ए नलाइन जारी करने के लिए अपने आवेदनों को डीजीसीए के पास नलाइन जमा कर सकते हैं। इसके तहत आवेदन की जांच होने के बाद डीजीसीए क्यूआर कोड के साथ प्लास्टिक कार्ड के रूप में लाइसेंस जारी करेगा।

सीपीएल-ए जारी करने के अलावा महत्वाकांक्षी पायलटों के लिए वर्ग में नवीन चिकित्सा आकलन ई-जीसीए के जरिए किया जाएगा। इससे महत्वाकांक्षी पायलटों को चिकित्सा आकलन प्रमाण पत्र समय से दिया जा सकेगा। ई-जीसीए परियोजना सेवा प्रदाता के रूप में टीसीएस और परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता के रूप में पीडब्ल्यूसी के साथ लागू की जा रही है। अगले चरणों में डीजीसीए की अन्य सेवाएं भी स्वचालित हो जाएंगी। इस परियोजना से डीजीसीए की विभिन्न सेवाओं की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ेगी तथा डीजीसीए के सभी कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित होगी। ई-जीसीए परियोजना के वर्ष 2020 के अंत तक पूरा होने की संभावना है।

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु में जाली मुद्रा रैकेट का पर्दाफाश

**कोयंबटूर (भाषा)।** जाली मुद्रा के निर्माण और वितरण से संबंधित एक रैकेट का यहां पर्दाफाश हुआ है तथा आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि आरोपियों में द्रमुक का एक कार्यकर्ता भी शामिल है। गोपनीय सूचना के आधार पर अन्नूर यूनियन के सचिव और पूर्व द्रमुक विधायक एलांगो के पुत्र ई आनंदन के वडवली स्थित घर पर शनिवार को तलाशी ली गई। सूत्रों ने बताया कि आनंदन की अनुपस्थिति में उनके घर से एक हजार रुपए के बंद हो चुके नोट बरामद हुए। उन्होंने कहा कि जांच करने पर पता चला कि प्रतिबंधित एक हजार रुपए के नोट पर रखे थे और से 100 नोटों का बंडल बनाने के लिए उनके नीचे गुलाबी रंग का कागज रखा गया था। पुलिस के मुताबिक से 934 बंडल मिले। आवास से इन बंडलों के अतिरिक्त रुपए गिनने वाली मशीन, गुलाबी पाउडर का पैकेट, एक एअरगन और पेलेट जैसी चीजें भी बरामद हुई। उन्होंने कहा कि आनंदन और उनके दो सहयोगियों शेख और रशीद के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपियों को पक ने के लिए पुलिस के एक विशेष दल का गठन किया गया है।

### नगालैंड विधानसभा के अध्यक्ष विखो-ओय योशू का निधन

**कोहिमा (भाषा)।** नगालैंड विधानसभा के अध्यक्ष विखो-ओ-योशू का मुंबई के एक अस्पताल में सोमवार को निधन हो गया। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह पिछले कई महीनों से फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित थे। वह 67 वर्ष के थे। इस साल के शुरू में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के नेता योशू के फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित होने का पता चला जिसके बाद से उनका मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके परिवार में उनकी पत्नी तथा 10 बच्चे हैं। योशू कोहिमा जिले की दक्षिणी अंगामी-। निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। साल 2008 और 2013 में वह नगा पीपल्स फ्रंट (एनडीएफ) के टिकट पर जीते और कई विभागों में सलाहकार और संसदीय सचिव के तौर पर सेवा दी। वह 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले एनडीपीपी में शामिल हो गए। वह दक्षिणी अंगामी-। सीट से 2018 में लगातार तीसरी बार जीते और राज्य विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए।

# ड्रग विवाद के बीच गोवा के मंत्री ने कहा, राज्य ने सनबर्न से 250 करोड़ रुपए कमाए

भाषा। पणजी

**गोवा** में सनबर्न महोत्सव के दौरान बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विपक्षी दलों के आरोपों के बीच पर्यटन मंत्री मनोहर अजगांवकर ने सोमवार को दावा किया कि राज्य ने इस इलेक्ट्रॉनिक नृत्य संगीत महोत्सव से 250 करोड़ रुपए कमाए और इसे वर्ष में दो बार आयोजित किया जाना चाहिए।

मंत्री ने शुक्रवार से रविवार तक चले महोत्सव के इस साल के संस्करण के दौरान तीन लोगों की मौत के मामले की विस्तृत जांच का भी वादा किया। इससे पहले शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के रहने वाले दो लोगों की अस्पताल में मौत हो गई। उन्हें उत्तरी गोवा के वेगाटोर समुद्र तट पर सनबर्न कार्यक्रम स्थल के द्वार पर खड़े होने के दौरान बेचैनी के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार रात, बेंगलुरु के एक आगंतुक ने महोत्सव स्थल पर 'अत्यधिक बेचैनी' की शिकायत की, जिसकी मापुसा के एक अस्पताल में भर्ती कराए जाने के कुछ ही मिनट बाद मौत हो गई।

पुलिस ने इस मामले पर कहा कि वे पोस्टमॉर्टम रिपोर्टों की प्रतीक्षा कर रही है। वहीं विपक्षी कांग्रेस ने दावा किया कि इन मौतों का कारण 'मादक पदार्थों का अत्यधिक सेवन' हो सकता है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री प्रमोद कुमार सावंत पर गोवा में मादक पदार्थों की समस्या से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। वहीं पर्यटन मंत्री अजगांवकर ने मौतों की विस्तृत जांच का आश्वासन देते हुए सोमवार को कहा कि, सनबर्न महोत्सव में किसी प्रकार के मादक पदार्थ नहीं बेचे गए।

उन्होंने कहा, हमने यह सुनिश्चित किया था कि जो कोई भी महोत्सव में शामिल हो उसकी सघन तलाशी ली जाए। मंत्री ने दावा किया, लोगों ने (महोत्सव में) संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और तीन दिन के दौरान अकेले सनबर्न महोत्सव के चलते 250 करोड़ रुपए की कमाई हुई। आसपास के सभी होटल खचाखच भरे रहे। उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्यटन वर्गों ने दक्षिण गोवा में सनबर्न महोत्सव का दूसरा संस्करण आयोजित करने की मांग की है ताकि वहां की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले।




अमृतसर में अपनी कार्यशाला में नए साल के लिए विशेष रूप से बनाई गई पतंगों को प्रदर्शित करते जगमोहन कनौजिया

## एडवा सम्मेलन में सदस्यों ने साम्प्रदायिक राजनीति से लड़ने का संकल्प लिया

भाषा। मुंबई

**मुंबई** में सोमवार को आयोजित अल इंडिया डेमोक्रेटिक वुमेन एसोशिएसन (एडवा) के 12वें राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिनिधियों ने हिंदुत्व समूहों की महिला विरोधी एवं साम्प्रदायिक राजनीति के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया। सम्मेलन में नरेंद्र मोदी सरकार की सांप्रदायिक और मनुवादी विचारधारा का विरोध करते हुए यह दावा किया गया कि लंबे समय के संघर्ष के बाद महिलाओं ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, उसे पलटा जा रहा है। इस सम्मेलन में राजग सरकार द्वारा महिलाओं और विशेष रूप से अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासी समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा में तेजी से आई वृद्धि के बारे में चर्चा की गई।

# मेडिकल कॉलेजों में अब निजी क्षेत्र, प्रवासी भारतीय डॉक्टर भी पढ़ा सकेंगे

भाषा। नई दिल्ली

**एमबीबीएस** और स्नातकोत्तर के छात्रों को पढ़ाने के लिए मेडिकल कॉलेज अब अंशकालिक आधार पर प्रवासी भारतीयों सहित निजी क्षेत्र के डॉक्टरों की नियुक्ति भी कर सकेंगे। यह बात एक सरकारी अधिसूचना में कही गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए नियम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों 'एम्सी, पीजीआई चंडीगढ़ और पुडुचेरी स्थित जेआईपीएमईआर पर लागू नहीं होंगे, जिनकी स्थापना संसद से पारित कानूनों के तहत की गई है। चिकित्सा शिक्षा नियामक भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) की शक्तियां प्राप्त संचालन मंडल (बीओजी) का निर्णय निजी और सरकारी कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर करने पर केंद्रित है।

पुराना नियम निजी डॉक्टरों को मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने की अनुमति नहीं देता था। बीओजी ने अब चिकित्सा संस्थानों में शिक्षकों के लिए न्यूनतम योज्ञता पर मौजूदा नियमों में संशोधन कर एक नया खंड शामिल किया है। चिकित्सा संस्थान 'संशोधनी नियम 2019 में शिक्षकों के लिए न्यूनतम योज्ञता से संबंधित नियमों के अनुसार अंशकालिक आधार पर नियुक्त किए जाने वाले शिक्षकों को विजिटिंग फैकल्टी कहा जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि चिकित्सा संस्थानों में भारतीय समुदाय के समावेश को प्रोत्साहित करने के लिए विजिटिंग फैकल्टी के रूप में प्रवासी भारतीयों की नियुक्ति भी की जा सकती है।

# मुसलमानों के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित : नकवी

## ● नकवी का कहना है कि मुसलमानों को किसी कानून से चिंता करने जरूरत नहीं हैं

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी का कहना है कि मुसलमानों को किसी कानून से चिंता करने जरूरत नहीं हैं क्योंकि उनके सामाजिक, धार्मिक और संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हैं। उन्होंने रविवार को इस बात पर जोर भी दिया कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को लेकर कुछ राजनीतिक दलों की ओर से चलाया जा रहा फर्जी प्रचार बेनकाब होगा और सच्चाई की जीत होगी।

नकवी ने मुस्लिम समुदाय को भरोसा दिलाने वाली बात से वक्त की है जब देश के कई हिस्सों में सीएए और एनआरसी को लेकर विरोध हो रहा है तथा कई राजनीतिक दल एवं समूह यह आरोप लगा रहे हैं कि सीएए मुस्लिम विरोधी है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, भारत में मुसलमान मजबूरी में नहीं, बल्कि अपनी प्रतिबद्धता के साथ रह रहे हैं। उनके सामाजिक, धार्मिक और संवैधानिक अधिकार पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा, भारत और भारतीयों के डीएनए में सहिष्णुता और सौहार्द रचा-बसा है। नकवी ने कहा, जिस प्रधानमंत्री ने गरीबों को घर दिया हो और उनके घरों तक रोशनी पहुंचाई हो, वह गरीबों को कैसे बेघर कर सकता है?

मुस्लिम समुदाय ने 2019 में सिर्फ सीएए, एनआरसी और एनपीआर के कारण ही नहीं, बल्कि तीन तलाक विरोधी कानून को लेकर खुद को चर्चा के केंद्र में पाया। बहरहाल, इस साल अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के कई कार्यों एवं योजनाओं की भी चर्चा हुई। साल 2019 में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए मंत्रालय ने कई कदम उठाए। 80 लाख छात्रों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्तियां और 1.25 लाख से अधिक युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने 3 लाख गरीब, जरूरतमंद ल कियों को बेगम हजरत महल स्कॉलरशिप अलग से दी। मदरसों को मुख्यधारा की शिक्षा से जो ने के कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों के 750 से अधिक मदरसा शिक्षकों को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा मुख्यधारा की शिक्षा की ट्रेनिंग दी गई, जिनमें ब ी संख्या में महिला शिक्षक शामिल हैं। मंत्रालय ने अगले 5 वर्षों में 100 से ज्यादा हुनर हाट आयोजित करने का निर्णय लिया है जिसके माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के दस्तकारों, शिल्पकारों, पारम्परिक खानसामों को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे।

मोदी सरकार-2 के पहले 6 महीनों में ही प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर में 100 कॉमन सर्विस सेंटर स्वीकृत किए गए हैं जो जरूरतमंदों के लिए सिंगल-विंडो सहायता केंद्र की तरह काम करेंगे। इन सेंटर में आम लोगों को केंद्र-राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी भारत पूरी दुनिया का सा पहला देश बन गया है जहा हज 2020 सौ प्रतिशत डिजिटल प्रक्रिया से हो रहा है।

### उकसावे नहीं, शांति को प्राथमिकता मिलनी चाहिएः नकवी

**नई दिल्ली (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की`पाकिस्तानी जाने वाली टिप्पणी को लेकर ख` हुए विवाद की पृष्ठभूमि में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि हर स्तर पर उकसावा नहीं, बल्कि शांति प्राथमिकता होनी चाहिए। नकवी ने कहा कि अगर यह वीडियो सही है तो उचित कार्रवाई होनी चाहिए। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पुलिस अधिकारी कथित तौर पर यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि नागरिकता संशोधन कानून का विरोध करने वाले पाकिस्तान जा सकते हैं। नकवी ने कहा, सीएए के बारे में कोई गलत प्रचार नहीं होना चाहिए और उकसावे वाली कोई गतिविधि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, किसी भी स्तर पर उकसावा नहीं, बल्कि शांति प्राथमिकता होनी चाहिए। नकवी ने गत शनिवार को कहा था कि अगर वीडियो सही है तो पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। नकवी ने रविवार को कहा कि मुसलमानों को किसी कानून से चिंता करने जरूरत नहीं हैं क्योंकि उनके सामाजिक, धार्मिक और संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हैं।




मुंबई के लालबाग में वर्ष 2019 की महत्वपूर्ण घटनाओं के चित्रों के साथ बाल कलाकारों ने तस्वीरें खिंचवाईं

### पश्चिमी राजस्थान में टिड्डी हमले से हुए फसलों के नुकसान की गिरदावरी शुरू की जाएगी : गहलोत

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के पश्चिमी हिस्से में टिड्डियों के हमले से हुए फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए शीघ्र गिरदावरी (सर्वेक्षण) शुरू करने की सोमवार को घोषणा की। गहलोत ने सोमवार को धनौआ क्षेत्र का दौरा किया और अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने ने किसानो के साथ मिलकर टिड्डियों के हमले से हुए फसलों के नुकसान की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, फसलों को हुए नुकसान के आंकलन के लिए मैंने गिरदावरी शुरू करने के आज निर्देश दिए।

## केरल में गिरजाघर ने पेश की सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल, नमाज अदा करने के लिए खोले दरवाजे

**भाषा।** कोच्चि

**केरल** के कोथामंगलम के निकट एक गिरजाघर ने सांप्रदायिक सौहार्द की तिहासिक मिसाल पेश करते हुए अपने दरवाजे सीएए विरोधी प्रदर्शनों में भाग ले रहे सैकड़ों मुसलमानों के लिए खोल दिए ताकि वे नमाज अदा कर सकें। नमाज पढ़ाने वाले केरल के मुसलमानों के प्रभावशाली धर्मगुरू सैयद मुनव्वर अली शहाब थांगल ने बताया, कोथामंगलम में प्राचीन गिरजाघर के अधिकारियों ने जब हमें मगरिब की नमाज अदा करने के लिए जगह दी तो मैंने भारत की वास्तविक आत्मा को महसूस किया।

अल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस `एआईपीसी की केरल शाखा द्वारा आयोजित सेक्यूलर मार्च जब चेरिया पल्ली नाम से मशहूर गिरजाघर के निकट पहुंचा तो मगरिब`सूर्यास्त के ठीक बाद होने वाली नमाजी की नमाज पढ़ने के लिए कहा गया। एआईपीसी नेता मैथ्यू कुझलनादन ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों को नमाज पढ़ने में देरी न हो, इसके लिए गिरजाघर के प्राधिकारियों से संपर्क किया गया और उसने गिरजाघर के परिसर में नमाज अदा करने का अनुरोध किया गया।

उन्होंने कहा कि गिरजाघर के प्राधिकारियों ने तुरंत दरवाजे खोलकर अपने मुसलमान भाईयों का खुले दिल से स्वागत किया। गिरजाघर के मुख्य पादरी ने नमाज के लिए चटाइयों और माइक का इंतजाम किया। अल इंडिया मुस्लिम लीग (आईयूएमएस) पर नियंत्रण रखने वाले पनक्कड़ थांगल परिवार के सदस्य सैयद मुनव्वर अली शहाब थांगल ने कहा, गिरजाघर के प्राधिकारियों ने जो शिष्टाचार दिखाया – उसने हमारे बीच एक अलग तरह की भावना पैदा की – इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमने धर्मनिरपेक्षता और भारत की आत्मा को महसूस किया।

# डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजे गए अजय कुमार

## ● सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए ग्लोबल पीस यूनिवर्सिटी की पहल

**पायनियर समाचार सवा।** नई दिल्ली

**ग्लोबल** पीस यूनिवर्सिटी की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में वरिष्ठ समाजसेवी तथा पब्लिक हेल्थ एंड होलिस्टिक ह्यूमन डेवलपमेंट फाउंडेशन के चेयरमैन अजय कुमार को मानद पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि उनके विभिन्न सामाजिक कार्यों को देखते हुए दिल्ली के होटल सम्राट में आयोजित एक इंटरनेशनल सेमिनार में दिया गया।

गौरतलब है कि अजय कुमार पिछले एक दशक से स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं। उनके इस अभियान की सराहना में लगभग 60 से अधिक सांसदों ने पत्र लिखा। अजय कुमार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार लोगों की सेवा के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार सक्रिय हैं इसके अलावा कुमार स्वच्छता, पर्यावरण, जल संरक्षण, वित्तीय साक्षरता पर अनेक शिविर भी आयोजित करते रहते हैं। उनके इन्हीं सामाजिक कार्यों को देखते हुए विश्वविद्यालय की तरफ से उन्हें डॉक्टर ऑफ सोशल वर्क की उपाधि से सम्मानित किया गया। इससे पहले कुमार को एनडीएमसी ने स्वच्छता दूत बनाया तथा तत्कालीन गृहमंत्री द्वारा स्वच्छता पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार ने कहा कि इस तरह के सम्मान से सामाजिक क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का प्रोत्साहन मिलता है। अजय कुमार की इस उपलब्धि पर धीरज राय, रत्नाकर सिंह, सत्यम कुमार, आशीष कुमार आदि ने बधाई दी और उन्हें इसी तरह आगे कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। फाउंडेशन की सचिव तनुजा सिन्हा ने भी इसपर संतोष व्यक्त किया।



नई दिल्ली में सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए ग्लोबल पीस यूनिवर्सिटी द्वारा मानद पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया

## सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ आंदोलनरत संगठन ने कहाः मंदिर खुलने पर कड़ी सतर्कता बरतेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**सबरीमला** मंदिर के कपाट खोले जाने से एक दिन पहले सोमवार को एक संगठन ने कहा कि किसी भी प्रकार से धार्मिक भावना आहत न हो यह सुनिश्चित करने के लिए वह मंदिर और उसके आसपास कड़ी चौकसी बरतेगा।

केरल में स्थित प्रसिद्ध सरबीमला मंदिर को मकरविलक्कू उत्सव के लिए मंगलवार को खोला जाएगा। अखिल भारतीय सबरीमला कार्य परिषद (एआईएसएसी) मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति के खिलाफ आंदोलनरत है। एआईएसएसी ने सोमवार को इस बात पर राहत जताई कि हाल में (27 दिसंबर को) सम्पन्न हुए मंडलम उत्सव में भगवान अयप्पा के मंदिर में रजस्वला (10 वर्ष से 50 वर्ष) आयुवर्ग की किसी महिला ने प्रवेश नहीं किया। एआईएसएसी के महासचिव एस जे आर कुमार ने कहा कि परिषद को उम्मीद है कि उस मंदिर की पवित्रता, परम्पराओं, अनुष्ठानों और रस्मों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी जहां प्रतिष्ठापित भगवान एक ब्रह्मचारी योगी है।

कुमार ने कोच्चि से फोन पर पीटीआई भाषा से कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए मंदिर परिसर में और इसके आस पास सतर्कता बरतना जारी रखेंगे कि तीर्थयात्रियों की भावनाएं एवं धार्मिक आस्थाएं किसी भी प्रकार आहत नहीं हों। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की पांच दिसंबर की इस टिप्पणी पर खुशी जताई कि सभी आयुवर्ग की महिलाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति देने के संबंध में 2018 में दिया गया उच्चतम न्यायालय का फैसला अंतिम शब्द नहीं है और मामले को वृहद पीठ को सौंपा गया है।

कुमार ने कहा, मंदिर की पवित्रता की सुरक्षा के लिए कई श्रद्धालुओं ने सभी आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश को अनुमति देने के खिलाफ पिछले साल और इस साल विरोध प्रदर्शन किए। इस प्रकार के करीब 65,000 अयप्पा भक्तों के खिलाफ केरल की विभिन्न अदालतों में आपराधिक मामले चल रहे हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम न्यायालय में अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे कि भगवान अयप्पा का ध्यान भंग नहीं हों। कुमार ने कहा, यह कोई छोटा मामला नहीं है। इससे दुनिया भर में करोड़ों अयप्पा श्रद्धालुओं की भावनाएं जुड़ी हैं।



सबरीमाला मंदिर में मकर संक्रांति पूजा को लेकर मीटिंग के दौरान पुलिसकर्मी

## क्विक न्यूज

### चंबल के बीहड़ अब भैंस चोरी के लिए हो रहे कुख्यात

**भोपाल (भाषा)।** कभी दस्यु समस्या के लिए कुख्यात रहे चंबल के बीहड़ अब भैंस चोरी के लिए कुख्यात हो रहे हैं। पहले जहां डकैत फिरौती के लिए लोगों का अपहरण करते थे, वही अब फिरौती के लिए पशु चोर भैंस चुराने की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मध्य प्रदेश के चंबल क्षेत्र में चोरी की भैंस को वापस करने के बदले जो फिरौती वसूली जाती है, उसे स्थानीय भाषा में पनिहाई कहा जाता है। चंबल के मुरैना जिले में पुलिस ने इस साल भैंस चोरी के 23 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ भैंस चोरों के पास लाइसेंसी बंदूक तक है। उनका कहना है कि कई भैंस चोरों का तो राजनीतिक गलियारों में भी दबदबा है। मुरैना जिले में इस साल भैंस चोरी के 23 मामले दर्ज हुए है जो पिछले साल इस अवधि में दर्ज मामलों से छह अधिक है। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के लोकसभा क्षेत्र मुरैना जिले में 2017 में भैस चोरी के 14 मामले दर्ज हुए थे। मुरैना के जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने पीटीआई भाषा से कहा, मैंने पुलिस को भैस चोरी के मामलों को तुरंत दर्ज करने और शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, ताकि बिचौलियों को फिरौती लेकर मामलों का निपटारा करने का मौका न मिल सके। इस साल जिले में भैस चोरी की 23 घटनाओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भैस चोर को बख्शा नही जाएगा। चोरी की भैंस को वापस करने के लिए चोरों द्वारा मांगी जाने वाली फिरौती को स्थानीय बोली में पनिहाई कहा जाता है। सूत्रों का कहना है कि चोर बेहद मंहगी और लोकप्रिय नस्ल मुर्रा भैस को वापस करने के बदले में उसकी कीमत का 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा पनिहाई के तौर पर मांगते है।

### चलती ट्रेन के दरवाजे पर कलाबाजी दिखाने के चक्कर में 20 वषीय युवक की मौत

**ठाणे (भाषा)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चलती हुई लोकल ट्रेन के दरवाजे पर कलाबाजी दिखाने के चक्कर में एक बीस वषीय युवक की ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना पिछले गुरुवार को मुंब्रा और दिवा स्टेशन के बीच हुई। मृतक की पहचान दिलशाद नौशाद खान के रूप में की गई है। घटना के वक्त मृतक का दोस्त गाड़ी के डिब्बे में मौजूद था और कलाबाजी का वीडियो बना रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके वीडियो में खान कथित तौर पर फुटबोर्ड पर ट्रेन से बाहर लटक कर दरवाजे का हैंडल पकरे हुए था उसी समय वह रेल के किनारे स्थित खंभे से टकरा कर गिर परा। अधिकारी बताया कि खान एम्बुलेंस चालक के तौर पर काम करता था और मुंबई के गोवंडी से यहां कल्याण लौट रहा था। उन्होंने कहा, खान के गिरने के बाद उसके दोस्त ने उसे एक नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल के अधिकारियों द्वारा ठाणे में कलवा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

## विद्यार्थियों को अतिरिक्त ट्यूशन फीस जमा किया बिना ही परीक्षा में बैठने की अदालत से अनुमति मिली

**जबलपुर (भाषा)।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक निजी मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर (एमडी, एमएस) पाठ्यक्रम कर रहे 52 विद्यार्थियों को अतिरिक्त ट्यूशन फीस जमा किए बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है। याचिकाकर्ता विद्यार्थियों के वकील आदित्य सांघी ने कहा कि भोपाल स्थित एलएन मेडिकल कॉलेज ने प्रवेश और शुल्क नियामक समिति के अपीलीय प्राधिकरण के हालिया आदेश के आधार पर विद्यार्थियों से अतिरिक्त ट्यूशन फीस की मांग की थी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति नंदिता दुबे और न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने प्रवेश और शुक्ल नियामक समिति के अपीलीय प्राधिकरण के इस निजी कॉलेज की ट्यूशन फीस बढ़ाने के आदेश पर सोमवार को स्थगन लगा दिया। उन्होंने बताया कि राज्य के चिकित्सा शिक्षा के निदेशक के आदेश के आधार पर 11,55,000 रुपए प्रतिवर्ष फीस के आधार पर 52 विद्यार्थियों ने चिकित्सा शिक्षा के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अप्रैल 2019 में प्रवेश लिया। लेकिन कॉलेज ने अचानक दो सप्ताह पहले विद्यार्थियों से 31 दिसंबर 2019 के पहले एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल में 13,75,000 रुपए जमा करने के लिए कहा। कॉलेज ने कहा कि सा नहीं करने पर उन्हें जनवरी 2020 में आयोजित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत ने सचिव, अपीलीय प्राधिकारी, प्रवेश और शुल्क नियामक समिति, सचिव, प्रवेश और शुक्ला नियामक समिति, रजिस्ट्रार एलएन मेडिकल कॉलेज, एनएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल, निदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को चार सप्ताह के अंदर नोटिस का जवाब देने को कहा है।

## वर्ष 2019 को इंटरनेट पर मजेदार मीम्स के लिए याद किया जाएगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया पर नेटिजंस ने 2019 में अपने मजाकिया लहजे से समकालीन घटनाओं पर मजेदार टिप्पणियां करते समय किसी को भी नहीं बख्शा। बात चाहे प्रियंका चोपड़ा के उलझे हुए बालों की हो या पाकिस्तान को भारत से मिली हार पर पाकिस्तानी क्रिकेट प्रशंसकों की प्रतिक्रिया की हो या प्रधानमंत्री की टिप्पणी हो, सभी पर टिप्पणियां की गई और मजाक बनाया गया।

हंसी मजाक का यह दौर फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक पर देखने को मिला। हास्य सृजनशीलता के कई रूपों में देखने को मिला। इस हंसी-मजाक की शुरुआत जनवरी में गली ब्वॉय और उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक के संवादों से हुई और कई मजेदार मीम्स देखने को मिले। एक मीम कई प्लेटफार्म पर शेयर किया गया, जिसमें सवाल किया गयाः जब आप अपनी आम सर्दी के लक्षणों को इंटरनेट पर खोजते हैं। इसका गूगल ने जवाब दिया, मर जाएगा तू, जो गली ब्वॉय में आलिया भट्ट के किरदार का एक डायलॉग है।

मुंबई पुलिस ने अपने ट्विटर हैंडल पर साइबर सुरक्षा के बारे में एक पोस्ट शेयर किया। इसमें पूछा गया, मेरे कमजोर पासवर्ड को हैक किए जाने की आशंका कितनी है? जवाब में विकी कौशल की फिल्म उरी का एक जीआईएफ पोस्ट किया गया, जिसमें कहा गया, हाई सर। जानी-मानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जब मेट गाला के रेड कॉरपेट पर अपनी झिलमिलाती पोशाक, उलझे बालों और नुकीले चांदी के मुकुट में नजर आइ' तो लोगों ने जमकर उनका मजाक उड़ाया। एक मीम में उनकी हेयरस्टाइल के बारे में कहा गया, पूरी तरह शॉकफ्री लाइफ, हैवेल्स एमसीबी इस्तेमाल कीजिए और एक दूसरे में कहा गया, अंधेरी से बांद्रा तक रिक्शा में सफर करने के बाद मेरे बाल। इस दौरान सोशल मीडिया पर चुनौतियां भी खूब दी गई। से ही एक था- 10 इयर चैलेंज। इसमें अपनी एक 2009 की फोटो और एक 2019 की फोटो एक साथ पोस्ट करनी थी, ताकि यह पता चल सके कि उम्र का आप पर कितना असर हुआ है। लाखों लोगों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं।

आम आदमी की कमजोर आर्थिक स्थिति पर भी चुटकी ली गई। एक यूजर ने 2009 और 2019, दोनों में खाली पर्स की फोटो पोस्ट की। एक अन्य ने 2009 में एक परिवार को बच्चों के साथ खेलते हुए पोस्ट किया, जबकि 2019 में सभी अपने मोबाइल में लगे हुए थे। इस साल हमने आम लोगों को रातोंरात स्टार बनते हुए देखा। इनमें विपिन साहू शामिल हैं, जिनका मजेदार पैराग्लाइडिंग वीडियो दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया। वह डर की अवस्था में अपने इंस्ट्रक्टर को गाली देते हुए कहते हैं कि भाई 500 रुपए ज्यादा ले लो, लेकिन नीचे उतार दो। विश्व कप में भारत से हारने के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ियों का भी खूब मजाक बनाया गया। एक पाकिस्तानी नागरिक मोमिन साकिब का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया, जिसमें वह अपनी टीम की आलोचना कर रहे हैं। इस साल महाराष्ट्र के राजनीतिक ड्रामे पर भी खूब मीम बने।

कांग्रेस अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे का भी मजाक उड़ाया गया और एक यूजर ने इसे भाजपा के लिए अभी तक की सबसे बड़ी क्षति बताया। एक अन्य पोस्ट में लिखा गया, राहुल गांधी ने राहुल गांधी को अपना इस्तीफा दिया, लेकिन राहुल गांधी ने राहुल गांधी का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया और कहा कि मैं राहूल गांधी के साथ हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टीवी साक्षात्कार में कहा कि बालाकोट हमले के दौरान बादल और बारिश से पाकिस्तानी रडार भारतीय लड़ाकू विमानों का पता नहीं लगा पाएंगे। इस पर भी ट्विटर पर मजाक उड़ाया गया। हाल में सूर्य ग्रहण देखने का इंतजार कर रहे मोदी की फोटो पर मजेदार मीम्स बने। जब एक यूजर ने प्रधानमंत्री का ध्यान इस ओर खींचा तो उन्होंने जवाब में स्माइली के साथ ट्वीट किया, अत्यधिक स्वागत है, आनंद लीजिए।

## मकरविलक्कू उत्सव के लिए खुले सबरीमला मंदिर के पट

**सबरीमला (भाषा)।** सबरीमला में भगवान अयप्पा मंदिर के द्वार मकरविलक्कू उत्सव के लिए सोमवार शाम कड़ी सुरक्षा के बीच खोले गए। मंदिर के पट 41 दिवसीय मंडला तीर्थ उत्सव के समाप्त हो जाने के बाद 27 दिसंबर को बंद हो गए थे। मुख्य पुजारी ए के सुधीर नम्बूथिरी ने मंदिर के द्वार खोले और गर्भ गृह एवं 18 पवित्र सीढ़ियों पर अनुष्ठान किए जिसके बाद तीर्थयात्रियों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई। प्रधान पुजारी कंडारू महेश मोहनारु ने विभिन्न अनुष्ठानों का निरीक्षण किया। मकरविल्लकू उत्सव का आयोजन 15 जनवरी को होगा और मंदिर के द्वार 21 जनवरी को बंद कर दिए जाएंगे। मंदिर के दर्शन के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़े होकर इंतजार कर रहे हजारों श्रद्धालुओं ने स्वामीए शरणम्ए अयप्पा का उच्चारण किया। हालांकि सोमवार को कोई विशेष पूजा नहीं की गई। इस बार तीर्थयात्रा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। इससे पहले सभी आयु की महिलाओं को मंदिर में प्रवेश देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने के राज्य सरकार के निर्णय के खिलाफ श्रद्धालुओं ने पिछले साल व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किए थे। मकरविलक्कू उत्सव के लिए सबरीमाला में 1,397 पुलिस कर्मियों के नए दस्ते को तैनात किया गया है। इस समय मंदिर में एक त्वरित कार्रवाई बल और बम निरोधक दस्ते समेत 1,875 पुलिसकर्मी पहले से ही तैनात हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2019



# इस वर्ष का सिनेमा

## आम आदमी में छुपा नायक

**फिल्में** अपने समय का आईना कही जाती हैं। लेकिन सालों से देश का मुख्यधारा मनोरंजन मीडिया केवल कल्पनायें व नायकत्व पेश कर रहा था, जबकि आम आदमी अवस्थापना की भूलभुलैया में अपना रास्ता नहीं तलाश पा रहा था। 2019 ऐसा वर्ष है जब सिनेमा में आम आदमी को सुपरमैन बना दिया गया। इस वर्ष नायकत्व का विखंडन कर उसे रहस्यमयता से दूर किया गया और उसका निर्णय केवल योग्यता के आधार पर होने लगा। आयुष्मान खुराना के सफल शो में आम लोगों को दिखाया गया जो अपनी प्रसन्नता स्वयं तलाशने में लगे थे। आम आदमी ने अपने बंधनों से मुक्ति पाई और विभिन्न रूपों में वह जनता के सामने आया। लेकिन यथार्थ को महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप बदला भी गया। चाहे अंधाधुन में अनोखी योजनायें बनाने वाला व्यक्ति हो या बेरोजगारी के कारण फोन सेक्स आपरेटर बना नौजवान, खुराना ने उसे नई दुनिया में व्यवस्थित होने का अवसर दिया। ऐसे में थोड़ा गंजेपन से फर्क नहीं पड़ता है। मुकाबला ऐसी व्यवस्था से है जहां ईमानदारी का कोई स्थान नहीं है। फिल्मों ने पहचान की भावना भी मजबूत की। गली ब्वाय का मुराद विद्रोही होने के बजाय देश में तिरंगा फैलाने वाला मुस्लिम प्रदर्शनकारी है। हालांकि, वह अपनी जड़ों को भूलना नहीं चाहता है। इसी प्रकार सांड की आंख में दो महिला निशानेबाज अनेक प्रकार के पूर्वाग्रहों से संघर्ष करती हैं। भारत के मंगलयान अभियान के आधार पर बनी मिशन मंगल की महिला के सपने अंतरिक्ष युग के हैं। दोनों मामलों में भाग्य को स्वीकार करने के बजाय उससे संघर्ष किया जाता है। इन प्रति-विमर्शों में कबीर सिंह की आक्रामकता नए जोश के साथ हमारे सामने है। हालांकि, विशिष्ट स्थितियां




स्वीकार करने के बजाय यह भय के कारण पैदा आधीनता है।

समाज और सत्ता की राजनीति फिल्मों में समान रूप से सामने आई है। बहुसंख्यकवादी विमर्श ने आक्रामक राष्ट्रवाद को जन्म दिया है जिसे उरी: सर्जिकल स्ट्राइक, केसरी तथा मणिकर्णिका: झांसी की रानी में प्रदर्शित किया गया है। गैर-कांग्रेसवाद का प्रचार द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर या द ताशकंद फाइल्स के रूप में सामने है। फिल्मों के माध्यम से प्रचार हमेशा तत्कालीन अवस्थापना की मौन स्वीकृति होती है। स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रमुखता देने वाला समानान्तर सिनेमा अब राजनीतिक रूप से सही संदेश देने का प्रयास कर रहा है। सिनेमा में 'कला के लिए कला' की विभाजक रेखा धुंधली हो गई है और अब प्रचारात्मक सिनेमा पूरी ताकत से वापस लौट रहा है। वह सरकारी योजनाओं का प्रचार तक करने लगा है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह 'उदारवादियों, बुद्धिजीवियों व स्वतंत्र विचारकों' को समाहित करने का प्रयास है जिनमें से अनेक अपने ज्ञात राजनीतिक विश्वासों पर फिर खड़े होने लगे हैं। पहली बार ध्रुवीकरण फिल्म उद्योग में प्रवेश कर रहा है। वह हिंदू विजेताओं की याद हमें दिलाना चाहता है। समावेशी मंत्रों व व्यापक आकर्षण के कारण बालीवुड भावनात्मक राजनीति का औजार बन गया है। उसके पास अपना रास्ता तय करने के लिए धन शक्ति है और वह इसका प्रयोग पहले की तरह उम्मीद व आदर्शवाद पैदा करने के लिए कर सकता है। लेकिन कलाकारों को ब्रांड अम्बैसडर, आदि के माध्यम से अधिकारियों के समक्ष झुकना नहीं चाहिए। विरोध को पूरी तरह खारिज करने का अर्थ डिजिटल स्तर तक पहुंचना है जो लीला व घोल सीरीज़ से स्पष्ट है। यहां हास्य की भूख कामिक्स के माध्यम से पूरी की जा रही है। हालांकि, सिनेमा के लिए डिजिटल विस्तार एक अच्छी खबर है जहां विषयवस्तु अभिव्यक्ति के नए नए तरीकों से पेश की जा रही है। यह रचनात्मक अभिव्यक्ति का एक माध्यम है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्र में प्रगति जरूरी

हमारे निकटस्थ पड़ोसी अपनी सुरक्षा व्यवस्था व सेनाओं का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहे हैं। ऐसे में भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे का तेजी से विस्तार व सुदृढ़ीकरण करना होगा।

अनिल गुप्ता
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)





**एक** चुनाव से दूसरे चुनाव तक व एक साल से दूसरे साल तक हम भारतीय बेहतर स्थितियों की उम्मीद करते रहते हैं। हर साल अनेक नई उम्मीदों के साथ शुरू होता है, पर उसका अंत आमतौर से निराशाजनक होता है। लेकिन हाल ही में यह प्रवृत्ति बदली है। अब हमारे देश में ऐसी सरकार है जो केवल राष्ट्रीय मुद्दों को उछालने में ही विश्वास नहीं करती है, बल्कि मुद्दों के समाधान का प्रयास करते हुए अपने वादों पर चलती भी है, भले ही यह मामला चाहे जितना विवादास्पद ही क्यों न हो। उसका विश्वास 'समस्या टालने' में नहीं है। नया वर्ष शुरू होने जा रहा है और जनता को ऐसे परिवर्तनों की उम्मीद है जिनसे न केवल उनका जीवन बेहतर हो, बल्कि हमारा देश भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचे ताकि वह दुनिया में अपना उचित स्थान प्राप्त कर सके। सीमाओं पर तथा देश के भीतर सुरक्षित भारत अनेक भारतीयों की इच्छा है क्योंकि केवल सुरक्षित व संरक्षित राष्ट्र ही विकास पर ध्यान केन्द्रित कर सकता है जो जीवन में गुणात्मक परिवर्तन कर सकता है।

भारत महाशक्ति बनने के रास्ते पर चल रहा है। इसी कारण हमें राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक गठबंधन बनाने की दिशा में सावधानी से आगे बढ़ना होगा। हम दुनिया को वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ एकजुट करने में सफल हुए हैं, पर अभी दुनिया को इससे मुक्त करना है। मेरे विचार से देश-विदेश में आतंक के खिलाफ युद्ध 2020 में जारी रहेगा। दुनिया के स्तर पर स्थिति मजबूत करने के लिए हमें भारत को मजबूत सैनिक शक्ति बनाना होगा। हमें चीन व पाकिस्तान से पैदा होने वाले दुहरे खतरे से निपटने की तैयारी करनी होगी। इसके लिए हमें अपनी क्षमता का विस्तार करने के साथ उसे मजबूत करना होगा। निकट पड़ोस तथा देश के भीतर से पैदा होने वाले खतरे से निपटना हमारे निकट भविष्य में केन्द्रीय स्थान पर रहेगा। पाकिस्तान की नाभिकीय ब्लैकमेल को निष्प्रभावी बनाने के लिए हमें अपनी सेनाओं के आधुनिकीकरण के माध्यम से पाक सैनिक बलों पर अपनी परंपरागत श्रेष्ठता सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक विकासशील देश के सामने विकास बनाम सुरक्षा का द्वंद्व मौजूद रहता है। लेकिन जिन देशों ने सुरक्षा से समझौता नहीं किया वे समय बीतने के साथ मजबूत हो गए। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए का सफल आधुनिकीकरण तथा उसकी असाधारण प्रगति हमारे सामने एक उदाहरण है। हमें अपनी सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए लगातार एक दशक तक सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का कम से कम 2.5 से 3 प्रतिशत तक हिस्सा इस पर खर्च करना होगा।

मजबूत सेना के बिना कोई देश महाशक्ति होने का दावा नहीं कर सकता है। नई परंपरागत व गैर-परंपरागत चुनौतियों को देखते हुए वर्तमान कमियां दूर करने के साथ ही भावी आवश्यकताओं पर ध्यान देना होगा। हथियार खरीद व्यवस्था को सक्षम तथा जवाबदेह बनाना जरूरी है। हमें पड़ोस से उभरने वाली चुनौतियों से निपटने की तैयारी अवश्य करनी होगी। पड़ोस में किसी अस्थिरता का प्रभाव भारत पर भी पड़ेगा। हमें अपनी क्षमता बढ़ा कर क्षेत्रीय स्तर पर व समुद्र में हस्तक्षेप योग्य बनना होगा। उभरती महाशक्ति के रूप में भारत को अनेक स्थितियों से निपटना पड़ सकता है जिसके लिए उसके पास अनेक विकल्प होने चाहिए। परंपरागत क्षेत्र से लेकर नाभिकीय क्षेत्र तक हमें बहुआयामी उपयुक्त प्रतिरोधक तैयार करने होंगे जिनसे हम संपूर्ण सैनिक शक्ति बन सकेंगे।

अपनी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के बावजूद पाकिस्तान तथा चीन उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि के प्रति सचेत हैं। ऐसे में वे भारत के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध पर जोर दे सकते हैं। इसमें टैक्टिल युद्ध के साथ नुकसान पहुंचाने के अन्य तरीके भी शामिल हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय विवादों के रणनीतिक आयामों पर प्रभाव पड़ सकता है। अक्सर की जाने वाली इस प्रकार की कार्रवाइयों से युद्ध भड़कने का खतरा पैदा हो जाता है। किसी प्रकार के युद्ध की प्रतिक्रिया केवल सैनिक न होकर सामूहिक होती है। इसमें आर्थिक व राजनीतिक आयाम शामिल हं। इस प्रकार बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए हमें बहुआयामी कदम उठाने होंगे। हाइब्रिड युद्ध तथा नुकसान पहुंचाने के अन्य तरीकों या ग्रे-ज़ोन टकराव को समरूप माना जाता है, पर ऐसा नहीं है। दूसरी ओर भारत को खासकर पूर्वोत्तर क्षेत्र व अपने पड़ोस में चीन के 'असीमित युद्ध' की धमकी से भी निपटना होगा। दूसरी ओर हमें गैर-परंपरागत तरीकों तथा गैर-राज्य कारकों को शामिल कर हाइब्रिड युद्ध का खतरा है। यह खतरा उत्तरी व पश्चिमी सीमाओं पर अधिक गंभीर है।

जहां हाइब्रिड युद्ध रणनीतिक इरादे से किया गया ग्रे-ज़ोन टकराव है, वहीं ग्रे-ज़ोन टटराव टैक्टिकल व आपरेशन स्तर पर गतिविधियों वाला हाइब्रिड युद्ध है जिसका उद्देश्य हमारे देश को टुकड़ों में तोड़ना है। इस प्रकार 2020 मे सरकार को इन दोनों खतरों से निपटने के लिए रणनीतियां व प्रक्रियायें बनानी होंगी। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ-सीडीएस की बहु-प्रतीक्षित नियुक्ति इस दिशा में पहला कदम है। न केवल चयन, बल्कि सीडीएस की अवधारणा नई है और इसे स्थाई बनने में कुछ समय लगेगा। भारतीय सशस्त्र सेनाओं का 'बदलाव' आसान नहीं होगा। सरकार को इस प्रक्रिया को गति देने के लिए साहसी निर्णय लेने होंगे। रक्षा मंत्रालय में नौकरशाही-नीत मंत्रालय तथा सशस्त्र बलों के बीच खाई चौड़ी हो गई है। यहां पेशेवर सलाहकार को आमतौर से नौकरशाह खारिज कर देते हैं। सरकार को यह स्थिति समाप्त करने के लिए साहसी कदम उठाने चाहिए। तीनो सेनाओं के प्रमुखों और सीडीएस के बीच पूर्ण संतुलन तथा पेशेवर योग्यता का सम्मान होना चाहिए। इसके पीछे 'समकक्षों में प्रथम' का विचार है। सीडीएस तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए के चार्टर में स्पष्ट विभाजक रेखा होनी चाहिए। इस विचार की सफलता के लिए राजनीतिक पदानुक्रम का पूरा समर्थन होना चाहिए जो अब तक नौकरशाही के पक्ष में झुका रहा है।

महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में अपना दावा पेश करने के लिए हमें सुनिश्चित करना होगा कि सेना के पास समुचित संसाधन हों तथा हमारे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हितों व महत्वपूर्ण ठिकानों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। हमें अपने सुरक्षा ढांचे में कमजोरियों की पहचान करने तथा उनको दूर करने की आवश्यकता है। इसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धान्त बनाया जाना चाहिए जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा हो रही है। इस सिद्धान्त की अनुपस्थिति में सरकार के विभिन्न अंग व अन्य पक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने आ रहे खतरों व चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित प्रतिक्रिया नहीं कर पाते हैं। इस सिद्धान्त से राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का विकास होगा। इससे सरकार में विभिन्न पक्षों को 'साधन व लक्ष्य' विश्लेषण में आसानी होगी तथा विभिन्न मंत्रालय अपने लिए लक्ष्य निर्धारित कर सकेंगे। उम्मीद है कि 2020 में बहु-प्रतीक्षित राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धान्त मूर्त स्वरूप धारण करेगा।


देश में आंतरिक सुरक्षा की स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ रही है। हाशिए पर पड़े कुछ चरमपंथी समूह सिर उठा रहे हैं जिससे शांति, सद्भावना व सांप्रदायिक सामंजस्य को खतरा पैदा हो सकता है। पापुलर फ्रंट आफ इंडिया-पीएफआई एक बड़ा खतरा बन रही है। उसकी राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया-एसडीपी आई को दक्षिणी राज्यों में काफी समर्थन प्राप्त है और अब वह पूर्वी राज्यों में भी अपना प्रभाव बढा रही है। पीएफआई तथा विभिन्न अवैध आप्रवासी संगठनों के बीच बढ़ते संबंध चिन्ता का एक और कारण है। दक्षिण भारत में बढ़ते उग्रवादीकरण में पीएफआई का बड़ा हाथ है।

जहां तक जम्मू कश्मीर का सवाल है, पाकिस्तान समस्यायें पैदा करना नहीं छोड़ेगा क्योंकि राज्य-प्रायोजित आतंकवाद उसकी नीति का हिस्सा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना अकादमी देहरादून में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के डीप स्टेट को समग्र रूप से परिभाषित किया। उन्होंने कहा था, 'राज्य नीति के रूप में आतंकवाद के समर्थन के साथ ही उस देश में अनेक गैर-राज्य कारक इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि राज्य कारक उनके सामने केवल मुहरे बन कर रह गए हैं।' पाकिस्तान समस्यायें पैदा करना जारी रखेगा। इसके साथ ही राज्य में जमीनी स्तर कार्यकर्ताओं-ओजीडब्लू नेटवर्क काफी मजबूत है। आतंकवाद व उग्रवाद को समाप्त करने के लिए हमें इस पर नियंत्रण करना होगा। कश्मीर में पूरी स्थिति बहुत बुरी तरह उलट गई है। ओजीडब्लू इस व्यवस्था का बड़ा हिस्सा है, पर उसे पहचानना तथा अलग-थलग करना बहुत कठिन है। वे राज्य के सभी अंगों में घुसपैठ कर चुके हैं। उनमें से अधिकांश दोमुंहे चेहरे वाले हैं। समूह की आवश्यकता को देखते हुए वे कट्टर राष्ट्रवादी तथा उस परिवेश से अलग होने पर जिहादियों के कट्टर समर्थक बन जाते हैं। वे उसी हाथ को काटने की कला में माहिर हो गए हैं जो उनको भोजन देता है। वर्तमान समय में कश्मीर में व्याप्त तुलनात्मक शांति को सतही तौर से नहीं देखा जा सकता है। स्थाई शांति के लिए वर्ष 2020 में ओजीडब्लू को नेस्तनाबूद करना है क्योंकि अनुच्छेद 370 समाप्त करने का यही चरम लक्ष्य है।

# तेजी से बढ़ता उपभोक्ता वस्तुओं का क्षेत्र

> बाजार की परिवर्तनशील गतिशीलता ऐसे बहुत से उत्पाद लेकर आती है जो उपभोक्ता की पसंद और ध्यानाकर्षण के लिए प्रतिस्पर्धारत होते हैं। 2020 में बाजार रुझानों पर दृष्टि डालनी होगी।

अमरिंदर सिंह
(लेखक एक फूड कम्पनी के निदेशक हैं)



**भा**रत का तेजी से बढ़ता उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र में पिछले दो दशकों के दौरान उल्लेखनीय रूपांतरण हुआ है। इसे बढ़ते आय के स्तर, नगरीकरण एवं उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव के चलते बढ़ावा मिला है। सामान्यत:, विमुद्रीकरण तथा वस्तु एवं सेवाकर प्रणाली लागू होने के बाद उद्योग क्षेत्र भावना सकारात्मक और आशावादी रही है। ग्रामीण उपभोग ने आधुनिक खुदरा क्षेत्र के अगले पांच वर्षों में तीन गुना हो जाने के अनुमानों के साथ उद्योग की अपेक्षाओं को पीछे छोड़ दिया है। जीवन शैली पसंदों में महत्वपूर्ण बदलाव साथ ही साथ खर्च होने योग्य आय में अच्छी खासी बढ़ोतरी ने इस वृद्धि को बल प्रदान किया है।

बाजार की परिवर्तनशील गतिशीलता ऐसे बहुत से उत्पाद लेकर आती है जो उपभोक्ता की पसंद और ध्यानाकर्षण के लिए प्रतिस्पर्धारत होते हैं। 2020 में तेजी से बढ़ते उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र बाजार रुझानों पर दृष्टि डालनी होगी। डिजिटलीकरण का प्रभाव देखने को मिलता है। स्मार्टफोन एवं इंटरनेट का प्रचलन बढ़ने का परिणाम, खासकर ग्रामीण इलाकों में, लोगों को ई-वाणिज्य के माध्यम से दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति तक पहुंच आसान बना देगा। सरल मोबाइल भुगतान विकल्पों के उपलब्ध होने का परिणाम टियर-2 और टियर-3 शहरों से आने वाले आदेशों की संख्या में बढ़ोतरी के रूप में सामने आया है, जो लोगों को अपने दरवाजे पर समय से वस्तुएं उपलब्ध होने की सुविधा प्रदान करता है।

व्यापार अनेक रास्ते होने चाहिए। इससे खरीदारों को सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से खरीदारी करने में सुविधा होगी क्योंकि वे फेसबुक, यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर काफी समय बिताते हैं। इससे लोग खरीदारी के अनुभवों का आदोन-प्रदान भी कर सकते हैं। इससे ग्राहकों को मनोरंजन व खरीदारी दोनों का आनंद मिलेगा। फ्लिपकार्ट व अमेजन जैसे परम्परागत तरीकों से साथ ही ग्रोफर व बिग बास्केट के सुपर मार्केट ऐप भी बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। डी-2सी बिजनेस मॉडल भी बहुत लोकप्रिय है, जो सीधे विक्रेताओं व निर्माताओं से खरीद का अवसर देता है और उनमें कोई बिचौलिया भी नहीं होता। इस उद्देश्य से अनेक ई-वाणिज्य वेबसाइटें बन गई हैं जिनसे खरीदार काफी बचत भी कर सकते हैं।




इन दिनों प्रयोगकर्ताओं के बीच संवाद स्थापित करने के लिए उसी उत्पाद पर विस्तृत बातचीत व समीक्षा में महत्वपूर्ण रूप धारण किया है। अनेक ब्रांड अपना समुदाय बनाने के लिए मार्केटिंग रणनीतियां बना रहे हैं जहां वे उत्पाद में दिलचस्पी लेने वाले लोगों को समान सामाजिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक आयामों से जोड़ने का प्रयास करते हैं। इससे संवाद थोड़ा व्यक्तिगत हो जाता है, पर, यही बात ग्राहकों की देखभाल करने वाले प्रतिनिधियों पर भी लागू होती है। अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों ने कुछ नए तरीके निकाले हैं, जिससे वे भारतीय बाजार की मांग पर उत्पाद तैयार कर रहे हैं। इसमें स्थानीय व घरेलू निर्माणकर्ताओं को शामिल किया गया है, जो गुणवत्ता से समझौता किए बिना सस्ते विकल्प सुझा रहे हैं, जबकि इसके साथ विदेशी ब्रांड प्रयोग करने का संतोष बना रहता है।

ग्राहकों का व्यवहार कोई स्थायी पैटर्न नहीं है, लेकिन वर्तमान समय में कुछ पैटर्न देखे जा सकते हैं, जिनसे हमारा ध्यान उन तरीकों की ओर जाता है जहां उपभोक्ता पैसे खर्च करते हैं। अतीत एवं वर्तमान के आंकड़ों की तुलना करने से उपभोक्ता व्यवहार की उन प्रवृत्तियों का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है जो 2020 में प्रमुख होंगी। उनमें से एक ग्राहकों द्वारा फैमिली पैक व कांबो आफर पसंद करना है क्योंकि इससे किराने की दुकान तक जाने से मुक्ति मिलती है। ग्राहकों के व्यवहार के अन्य मानकों में शामिल है कि वे रैडी टू ईट स्नैक्स, वेलनेस उत्पाद, आर्गेनिक व प्रीमियम गुणवत्ता उत्पाद बहुत पसंद करते हैं। इन प्रवृत्तियों से संगति बनाए रखने के लिए प्रत्येक तेजी से बढ़ते उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र को सक्रिय कदम उठाने चाहिए ताकि बाजार में उनके ब्रांड की छवि बने व लंबे समय तक कायम रहे।

उपभोक्ताओं की पसंद के बारे में व्यापक रणनीतियां बनाना आवश्यक है क्योंकि आज के खरीदार अनेक सूचनाओं से लैंस हैं तथा उत्पाद खरीदने के निर्णय लेने में उनका प्रयोग करते हैं। इन दिनों उपभोक्ता उत्पाद के संघटक तत्वों, उसके कार्बन पाद चिन्ह व स्वास्थ्य लाभ आदि भी देखते हैं। उत्पादों की खरीद बिक्री के मामले में यह महत्वपूर्ण है। वर्तमान अत्यधिक दृश्य जगत में ग्राहक आकर्षक उत्पाद खरीदते हैं, और यदि पसंद आ जाए तो वे उसे दोबारा भी खरीदते हैं। इसलिए तेजी से बढ़ते उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र कम्पनियों को पैकेजिंग पर ध्यान देना चाहिए।

ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए डिजिटल रणनीति आवश्यक है, क्योंकि वे ब्रांडेड उत्पादों को वहां तलाश करते हैं। भारी मात्रा में आंकड़े उपलब्ध होने के कारण वर्तमान बाजार मांग का विश्लेषण करना तथा उनकी बिक्री के संबंध में आधिकारिक संकेत प्राप्त करना आवश्यक हो गया है। किसी ब्रांड या कम्पनी को बाजार में बने रहने के लिए गंभीर शोध की आवश्यकता होती है। वर्तमान प्रवृत्तियों की जानकारी रखने वाली कम्पनी को लाभ संबंधी निर्णय लेने में आसानी होती है। इससे वह उचित संख्या में उत्पाद तैयार कर सीधे खरीदारों के बाजार में प्रवेश कर सकती है, बशर्ते कि उसके उत्पादों की शेल्फ लाइफ बहुत लंबी न हो। आकड़ों से ग्राहकों के बारे में जानकारी प्राप्त करना तथा कम्पनियों का यह पूर्वानुमान लगाना आसान हो जाता है कि भविष्य में उपभोक्ताओं की प्रवृत्ति कैसी रहेगी और वे अपने प्रतिस्पर्धियों को कैसे पीछे धकेल सकेंगे।

## आप की बात

### उग्र धर्मवाद का परिणाम

**भारतीय** समाज में जिसका मूलमंत्र ही संतोषम् परमम् सुखम् है, उग्र धर्मवाद व धार्मिक वैमनस्यता की रागिनी ज्यादे दिन तक नहीं गाई जा सकती, न धार्मिक वैमनस्यता का पकौड़ा ज्यादे दिन तक तला जा सकता है, भारतीय समतामूलक समाज में धार्मिक व जातीय सह अस्तित्व का यहां ये आलम है कि यहां यह बात केवल बातों तक सीमित नहीं है, अपितु यह भारतीय जनमानस ने करके दिखाया है, मसलन यहां की सहृदय जनता ने यहां अनवरत रूप से आए हूंण, मंगोलों, तुर्कों, कबाइलियों, मध्य एशिया से आए तातारों, पुर्तगालियों, ईसाईयों आदि सभी को अपने समाज में बढ़िया ढंग से रचा-बसा लिया है। आज भारतीय समाज में दुराग्रह पैदा करने के लिए जी-जान से ० कोशिश की जा रही है,जिसका एक छोटा सा प्रयोग 2002 में गुजरात राज्य रूपी प्रयोगशाला में गोधरा के माध्यम से किया गया था, उसी प्रयोग को आजकल संपूर्ण देश में लागू करने का भरपूर कोशिश की जा रही है, परन्तु इस कुकृत्यपूर्ण प्रयोग को झारखंड की जनता ने जोरदार तमाचा जड़कर इसके कुटिल खलनायकों को करारा जबाब दे दिया है। राम के नाम का सहारा लेकर ये कथित अनुयायी आज निरपराध लोगों की हत्याएं करने वाले लोग हैं।

– **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद

### इंटरनेट पर निर्भरता

**उत्तर** प्रदेश में नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रर्दशन के कारण कई शहरों में इंटरनेट सुविधा पर रोक लगा दी गई। कहते हैं कि जब किसी आदत की लत लग जाती है तो वह हमारे जीवन का एक हिस्सा बन जाती है ठीक वैसे ही आजकल इंटरनेट पर हम इतने निर्भर है कि वह हमारे जीवन का हिस्सा ही बन गया है। मानो इंटरनेट के बिना जीवन में स्थिरता सी आ गई हो। आखिर हो भी क्यों ना हमारे जीवन का हिस्सा हर छोटे से बड़े कार्य जैसे बिजली बिल, गैस बुकिंग, रेलवे टिकट, पैसे का लेन-देन ,लोकल कन्वेंस बुकिंग, मोबाईल टीवी रिचार्ज शापिंग आदि सभी कार्यो को हम सभी इस डिजिटल दुनिया में आनलाइन ही करने का प्रयास करते हैं। साथ ही पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने में किये गये प्रयासों ने इसको और संबल प्रदान किया है। इंटरनेट का बहुतायत उपयोग तो सोशल मीडिया की साइट्स फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्स एप, यूट्यूब, आदि में होता है। इन साइट्स के बिना तो जिंदगी अधूरी है। आजकल घर पर बैठे व्यक्ति से बात हो ना हो पर इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के द्वारा सैकड़ों मील दूर बैठे व्यक्ति से प्रतिदिन बात करना हमारी आदत में आ चुका है।

– **अभिनव दीक्षित**, बांगरमऊ, उन्नाव

### यातायात अव्यवस्था

**पिछले** कई दिनों से सरिता विहार से वाया कालिंदी कुंज नोएडा आने जाने वालों के लिए भारी कठिनाई पैदा हो गई है। उनके लिए यह रूट बंद कर रखा है और हजारों वाहन चालकों को नोएडा जाने के लिए वाया आश्रम से डीएनडी रूट के माध्यम से जाना पड़ रहा है। इस तरह रास्ता बंद करने से पहले इसके परिणामों के बारे में विचार अवश्यक किया जाना चाहिए था। बिना सोचे समझे करने का परिणाम लोग भुगत रहे हैं। इससे यात्रियों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोगों का समय, तेल और ऊर्जा व्यर्थ में नष्ट हो रही है । यह सब दिल्ली की ट्रैफिक पुलिस को व्यवस्था सुधारने के लिए उचित कदम उठाने चाहिएं। सीएए एनआरसी के विरोध के नाम पर आमजनों के लिए कठिनाई पैदा करना समाज के वर्ग विशेष की दुराग्रह पूर्ण मनोदशा को दर्शाता है । कानून हाथ में लेकर धरना प्रदर्शन के नाम पर रोड ब्लाक करने वाले कठोर दंड के भागीदार हैं। कालिंदी कुंज रूट की यातायात व्यवस्था बाधित होने से आम आदमी हलाकान हैं।

–**युगल किशोर**, खांबी, फरीदाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**नेता** भीड़ से उभरते हैं। लेकिन वे नेता नहीं होते जो भीड़ को गलत दिशा में ले जाते हैं।

– **जनरल विपिन रावत**
सेना प्रमुख

**जिस** प्रकार नेता सेना को लड़ने का तरीका नहीं बता सकते हैं, उसी प्रकार सेना का काम राजनेताओं को उनकी दिशा बताना नहीं है।

– **पी. चिदम्बरम**
कांग्रेस नेता





**देश** में संविधान बचाने की भावना का प्रचार करना जरूरी है। इसके लिए हमें नौजवानों से संवाद स्थापित करना होगा।

– **सचिन पायलट**
राजस्थान के उप मुख्यमंत्री



हिन्दी संस्थान के स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह का दीप जलाकर उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के साथ सम्मानित साहित्यकार

# अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें: केशव

**● उप मुख्यमंत्री ने सुनी लोगों की पीड़ा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जन समस्याओं का निस्तारण पूरी गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये हैं। श्री मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7 कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनीं व उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति से किया जाय तथा निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाय। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति से करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। अधिकारी शासन की प्रतिबद्धताओं व जन आकांक्षाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही या हीलाहवाली किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी। जनता दर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, सड़क, अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, ऋण माफी अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के प्रकरण आये। । इसी तरह अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। जनता दर्शन में बस्ती, मऊ, सोनभद्र, गोरखपुर, फतेहपुर, शामली, संत कबीर नगर, कानपुर देहात, रायबरेली, गाजीपुर, प्रयागराज, कौशांबी, आगरा, लखनऊ, हरदोई, चित्रकूट, प्रतापगढ़, सीतापुर, बांदा, बाराबंकी, उन्नान, संभल आदि जिलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं । उपमुख्यमंत्री ने भदोही व फतेहपुर के जिलाधिकारियों तथा बलरामपुर ,रायबरेली व गाजीपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी समस्याओं के निस्तारण के संबंध में दूरभाष पर वार्ता भी की। इसके साथ ही उपप मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि नियमानुसार सभी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# विधानमंडल का विशेष सत्र आज

**● अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण की अवधि को 10 साल बढ़ाने के प्रस्ताव पर सदन की ली जाएगी मंजूरी**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंगलवार** को हो रहे विधान मंडल के विशेष सत्र को लेकर विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। दीक्षित ने बताया कि 31 दिसम्बर को प्रश्नकाल नहीं होगा। सत्र के प्रारम्भ में ही संसद द्वारा पारित संविधान एक सौ छब्बीसवां संशोधन विधेयक 2019 के संकल्प पर विचार के लिए प्रस्तुत किया जायेगा। विचारोपरांत इसका पारण किया जायेगा।

इस विशेष सत्र में अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण की अवधि को 10 साल बढ़ाने के प्रस्ताव पर सदन की मंजूरी ली जाएगी। आरक्षण की यह अवधि खत्म होने वाली है। लोकसभा और राज्यसभा में आरक्षण की अविध बढ़ाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। इसके बाद राज्यों के विधानमंडलों से इस प्रस्ताव पर मंजूरी ली जाएगी।

स्पीकर ने बताया कि उक्त संकल्प पर विचार एवं पारण के अतिरिक्त विधान सभा में नियम-51, नियम-301 एवं याचिकाओं को भी लिया जाएगा। उन्होंने सभी दलीय नेताओं से सदन के सुचारू रूप से संचालन के लिए अनुरोध किया। सभी दलीय नेताओं ने अपना सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं समाजवादी पार्टी के उप मुख्य सचेतक शैलेन्द्र यादव ललई, बहुजन समाज पार्टी के नेता लाल जी वर्मा, अपना दल सोनेलाल के नेता नील रतन पटेल एवं सुहेलदेव पार्टी के नेता ओम प्रकाश राजभर एवं वरिष्ठ मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, रमापति शास्त्री, लक्ष्मीनारायण चौधरी, सिद्धार्थनाथ सिंह, गुलाब देवी एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य फ तेह बहादुर सिंह उपस्थित रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे एवं संसदीय कार्य विभाग के विशेष सचिव कौशलेन्द्र यादव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी 'नागरिकता सत्याग्रह' करेगी: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों और गरीबों के साथ एक भी वादा नहीं निभाया है। पूरे समय वे झूठ और भ्रम के सहारे अपनी राजनीति चलाती रही हैं और आज भी वही हालात हैं। भाजपा नेता तो लोक लुभावन बातें करने के मास्टर हैं। उनका ताजा बयान है कि युवा अराजकता को नापसंद करते हैं। हकीकत यह है कि भाजपा सरकार ही अराजकता को आमंत्रित करती है। अव्यवस्था फैलाना उसका एजेण्डा है। देश भर में नोटबंदी, जीएसटी के बाद एनआरसी, सीएए, एनपीआर जैसे कदमों से देश में अव्यवस्था हिंसा और अराजकता ही बढ़ी है। इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। अखिलेश ने कहा कि इसके विरोध में समाजवादी पार्टी 'नागरिकता सत्याग्रह' करेगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में 1895 ई. में इमीग्रेशन लॉ संशोधन बिल में भी तमाम प्रतिबंध थे जिसे 'खूनी कानून' बताते हुए गांधीजी ने इसके खिलाफ सत्याग्रह 'पैसिव रेजिस्टेंस' का अभियान छेड़ दिया था।

महात्मा गांधी ने 11 सितम्बर 1906 को दक्षिण अफ्रीका के शहर नटाल के नाट्य सभागार में आयोजित एक सभा में कहा था 'मर जाना किन्तु कानून के सामने सिर न झुकाना'। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज की एक ही बड़ी उपलब्धि है कि देश की कुल सम्पत्ति चंद घरानों की बंधक बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इनइक्वैलिटी डेटा बेस के अनुसार देश के 90 प्रतिशत भारतीय महीनें में 12 हजार से भी कम बामुश्किल कमा पाते हैं। देश के नागरिकों की यह दुर्दशा आर्थिक असमानता के कारण पैदा हुई है। आम लोग इसके शिकार हैं। लोगों की जिंदगी तबाह है। जहां कुछ अकूत सम्पत्ति के मालिक बन बैठे हैं वहीं बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्हें न छत नसीब है और नहीं दो वक्त की सूखी रोटी। वे भयानक गरीबी में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित की एक भी योजना लागू नहीं कर सकी है। समाजवादी सरकार ने विकास को जो दिशा दी थी, उसमें भाजपा ने अवरोध पैदा करने का काम किया है। भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए।

# योगी गरीबों की चिंता करते हैं प्रियंका वाड्रा दंगाइयों की:भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा बीजेपी पर आरोप लगाए जाने के बाद बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा और कांग्रेस में मूलभूत अंतर यह है कि भाजपा जहां अंत्योदय की बात करती है तो वहीं कांग्रेस देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ दिखाई पड़ती है। यही विचारधारा को लेकर प्रियंका वाड्रा प्रदेश में हर उस शख्स के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं जो या तो दंगा कर रहा है या फिर दंगाइयों के साथ है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां भीषण ठंड में गरीबों के लिए रैनबसेरों का इंतजाम देखने निकलते है, वहीं प्रियंका गांधी गिन-गिन कर दंगा फैलाने वाले लोगों के घर पहुंचती हैं। प्रदेश प्रवक्ता डा. चन्द्रमोहन ने कहा कि प्रियंका गांधी को हर उस शख्स से हमदर्दी है जो जनता के पैसे से बनी सरकारी संपत्ति को जलाते हैं, जनता की संपत्ति का नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हर उस शख्स से हमदर्दी है जो जनता के भले के लिए काम कर रहा है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार जनता का जीवन बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान करने जा रही है। इतना ही नहीं गरीबों का इलाज कराने के लिए प्रदेश सरकार ने स्वास्थ सुरक्षा कोष की स्थापना की है। गरीब परिवारों की बेटियों की शादी की व्यवस्था मुख्यमंत्री ने की है। चन्द्रमोहन ने कहा कि गरीबों को आवास मुहैया कराया जा रहा है। मजदूरों के बच्चों को मुफ्त में कांवेंट सरीखी शिक्षा दिलाने के लिए अटल विद्यालय खोले जा रहे हैं। मजदूरों की बेटियों को मुफ्त में साइकिल देने की योजना प्रदेश सरकार ने शुरू की है। केंद्र में दस वर्ष की सरकार चला चुकी कांग्रेस के पास आज बताने के लिए गरीबों की एक भी योजना नहीं है। कांग्रेस केवल समाज को बांट कर अपना भला करना चाहती है।

# नव वर्ष पर सूबे में रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**● पुलिस पूरी सतर्कता बरते ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए: डीजीपी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजीपी** ओपी सिंह ने नववर्ष-2020 के अवसर पर प्रदेश में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था, गश्त, सुदृढ़ पुलिस प्रबंध और प्रभावी कार्रवाई करने के सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। इस संबंध में डीजीपी ने सभी जोनल एडीजी, आईजी, रेंज के आईजी, डीआईजी और जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया है।

नववर्ष 32 दिसंबर की रात आठ बजे से प्रारंभ होकर पहली जनवरी 2020 को देर रात्रि तक मनाया जाएगा। गत वर्षों की भांति नववर्ष को मनाने के लिए युवावर्ग अधिकांशतया होटलों, क्लबों तथा विभिन्न मनोरंजन गृहों आदि में समूहों के रूप में एकत्रित होकर पार्टियां आदि मनाते हैं। इस दौरान विवाद होने की सम्भावना बनी रहती है। ऐसे स्थानों पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध, यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर युवाओं द्वारा सड़कों पर मोटर साइकिल, चार पहिया वाहन तेज गति से चलाए जाते हैं। फलरूवरूप सड़क दुर्घटनाओं आदि की प्रबल संभावना बनी रहती है। दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की चेकिंग ब्रेथ एनेलाइजर के माध्यम से प्रभावी तौर पर सुनिश्चित की जाए तथा जो व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पाए जाएं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से होटल, क्लब व मनोरंजन गृहों व ऐसे स्थान जहां पर नव वर्ष के सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ऐसे स्थानों तथा उसके आसपास सतर्क दृष्टि रखी जाए।

महिलाओं से चेन स्नेचिंग आदि संभावित घटनाओं पर भी लगातार सतर्क व कड़ी दृष्टि रखी जाए। अपराधिक-अराजक तत्वों पर भी लगातार सतर्क दृष्टि रखी जाए ताकि इस अवसर का लाभ उठाकर अपराधी कोई अपराधिक घटना न घटित कर पाएं।

डीजीपी ने निर्देशित किया है कि नव वर्ष मनाए जाने के अवसर पर प्रत्येक बिन्दु पर पूर्ण सावधानी बरती जाए। 31 दिसंबर व पहली जनवरी 2020 को होटल, क्लब, मनोरंजन गृह तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था तथा अत्यधिक कड़ी सजगता-सतर्कता बरतें ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए।

# परिषदीय विद्यालयों में हर चार माह पर होगी शिक्षक-अभिभावकों की मीटिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए अपर मुख्य सचिव ने जारी किये निर्देश**

**प्रदेश** के परिषदीय विद्यालयों में अब हर चार माह पर शिक्षकों के साथ अभिभावकों की बैठक होगी। यह बैठक वर्ष में जनवरी, अप्रैल, जुलाई एवं अक्टूबर माह के दूसरे सोमवार को आयोजित होगी। सोमवार को अवकाश होने की स्थिति में बैठक अगले कार्यदिवस में आयोजित की जायेगी।

इस बैठक में सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। साथ ही अभिभावकों को बैठक में बुलाने के लिए दो दिन पूर्व ही छात्रों की नोटबुक में लिखित रूप से अभिभावकों को सूचित करना होगा। इस आशय का आदेश सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणुका कुमार की तरफ से सभी जिलाधिकारियों और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी किया गया है। शिक्षक-अभिभावक की बैठक को लेकर शासन का मानना है कि नियमित बैठक होने से छात्रों के अधिगम, व्यवहार संबंधी सहित प्रगति पर चर्चा हो सकेगा। दूसरे सरकार की तरफ से बच्चों को दी जाने वाली नि:शुल्क सुविधाओं में जैसे पाठ्य पुस्तकें, यूनीफार्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूते-मोजे आदि के बारे में अभिभावकों को जानकारी मिल सकेगी।

अपर मुख्य सचिव के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निगरानी की व्यवस्था एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए अभिभावक-अध्यापक बैठक और विद्यालयों में वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है।

बैठक के बारे में कहा गया है कि बैठक के दौरान छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा फल, लर्निंग आउटकम, खेलकूद की गतिविधियों सहित चिकित्सकीय परीक्षण आदि के बारे में शिक्षकों की तरफ से अभिभावकों को जानकारी दी जायेगी। साथ ही बैठक के दौरान विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को लेकर फीडबैक प्राप्त करने के साथ सुधार की दिशा में कदम उठाया जायेगा। इसके लिए विद्यालय में एक रजिस्टर भी रखा जायेगा। जिसमें बैठक के आयोजन से संबंधी कार्यवाही शामिल रहेगी।

# सीएए को लेकर हुई हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्देश पर पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को ज्ञापन देकर सूबे में नागरिकता संसोधन कानून को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान हिंसा व पुलिस कार्रवाई की हाईकोर्ट के सिटिंग अथवा रिटायर्ड जज से न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पीएल पुनिया, प्रमोद तिवारी और नसीमुद्दीन सिद्दीकी व अन्य नेता शामिल थे।

राज्यपाल दिए ज्ञापन में कांग्रेस की ओर से चार मांगे की गयीं हैं। इनमें प्रदेश सरकार के गृह विभाग और डीजीपी द्वारा तुरन्त आदेश जारी करके पुलिस और सरकार द्वारा किए जा रहे गैर कानूनी, हिंसात्मक और आपराधिक कार्रवाई को तुरन्त रोका जाए। मौजूदा हाईकोर्ट के जज या सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के जज की निगरानी में कानूनी ढंग से शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लगाए गए आरोपों की सत्यता और तथ्य की निष्पक्ष जांच का आदेश दिया जाए। न्यायिक प्रक्रिया पूरी किए बिना सम्पत्तियों को सीज करना या सम्पत्तियों की कुर्की सम्बन्धी प्रक्रिया पर तुरन्त रोक लगाई जाए। शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी जो निर्दोष हैं उन पर किसी तरीके का आपराधिक और गैर कानूनी कार्रवाई न की जाए। इससे पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर अधिवक्ताओं के साथ की बैठक की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शनों में शामिल गिरफ्तार किए गए बेगुनाहों-पीड़ितों की कानूनी मदद करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूरे प्रदेश में जिस तरह से सरकारी तन्त्र ने अराजकता फैलायी है उसकी वजह से अनेकों निर्दोष लोग मारे गए और हजारों की संख्या में प्रदेश के नागरिकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी प्रत्येक जिले में जहां-जहां भी निर्दोष नागरिकों का उत्पीड़न हुआ है उन सब जिलों में निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करेगी।

# शार्ट सर्किट से हॉस्पिटल में लगी आग में फंसे मरीज मौत के मुंह से निकले

**संवाददाता।** शुक्लागंज,उन्नाव




● अस्पताल में मौजूद लगभग आधा सैकड़ा लोगों को मौत का मुंह दिखा गई रविवार की शाम ●कोतवाल गंगाघाट की लापरवाही, घटना के आधे घण्टे बाद पहुंचे ●पौन घंटे बाद आग बुझाने पहुंचे दमकल वाहन में नही था पानी ●सात नवजातों की जिंदगी खतरे से बाहर जच्चा भी सुरक्षित

**नगर के** राजधानी मार्ग स्थित सुषमा हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना रविवार देर शाम आठ बजे की है। आग की लपटों को देख अस्पताल व आसपास हड़कम्प मच गया। आग लगने से अस्पताल परिसर में धुंए का गुबार भर गया। जिससे वहां मौजूद मरीजों व उनके तीमारदारों का दम घुटने लगा। अस्पताल का स्टाफ, मरीज व उनके तीमारदारो ने चिल्लाना शुरू कर दिया। लोगो ने गंगाघाट पुलिस को सूचना दी, लेकिन कुछ देर फोन नही उठा। सूचना देने के बाद भी गंगाघाट कोतवाल आधे घण्टे तक मौके पर नही पहुंचे। जिसके बाद राहगीरों व आसपास के दुकानदारों ने हिम्मत दिखाते हुए अस्पताल के शीशे तोड़ दिए और अंदर घुस गए, जिसके बाद आग पर पानी डालकर व कड़ी मशक्कत करने के बाद मरीजो व उनके तीमारदारों को बाहर निकाला। मरीजों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। हालांकि कोई भी मरीज हताहत नही हुआ है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विक्रान्तवीर सिंह, एडीएम राकेश सिंह समेत सीओ सिटी यादवेंद्र यादव भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। रविवार की रात नगर के सुषमा हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम में भर्ती मरीजों को मौत का चेहरा दिखाते हुए निकल गई। देर शाम 8 बजे अस्पताल के बेसमेंट में मौजूद इलेक्ट्रिक बॉक्स में शॉट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगने की भनक किसी को भी न हुई। थोड़ी देर में ही आग ने भयंकर रूप ले लिया और आग का धुआं अस्पताल परिसर में फैलने लगा। देखते देखते आग से उठे धुएं के गुबार ने पूरे अस्पताल परिसर को अपनी आगोश में ले लिया। अस्पताल में मौजूद बारह लोगो का स्टाफ समेत भर्ती आठ मरीजो व उनके तीमारदारों में हड़कम्प मच गया। सभी का दम घुटने लगा। शोर शराबे के सुनकर अस्पताल के आसपास के दुकानदार व राहगीर अस्पताल पहुंचे, तो उनमें से एक दुकानदार ने हिम्मत जुटाई और शीशा तोड़ अंदर घुस गया, जिसके बाद उसे देखते हुए कुछ लोग अंदर गए। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग एक घण्टे में लोगो ने आग बुझाई। आनन फानन में लोगो ने सूझबूझ दिखाते हुए मरीजो, उनके बच्चो, तीमारदारों को बाहर निकाला। जिसके बाद अस्पताल के स्टाफ ने मरीजो को पास के निजी अस्पतालों में भर्ती करना शुरू कर दिया। लोगो ने आग लगने की सूचना गंगाघाट पुलिस को दी, जिसके आधे घण्टे बाद तक पुलिस नही पहुची। अस्पताल के तीसरी मंजिल पर अस्पताल के मालिक ओपी आर्या अपनी पत्नी डॉक्टर सुषमा आर्या, बेटे ऋशु व खाना बनाने वाली मीरा के साथ फंसे थे। आग लगने की सूचना पर पौन घण्टे की देरी से पहुचे दमकल वाहन को जब आग बुझाने के लिए खोला गया तो उसमें पानी ही न निकला , जिसके बाद दूसरा दमकल वाहन पहुचने के बाद जब बची हुई आग व धुएं को पूरी तरह से बुझाया गया तो तीसरी मंजिल पर फंसे अस्पताल संचालक को भी बाहर निकाला

## बीएचयू में प्लाज्मा एवं रैंडम डोनर प्लेटलेट्स का प्रोसेसिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा: प्रो. माथुर

**वाराणसी। अब** सर सुन्दरलाल चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेन्टर,I चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में भर्ती मरीजों से रक्त, फ्रेश फ्रोजेन प्लाजमा एवं रैण्डम डोनर प्लेटलेट्स का प्रोसेसिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा। इन रक्त एवं अवयवों को बिना किसी शुल्क के रक्त कोश, सर सुन्दरलाल चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी शुरूआत मध्य रात्रि 31 दिसम्बर से होगी। वर्तमान में होल ब्लड/पीआरबीसी का शुल्क रु. 850.00 एवं फ्रेश फ्रोजेन प्लाजमा और रैण्डम डोनर प्लेटलेट्स का शुल्क रु. 400.00 है। यहां का रक्तकोष एचआइवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी की जांच फोर्थ जेनरेशन एलाइज़ा टेस्टिंग किट से करता है तथा मरीजों एवं रक्तदाता का एन्टीबॉडी स्क्रीनिंग भी करता है। यह जानकारी सोमवार को सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. शरद कुमार माथुर तथा ट्रामा सेन्टर के प्रोफेसर इन्चार्ज, प्रो. संजीव कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में दी। यहां का रक्तकोश वर्ष में लगभग 5500 रक्त युनिट बिना चार्ज एवं प्रतिस्थापन के थैलिसिमिया, सिकिल सेल एनिमिया, हीमोफीलिया, एड्स, लावारिस, कैदी एवं गरीबी रेखा के नीचे के मरीजों को देता है।

# दिव्यांग विवि बनाकर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने किया सराहनीय कार्यः योगी

● प्रतिभा के विकास में बाधक नहीं बन सकती दिव्यांगताः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी का स्वागत करते जगदगुरू रामभद्राचार्य व अभिनंदन करते रामचंद्रदास।

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा स्थापित विश्व के प्रथम दिव्यांग विवि जेआरएचयू के अष्टम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि रहे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान श्रीराम की तपोभूमि एवं आदिकाल से ऋषि मुनियो की साधना स्थली रही चित्रकूट की अपनी अलग ही महिमा है। इसी पावन भूमि से ही भगवान श्रीराम का का संकल्प साकार हुआ था। उन्होंने कहा कि देश -दुनिया के दिव्यांगों के अँधेरे जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए दिव्यांग विवि स्थापित करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। जल्द ही विवि को प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग जन कल्याण विभाग से जोड़ा जायेगा। निरन्तर आर्थिक सहायता मिलती रहे और जगद्गुरु की मंशानुरूप दिव्यांगों के शिक्षण कार्य में कोई बाधा नही आयेगी। देश-विदेश में रामकथा कर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने यह साबित कर दिया है कि दिव्यांगता कभी प्रतिभा के विकास में बाधक नही बन सकती।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के अष्टम दीक्षांत समारोह में शिरकत करने आये उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टॉपर छात्र -छात्राओं को उपाधियाँ वितरित करते हुए कहा कि आज का दिन बड़ा ही सौभाग्यशाली दिन कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टकोण से दुनिया में महत्वपूर्ण धर्म नगरी चित्रकूट आने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि संत लोक कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करता है। दुनिया में लोग केवल अपने और अपने परिवार के बारे में सोचते है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने दुनिया के लाखो दिव्यांगों के बारे में सोचा। दिव्यांगों के उत्थान के लिए विश्वविद्यालय स्थापित कर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने यह साबित करके दिखा दिया है। व्यक्तित्व और कृतित्व के माध्यम से जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने यह दिखा दिया है कि दिव्यांगता कभी प्रतिभा के विकास में रोड़ा नहीं बन सकती है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विवि दुनिया का सर्वोच्च शिक्षण संस्थान बने इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी। जगद्गुरु रामभद्राचार्य की परिकल्पना को साकार करने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द ही इस विवि को दिव्यांग जन कल्याण विभाग से जोड़कर प्रति वर्ष आर्थिक सहायता दिलाने की व्यवस्था की जायेगी। जिससे दिव्यांगों के शिक्षण में किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी। जगद्गुरु रामभद्राचार्य जैसे तपस्वी संत के सानिध्य में अध्ययन और अध्यापन कार्य करना बड़ा ही शौभाग्य का विषय है। मौसम की खराबी के कारण केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दीक्षांत समारोह में नहीं पाये। लेकिन उनका और केंद्र सरकार का सहयोग हमेशा इस दिव्यांग विश्वविद्यालय के उत्थान में रहेगा। विलक्षण प्रतिभाओ को देखा कर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग शब्द को बदलकर दिव्यांग किया था। इसके अलावा सरकारी सेवा में भी दिव्यांगों को सामान भागेदारी देने का सराहनीय कार्य केंद्र की मोदी सरकार ने ही किया है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु ने कभी अपनी चिंता नहीं की।

## सस्ते दर पर सामान पाने की लालसा में गंवाए तीन लाख 70 हजार

**बस्ती।** सस्ते दर पर सामान पाने की लालसा में एक व्यक्ति ने तीन लाख 70 हजार रूपए गवां दिए। जालसाजो ने झांसा देकर अपने खाते में रूपए डलवा लिए, लेकिन जब सामान आपूर्ति करने की बारी आई तो आनाकानी करने लगे। धोखाधड़ी से रूपया हड़प लेने के मामले में कार्रवाई के लिए पीड़ित ने कोतवाली थाना की शरण ली। तीन के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मुकदमा दर्ज किया है और विवेचना कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के खीरीघाट कौशल नगर निवासी अष्टभुजा श्रीवास्तव का आरोप है कि आजमगढ़ जनपद के सिधारी निवासी वीरेन्द्र कुमार, गोरखपुर जनपद निवासी अजय श्रीवास्तव, बस्ती कोतवाली के मड़वानगर ब्लाक रोड निवासी मुकेश आनन्द ने उसे विश्वास में लेकर षड़यंत्र किया। फर्म के माध्यम से सस्ते दर पर माल दिलाने के नाम पर तीन लाख 70 हजार रूपए अपने खाते में डलवा लिया और जब व्यापार के लिए आर्डर किए गए सामान की मांग की तो देने में आनाकानी कर रहे हैं।

# जीआईसी ग्राउण्ड में झोपड़ी डाल बना लिया आशियाना, करने लगे खेती

● बस्ती महोत्सव के लिए परिसर का जायजा लेने पहुंचे डीएम तब हुआ खुलासा ●प्रधानाचार्य नहीं दे पाए कोई माकूल जवाब ●झोपड़ियों को हटवाने का दिया निर्देश



**बस्ती।** राजकीय इंटर कालेज परिसर में अवैध रूप से कुछ लोगो ने न केवल झोपड़ी डाल कर आशियाना बना लिया बल्कि कालेज की जमीन में खेती भी करने लगे। यह सब कुछ हो गया और जीआईसी के प्रिंसिपल को पता ही नहीं चला, न ही उनके द्वारा प्रशासन को इस बात की जानकारी ही दी गई। इसका खुलासा तब हुआ जब बस्ती महोत्सव कार्यक्रम के लिए डीएम आशुतोष निरंजन ने अधिकारियों के साथ जीआईसी ग्राउण्ड का निरीक्षण किया। वे इसे देख दंग रह गए। प्रधानाचार्य से पूछतांछ किया लेकिन वे इसका कोई माकूल जवाब नहीं दे पाए। एसडीएम सदर और प्रधानाचार्य को अवैध रूप से इंटर कालेज परिसर की जमीन पर बनी झोपड़ियों को तत्काल हटवाए जाने का निर्देश दिया। 'एक बस्ती श्रेष्ठ बस्ती' लोगों के साथ बस्ती महोत्सव 2020 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीएम कार्यक्रम स्थल जीआईसी ग्राउण्ड पहुंचे तो उन्हे कुछ लोगो द्वारा झोपड़ी डालकर रहने और खेती करने की जानकारी हुई। इससे पूर्व जीआईसी के प्रिंसिपल द्वारा इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। महोत्सव के दौरान काफी भीड़ होने की सम्भावना को देखते हुए चहारदीवारी तोड़कर एक नया गेट लगवाने का निर्देश दिया। कहा एक गेट प्रवेश द्वार, दूसरा गेट निकास होगा। वाहन पार्किंग के लिए पुराने स्थल को ही चिन्हित किया गया। मुख्य मंच का भी मरम्मत कराने का निर्देश दिया। मुख्य पण्डाल के अलावा विभागों के प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग एवं अन्य स्थलों का स्थान निर्धारण करने के बारे में अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान सीडीओ अरविन्द पाण्डेय, एडीएम रमेश चन्द्र, एसडीएम सदर श्रीप्रकाश शुक्ल व अन्य मौजूद रहें।

# पेज एक का शेष

## सदी का ...

आखिर में यह सामान्य बात हो गई। यदि कोहरे और हल्के बादल छाएंगे तो निश्चित ही दिन ठंडे होंगे क्योंकि दिन में सूरज की रोशनी जमीन तक नहीं आती। मंगलवार को अधिकतम तापमान 12 और न्यूनतम 3 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। साथ ही नया साल हल्की बारिश के साथ आएगा।

## उद्धव मंत्रिमंडल...

के 10 कैबिनेट और दो राज्य मंत्री हैं। मुख्यमंत्री समेत राज्य में अब 43 मंत्री हैं। एनसीपी नेता अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री की शपथ थी। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता अशोक चव्हाण, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने वालों में शामिल हैं। मुंबई के वर्ली से 29 वर्षीय विधायक आदित्य अपने पिता उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र विकास आघाडी सरकार में कैबिनेट स्तर के सबसे युवा मंत्री हैं। पिछले डेढ़ महीने में दूसरी बार पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इससे पहले उन्होंने एनसीपी से बगावत करते हुए भाजपा से हाथ मिला लिया था और 23 नवंबर को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली थी। हालांकि 26 नवंबर को उन्हें इस्तीफा देना पड़ा क्योंकि देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली सरकार तीन दिन में ही गिर गई। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चौहान को ठाकरे के मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।

राज्यपाल बीएस कोश्यारी ने नए मंत्रियों को विधान भवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शिवसेना ने अपने वरिष्ठ नेता रामदास कदम और दिवाकर रावते को अपने नए मंत्रिपरिषद में जगह नहीं दी है। वह देवेंद्र फडणवीस नीत सरकार में मंत्री थे। इसके बदले उन्होंने सहयोगी पार्टी क्रांतिकारी शेतकारी पक्ष के शंकरराव गाडख को कैबिनेट मंत्री बनाया। वहीं राजेंद्र पाटिल यड्रावकर (निर्दलीय) और बच्चू काडू को राज्य मंत्री बनाया। एनसीपी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक और अनिल देशमुख को भी मंत्रालय में जगह दी गई है। ये दोनों पूर्व की कांग्रेस-एनसीपी सरकार में मंत्री थे। 2014 के विधानसभा चुनाव में दोनों हार गए थे लेकिन इस साल अक्टूबर में हुए चुनाव में उन्हें जीत हासिल हुई। एनसीपी नेता और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप वाल्से पाटिल, विधान परिषद में विपक्ष के पूर्व नेता धनंजय मुंडे और विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता विजय वडेट्टीवार ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और एनसीपी नेता शरद पवार मौजूद थे। भाजपा नेताओं और शिवसेना के सांसद संजय राउत ने मंत्रिपरिषद के विस्तार के समारोह में हिस्सा नहीं लिया। एक भाजपा नेता ने कहा, इस सरकार ने महाराष्ट्र के किसानों की अपेक्षाएं पूरी नहीं की हैं। हमारी इस समारोह में भाग लेने की इच्छा नहीं हुई। एक अन्य भाजपा नेता ने कहा, जब उद्धव ठाकरे ने पिछले महीने शिवाजी पार्क में शपथ ग्रहण की थी तब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस समेत राज्य भाजपा के नेताओं ने उसमें शिरकत की थी। कैबिनेट के विस्तार के हर कार्यक्रम में शामिल होना आवश्यक नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि संजय राउत ने उनके भाई और शिवसेना के विधायक सुनील राउत को मंत्रिपरिषद में जगह नहीं दिए जाने के कारण समारोह में शिरकत नहीं की। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की सरकार का गठन 28 नवंबर को हुआ था। ठाकरे के साथ कांग्रेस के बालासाहेब थोराट, नितिन राउत और शिवसेना के एकनाथ शिंदे और सुभाष देसाई तथा एनसीपी के जयंत पाटिल और छगन भुजबल ने उसी दिन शपथ ले ली थी। महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा 43 मंत्री हो सकते हैं।

## पांच हजार वर्ग...

अग्रणी देशों में भारत शामिल है और इसमें सरकार की पर्यावरण हितैषी विकास नीतियों का प्रमुख योगदान है। उन्होंने कहा कि देश में 2014 से 2019 के दौरान अब तक हरित क्षेत्र में 13 हजार वर्ग किमी की वढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सघन वन क्षेत्र, विरल वन क्षेत्र और सामान्य वन क्षेत्र, तीनों श्रेणियों में बढ़ोतरी दर्ज करने वाला भारत एक मात्र देश है। रिपोर्ट के दूसरे हिस्से में वर्णित राज्यों के हरित क्षेत्र की स्थिति का जिक्र करते हुए जावड़ेकर ने कहा कि वन क्षेत्र के बाहर वृक्षों से आच्छादित क्षेत्र में बढ़ोतरी वाले राज्यों में महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और जम्मू कश्मीर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समुद्री क्षेत्र के आसपास के वन क्षेत्र मेंग्रोवी में भी दो साल में 54 वर्ग किमी का इजाफा हुआ है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, मेंग्रोव में बढ़ोतरी वाले अग्रणी राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र और ओडिशा शामिल है, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में वनक्षेत्र 544 वर्ग किमी और आदिवासी क्षेत्रों में 1181 वर्ग किमी बढ़ा है। जावडेकर ने कहा कि देश के उत्सर्जित कार्बन में 2017 के पिछले आकलन के मुकाबले 4.26 करोड़ टन की वृद्धि हुई, जबकि बांस का हरित क्षेत्र 2.06 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 3229 वर्ग किमी हो गया है। उन्होंने कहा, यह रिपोर्ट हमें भरोसा दिलाती है कि हम पेरिस समझैते के लक्ष्यों को हासिल करने की राह पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश के कुल 6.5 लाख गांवों में से 1.7 लाख गांव वनक्षेत्र के आसपास स्थित हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय वन सर्वेक्षण दो साल के अंतराल पर आईएसएफआर रिपोर्ट प्रकाशित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में वनों में आग लगने की घटनाओं में 20 प्रतिशत की कमी आई है। देश का 21 प्रतिशत वनक्षेत्र आग लगने के खतरे के दायरे में है। जावड़ेकर ने कहा क उपग्रह आधारित तकनीक की मदद से वन अग्नि पर नियंत्रण के उपायों को सफलता पूर्वक लागू किया गया है।

## प्रियंका का वार...

उस धर्म में रंज, हिंसा और बदले की भावना की कोई जगह नहीं है। प्रियंका ने कहा यह कृष्ण भगवान का देश है जो करुणा के प्रतीक हैं। भगवान राम करुणा के प्रतीक हैं। शिव जी की बारात में सब नाचते हैं। इस देश की आत्मा में हिंसा, बदला, रंज इन चीजों की जगह नहीं है। जैसे कृष्ण ने अर्जुन को प्रवचन दिया। महाभारत के युद्ध में जब वह महान योद्धा युद्ध के मैदान में खड़े थे तब कृष्ण ने रंज और बदले की बात नहीं की। उन्होंने करुणा और सत्य की बात उभारी।

प्रियंका ने आरोप लगाया कुछ दिनों से हम सब और पूरा प्रदेश देख रहा है कि प्रदेश सरकार, प्रशासन और पुलिस द्वारा कई जगह अराजकता फैलाई गई है। उन्होंने जो कदम उठाए हैं उनका न्यायिक या लीगल आधार नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि आज सुबह उनकी पार्टी की तरफ से राज्यपाल को एक चिट्ठी भेजी गई है। जिसमें विस्तार से पूरी जानकारी दी गयी है। प्रियंका ने बिजनौर हिंसा में मारे गए 21 वर्षीय अनस और 22 वर्षीय सुलेमान का उल्लेख करते हुए परिजनों की ओर से बताए गए पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। यह भी कहा कि पुलिस ने इनके परिवार को धमकाया कि आप एफआईआर दर्ज करोगे तो आपके ऊपर और मुकदमे होंगे। उन्होंने लखनऊ पुलिस द्वारा जेल भेजे गए रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी एसआर दारापुरी और कांग्रेस प्रवक्ता सदफ जाफर के मामलों का भी उल्लेख किया। दोनों को निर्दोष बताते हुए कहा कि इन्हें ऐसी लिस्ट में डाला गया जिसमें 48 लोगों के नाम है जिन पर गंभीर धाराओं के केस लगाये गए हैं जबकि दारापुरी अपने घर पर थे और सदफ जाफर वीडियो बना रहीं थीं और तीसरे दीपक कबीर सदफ जाफर के बारे में थाने में पूछने गए और उन्हें अरेस्ट कर लिया गया और उन्हें भी 48 लोगों की लिस्ट में डाल दिया गया और गंभीर धाराएं लगा दी गयीं। इसी तरह से वाराणसी में भी कई बच्चे बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के और दूसरी यूनिवर्सिटी के हैं शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे उन्होने कोई हिंसा नहीं की, उनको भी उठाकर जेल में डाला गया है।अपनी सुरक्षा को लेकर हुए सवाल पर पह बोलीं, मेरी सुरक्षा का सवाल एक बड़ा सवाल नहीं है। यह छोटा सवाल है, जिस पर चर्चा करने की जरूरत नहीं है। आज हम प्रदेश की आम जनता की सुरक्षा का सवाल उठा रहे हैं। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर भाजपा के जागरूकता अभियान के बारे में प्रतिक्रिया पूछी गई तो उन्होंने कहा यह जागरूकता अभियान नहीं, झूठों का अभियान है। जिस तरह नोटबंदी ने सबको प्रताड़ित किया, उसी तरह नागरिकता कानून ने भी प्रताड़ित किया है। इस सवाल पर कि क्या लोगों के पास वैध नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं होना चाहिए, प्रियंका ने कहा एनआरसी वैध नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं है। एनआरसी का इससे कोई ताल्लुक नहीं हे। ये बहाना है एनआरसीलागू करने का। कांग्रेस के सारे मुख्यमंत्रियों ने कह दिया है कि उनके प्रदेश में एनआरसी नहीं लागू होगा। अन्य पार्टियों ने भी कह दिया है। जनता ही यह लागू नहीं होने देगी। महिलाओं पर अत्याचार को लेकर किए गए सवाल पर प्रियंका ने कहा कि महिलाओं पर जब जब अत्याचार हो रहा है, तब तब कांग्रेस आवाज उठा रही है, चाहे वह उन्नाव का मामला हो, शाहजहांपुर और मैनपुरी का मामला हो। सार्वजनिक संपत्ति को जलाया जाना कितना उचित है ? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा पहले तो स्पष्ट होना चाहिए कि किसने जलाया ? सबसे पहले जांच होनी चाहिए। तब पूरी तरह कार्रवाई करें। बिना जांच के आप इस तरह की कार्रवाई कैसे कर सकते हैं जो सरकार कर रही है।

## भाजपा का पलटवार...

मुख्यमंत्री के साथसाथ भगवा को भी आरोपित कर दिया है। उन्होंने कहा योगी जी ने धर्म को धारण किया है। हिन्दू धर्म किसी का अहित करना नहीं सिखाता। हिन्दू धर्म में किसी अन्य धर्म के अपमान की बात ही नहीं है। इतना विशाल हिन्दू धर्म है यह, उसको आप कह रहे हैं कि धारण करने वाला व्यक्ति सा काम कर रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आप अपनी राजनीति में आकर धर्मों की लड़ाई को प्रारम्भ कर रही हैं। कृपया सा न करें। यह हिन्दू और मुसलमान का प्रश्न नहीं है। यह भारत के भविष्य और राष्ट्रीय एकता का सवाल है। उन्होंने कहा आप भगवा को गाली देंगी मगर आप से कोई खुश होने वाला नहीं है और न ही भगवा को छोड़ने वाला है। आप जितनी गाली देंगी, उतना ही हमारा आत्मबल बढ़ता जाएगा। गांधी ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा था कि बदला लेने की बात करने वाले योगी ने उस हिन्दू धर्म के चिह्न यानी भगवा को धारण किया है जिसमें हिंसा और बदले की भावना की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बदला लेने के बयान पर पुलिस प्रशासन कायम है। इस देश के इतिहास में शायद पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने सा बयान दिया। शर्मा ने एक सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री ने बदले में शब्द का प्रयोग किया था मगर उनका मतलब हिंसा में तोड़ी गई सरकारी सम्पत्ति के बदले में उसके दोषियों की सम्पत्ति बेचकर भरपाई करने से था।

## जासूसी रैकेट ...

इन नाविकों को विखाशापट्नम, मुंबई और करवार स्थित नौसेना प्रतिष्ठानों से गिरफ्तार किया गया था। बताया जाता है कि इन्होंने सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर को युद्धक पोतों की आवाजाही के बारे में संवेदनशील सूचना उसे उपलब्ध कराई थी। विशाखापट्नम में पूर्वी नौसेना कमान मुख्यालय के साथ संवेदनशील पनडुब्बी निर्माण केंद्र हैं, जहां पर परमाणु क्षमता से लैस पनडुब्बी अरिहंत आदि का निर्माण हो रहा है। पश्चिमी नौसेना कमान मुंबई में स्थित है। एकमात्र विमानवाही पोत आईएनएस विक्रमादित्य का बेस कर्नाटक के करवार में है। आंध्र प्रदेश के खुफिया विभाग ने नौसेना के साथ 'डॉल्फिन नोज' के नाम से संयुक्त ऑपरेशन में 19 दिसंबर को जासूसी रैकेट का पर्दाफाश किया था। पुलिस का दावा है कि 2017 में नौसेना में भर्ती होने वाले इन नाविकों ने 2018 में सोशल मीडिया के जरिये हनी ट्रैप में फंसने के बाद कथित तौर नौसेना पोतों और पनडुब्बियों की लोकेशन जैसी सूचनाएं लीक की थी। अधिकारियों ने बताया कि इन युवा नाविकों से तीन या चार महिलाओं ने सोशल मीडिया के जरिये संपर्क किया तथा उन्हें ऑनलाइन रिलेशनशिप के जाल में फंसाया। बाद में इन महिलाओं ने उनका एक व्यक्ति से परिचय कराया जो खुद को कारोबारी बताता था लेकिन असलियत में वह पाकिस्तानी हैंडलर था। इस व्यक्ति ने नाविकों से संवेदशील जानकारियां हासिल करनी शुरू कर दी। नाविकों की महिलाओं से सेक्स संबंधी बातें होती थीं और बाद में वे उन्हें युद्धक पोतों और पनडुब्बियों की मूवमेंट के बारे में जानकारी देने के लिए ब्लैकमेल करने लगीं। इन नाविकों को हवाला ऑपरेटर के जरिए हर महीने पैसा भी भेजा जाता था। इत्तफाक से दो महीने पहले राजस्थान में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जिसमें दो सैनिकों को सूचना लीक करने के मामले में पकड़ा गया था। सशस्त्र बलों द्वारा नियमित तौर पर जवानों को सोशल मीडिया का सतर्कता के साथ इस्तेमाल करने की हिदायत दिए जाने के बावजूद यह घटना घटी थी। सेना ने हाल ही में जवानों और अधिकारियों को ऐसे 150 फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल के बारे में आगाह किया था जिसमें फर्जी आध्यात्मिक गुरु और बाबा शामिल थे। इसका इस्तेमाल पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों को हनी ट्रैप में फंसा कर संवेदनशील सैन्य सूचनाएं हासिल करने के लिए करते हैं। सूत्रों ने बताया कि ये लोग ऐसे जवानों को सोशल मीडिया के जरिये फंसाने की कोशिश करते हैं जो घरेलू समस्याओं का सामना कर रहे हैं। कुछ समय में उनका भरोसा हासिल करने के बाद दुश्मनों के लिए काम कर रहे ये स्वयंभू गुरु टुकड़ियों की आवाजाही तथा अन्य संवेदनशील सैन्य सूचनाएं हासिल करने की कोशिश करने लगते हैं। अक्टूबर के मध्य में अपने कर्मचारियों के लिए एडवायजरी जारी करते हुए सेना ने कहा कि वे अज्ञात सोशल मीडिया प्रोफाइल संवाद करने से बचे। पाकिस्तान यहां तक कि रेलवे के कर्मचारियों को फंसाने की कोशिश कर रहा है, जो संवेदनशील रेलवे स्टेशनों पर तैनात हैं। उसके अधिकारी इनसे अभ्यास के लिए जा रही सेना की टुकड़ियों और हथियारों तथा तैनाती के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल इस्तेमाल करने वाले लोग सेना के जवानों, उनके परिवारों और यहां तक कि सेवानिवृत्त अधिकारियों को निशाना बनाते हैं।

## सीएए विरोधी आंदोलन...

पूरा तमिलनाडु नए कानून के खिलाफ कोलम बना रहा है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल से तस्वीरों का एक कोलाज भी पोस्ट किया जिसमें सीएए के खिलाफ बनाई गईं कई तरह की रंगोलियां नजर आ रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट विजयश्री रमेश ने बताया कि तमिलनाडु में एक आम हिंदू परिवार के दिन की शुरुआत रंगोली के साथ होती है। परिवार की महिलाएं घर, आंगन और प्रवेश द्वार को साफ सुथरा कर वहां सफेद चावल के पाउडर से मनमोहक कोलम (रंगोली) बनाती हैं। विभिन्न आकार-प्रकार और थीम आधारित रंगोली बनाकर ईश्वर, समृद्धि और खुशियों का स्वागत किया जाता है। जिस कौशल के साथ कोलम बनाया जाता है वह दरअसल भगवान और अपने घर-परिवार के प्रति महिला की भक्ति और समर्पण भाव का पैमाना होता है। पन्द्रह दिसंबर से पन्द्रह जनवरी के बीच की अवधि में बड़ी आकृति वाले खूबसूरत कोलम बनाए जाते हैं।

## जनरल बिपिन रावत...

सेवानिवृत्त हो रहे थे। सेना प्रमुख बनने से पहले उन्होंने पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा, चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा और पूर्वोत्तर में विभिन्न संचालनात्मक जिम्मेदारियां संभाल चुके थे। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पिछले मंगलवार को सीडीएस का पद बनाए जाने को मंजूरी दी थी जो तीनों सेनाओं से जुड़े सभी मामलों में रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के तौर पर काम करेगा।

## अवैध संबंधों के चलते हुई महिला की हत्या

**बाराबंकी।** गत दिनों थाना रामनगर क्षेत्र के अंतर्गत हत्या कर घाघरा पुल के नीचे फेंकी गई एक अज्ञात महिला के शव की आज शिनाख्त हो गई स महिला अकबरी गेट थाना चौक लखनऊ की रहने वाली थी उसकी हत्या अवैध संबंधों के चलते उसके प्रेमी की पत्नी गला दबाकर की थी पुलिस ने घटना का अनावरण कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस अधीक्षक ने सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत घाघरा पुल के नीचे 24 दिसंबर को एक अज्ञात महिला गिलास बालों में घड़ी मिली थी इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए थे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला दबाने से आयी चोटों से होना पाया गया। जिसके उपरान्त पीएम रिपोर्ट के आधार पर थाना रामनगर में मुअसं. 643/19 धारा 302,201 भादवि में तरमीम किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक रामनगर द्वारा प्रारम्भ की गयी। अज्ञात शव की शिनाख्त निवासिनी अकबरी गेट थाना चौक जनपद लखनऊ के रुप में हुई। पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रामनगर श्री कृष्ण कुमार मिश्रा द्वारा विवेचना के क्रम में धारा 120 बी भादवि की बढोत्तरी कर आज मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये अभियुक्त शहंशाह खान पुत्र स्व. करीम खान था आयशा खान उर्फ शिल्पी द्विवेदी पत्नी शहंशाह खान मूल पता हसरत टाउन बरौरा हुसैनबाडी बालागंज थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ हाल पता केयर आफ सादाब हुसैन बरौरा हुसैनबाड़ी अलमास सिटी कालोनी बालागंज थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ को रानी बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त अफ्ताब की गिरफ्तारी शेष है। विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्ता आयशा के पति के साथ मृतका के नाजायज सम्बन्ध थे। इसी बात को लेकर अभियुक्ता ने अपने परिवारिक मित्र अफ्ताब के साथ मिलकर मृतका को लखनऊ से गोण्डा ले जाते समय रास्ते में गला दबाकर मार दिया और उसके शव को घाघरा पुल के नीचे फेंककर चले गये।

# जातिगत व्यवस्था खत्म करना समय की जरूरतः वेंकैया

**भाषा।** वरकला (केरल)



**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को कहा कि आर्थिक और तकनीकी मोर्चे पर देश ने महत्वपूर्ण कामयाबी अर्जित की है लेकिन जाति, समुदाय और लिंग के आधार पर भेदभाव के बढ़ते मामले बड़ी चिंता का कारण हैं। उन्होंने कहा कि जातिगत भेदभाव खत्म किया जाना समय की जरूरत है। राज्य की राजधानी से 45 किलोमीटर दूर शिवगिरि मठ में 87वें शिवगिरि श्रद्धालु सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि देश से जाति व्यवस्था खत्म होनी चाहिए और भविष्य का भारत जाति विहीन तथा वर्ग विहीन होना चाहिए। उन्होंने गिरजाघरों, मस्जिदों और मंदिरों के प्रमुखों से जाति के आधार पर होने वाले भेदभाव को खत्म करने के लिए काम करने को कहा। नायडू ने कहा कि मठ के संस्थापक श्री नारायण गुरु महान संत और क्रांतिकारी मानवतावादी थे, जिन्होंने जाति व्यवस्था और अन्य विभाजनकारी प्रवृत्ति को खारिज किया। उन्होंने कहा कि भारत को आर्थिक और तकनीकी मोर्चे पर महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है लेकिन देश में कुछ से हिस्से हैं जहां सामाजिक बुराइयां विद्यमान हैं उपराष्ट्रपति ने कहा, हम अशांति के समय में रह रहे हैं। जाति, समुदाय और लिंग के आधार पर भेदभाव बढ़ना बड़ी चिंता का कारण है। हम सबको आत्म विश्लेषण करना होगा और व्यावहारिक कदम उठाना होगा।

नायडू ने कहा कि खासकर सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों के संदर्भ में गुरु की सीख आज के समय में भी प्रासंगिक है। वार्षिक शिवगिरि तीर्थयात्रा पर उन्होंने कहा कि हर साल श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या साफ संकेत है कि गुरु के अनुयायियों के लिए शिवगिरि पूजा-अर्चना का शीर्ष केंद्र बन गया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन, पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी और राज्य के मंत्री के सुरेंद्रन समेत अन्य लोग इस अवसर पर मौजूद थे।

## आयरलैंड के पीएम नए साल का जश्न गोवा में मनाएंगे

**भाषा।** पणजी

**आयरलैंड** के प्रधानमंत्री लियो वराडकर नए साल का उत्सव मनाने के लिए गोवा पहुंच गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह भारत की निजी यात्रा पर हैं और उत्तरी गोवा जिले में एक रिसॉर्ट में रुकेंगे।उन्होंने बताया कि रिसॉर्ट के आस-पास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

अधिकारी ने कहा, प्रधानमंत्री वराडकर पूरी तरह से निजी यात्रा पर हैं। उनकी यात्रा के दौरान किसी तरह के आधिकारिक कार्यक्रम की योजना नहीं है। वह अपने परिवार के साथ एक जनवरी तक गोवा में रहेंगे। अधिकारी ने बताया कि वह एक जनवरी को दोपहर बाद डैबोलिम हवाईअड्डे से अपने देश के लिए रवाना हो जाएंगे। रविवार को वराडकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में स्थित अपने पैतृक गांव वराड गए थे।

वराडकर जून 2017 में आयरलैंड के प्रधानमंत्री बने थे।



जम्मू में गुरु गोविंद सिंह के जन्मदिन पर सिख समुदाय ने निकाला नगर कीर्तन

# कर्नाटक की एक इंच भी जमीन देने का सवाल पैदा नहीं होता : एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र के उनके समकक्ष उद्धव ठाकरे राजनीतिक लाभ के लिए बेलगाम सीमा मुद्दे को फिर से उठा रहे हैं और राज्य की एक इंच भी जमीन नहीं दी जाएगी।

एदियुरप्पा ने कहा, यह महाजन रिपोर्ट में ही तय हो गया था कि महाराष्ट्र के पास क्या रहेगा और कर्नाटक के पास क्या रहेगा। राजनीतिक लाभ के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं इसकी निंदा करता हूं। एक भी इंच जमीन देने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री मराठी और कन्नड़ भाषा बोलने वाले लोगों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। एदियुरप्पा ने कहा, हमारे लोगों को शांति और भाईचारा बनाए रखना चाहिए तथा कर्नाटक की एक इंच भी जमीन देने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। किसी ने बयान दे दिया तो इसको लेकर संशय पैदा करने की कोई जरूरत नहीं है। मैं अपने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। बेलगाम पर महाराष्ट्र अपना दावा करता है जहां मराठी भाषी लोगों की खासी आबादी रहती है लेकिन यह जिला अभी कर्नाटक में आता है। बेलगाम विवाद को देखते हुए रविवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से कर्नाटक जाने वाली बस सेवा भी निलंबित कर दी गई थी लेकिन अब उसे बहाल कर दिया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस महीने की शुरुआत में दो मंत्रियों छगन भुजबल और एकनाथ शिंदे को कर्नाटक सरकार के साथ सीमा विवाद से संबंधित मामलों पर बातचीत तेज करने के सरकार के प्रयासों को देखने के लिए समन्वयक बनाया था।

## नक्सलियों ने पूर्व सरपंच को मारी गोली, घायल

**बीजापुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने पूर्व सरपंच को गोली मार दी। घायल पूर्व सरपंच को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के चिहका गांव के पूर्व सरपंच बोटी लेकाम को नक्सलियों ने गोली मार दी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि बीते रविवार की रात को हथियारबंद नक्सली लेकाम के घर पहुंचे और उसे घर से बाहर निकालकर गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी जब ग्रामीणों को मिली तब लेकाम को बीजापुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लेकाम के पैर में गोली मारी गई है तथा उसकी हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने लेकाम पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया है।

# जदयू को 2020 के विधानसभा चुनाव में अधिक सीटों पर लड़ना चाहिए : प्रशांत

**भाषा।** पटना



**संशोधित** नागरिकता कानून और एनआरसी को लेकर भाजपा के खिलाफ लगातार आक्रोश जाहिर करने के बाद जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर का कहना है कि बिहार में राजग की वरिष्ठ साझेदार होने के नाते उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुकाबले अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। दोनों दलों ने इस साल लोकसभा चुनाव में बराबर बराबर सीटों पर चुनाव लड़ा था। किशोर ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा, मेरे अनुसार लोकसभा चुनाव का फार्मूला विधानसभा चुनाव में दोहराया नहीं जा सकता।

वहीं भाजपा ने किशोर के इस बयान पर निराशा जाहिर की है। पार्टी बिहार में अपना पलड़ा भारी रखने की जुगत में है और नीतीश कुमार से खुद को कम आंकने के लिए कहीं से भी तैयार नहीं है।

राज्य में भाजपा के प्रवक्ता निखिल आनंद ने कहा, भाजपा शिष्टाचार, अनुशासन बनाए रखने और से सार्वजनिक बयान नहीं देने में यकीन रखती है जो सिर्फ खबरों के लिहाज से दिए जाएं। आनंद ने कहा 2020 के विधानसभा चुनावों के संबंध में राजग के सभी फैसले हमारे शीर्ष नेतृत्व के बीच होने वाली चर्चा के विषय हैं। किशोर ने कहा कि जदयू अपेक्षाकृत बड़ी पार्टी है जिसके करीब 70 विधायक हैं जबकि भाजपा के पास करीब 50 विधायक हैं। उन्होंने कहा यही नहीं, विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार को राजग का चेहरा बनाकर लड़ा जाना है। जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर ने कहा, अगर हम 2010 के विधानसभा चुनाव को देखें जिसमें जदयू और भाजपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था तो यह अनुपात 1:1.4 था। अगर इसमें इस बार मामूली बदलाव भी हो, तो भी यह नहीं हो सकता कि दोनों दल बराबर सीटों पर चुनाव लड़ें।

## राजस्थान सरकार ने राजस्थान माल एवं सेवा कर संशोधन अध्यादेश जारी किया

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान सरकार ने सोमवार को राजस्थान माल एवं सेवा कर संशोधी अध्यादेश, 2019 जारी किया है। एक सरकारी बयान के अनुसार अध्यादेश से राज्य में माल एवं सेवा कर प्रणाली लागू करने में सुगमता होगी। यह संशोधन। जनवरी 2020 से प्रभावी होगा। बयान के अनुसार। जुलाई, 2017 को पूरे देश में गुड्स एंड टैक्स 'जीएसटी लागू होने एवं जीएसटी परिषद से मंजूर होने के बाद केन्द्र सरकार ने उद्यमियों को रिटर्न दाखिल करने के सम्बन्ध में होने वाली असुविधाओं को देखते हुए माल एवं सेवा कर संशोधनी विधेयक, 2019 लोकसभा में पारित किया था। केन्द्र सरकार के संशोधन विधेयक के अनुरूप ही राज्यों में भी संशोधन विधेयक पारित किया जाना है।



कुच्छ (कांगला पोर्ट) में एक कैमिकल फैक्ट्री के गोदाम में लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी

## सभी राज्यों को सीएए लागू करना होगा: मेघवाल

**भाषा।** कोच्चि



**संशोधित** नागरिकता कानून सीएए के खिलाफ अधिकतर गैर भाजपा राज्यों के विरोध के बीच केंद्र ने सोमवार को कहा कि राज्यों को कानून लागू करना होगा क्योंकि संसद ने इसे मंजूरी दी है। संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सीएए पर केंद्र के साथ भाजपा के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में कहा, संविधान के तहत राज्यों को इसे सीएए लागू करना है।

उनके बयान के एक दिन पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन द्वारा विभिन्न राजनतिक दलों और सामाजिक धार्मिक संगठनों की बैठक में विवादास्पद कानून के खिलाफ संयुक्त प्रदर्शन करने का फैसला किया गया। केरल और पश्चिम बंगाल सहित कुछ गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों के कानून को लागू नहीं करने के फैसले से जुड़े सवालों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर कोई सरकार कहती है कि वह इसे लागू नहीं करेगी तो यह संविधान के अनुसार नहीं है, चाहे वह पश्चिम बंगाल , केरल, राजस्थान या मध्यप्रदेश की सरकार हो। यह संसद द्वारा पारित कानून है। राज्यों को इसे अपनाना होगा। यह राष्ट्र हित में है।

सीएए के खिलाफ एक जनवरी को कोच्चि में मुस्लिम संगठनों की बड़ी रैली के बारे में ध्यान दिलाने पर मंत्री ने कहा, मैं ना केवल केरल बल्कि समूचे देश के मुस्लिम समुदाय से कहना चाहता हूं कि चिंता करने की कोई बात नहीं है।

# वर्ष 2019: कर्नाटक में फिर खिला भाजपा का कमल

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में भाजपा का कमल मुरझाने के एक साल के भीतर ही 2019 में एक बार फिर खिल गया जब उसके कद्दावर नेता बी एस एदियुरप्पा ने कई दिनों तक चली राजनीतिक उठापटक के बाद दो साल में भगवा पार्टी की दूसरी बार सरकार बनाई। इस साल कर्नाटक को बेंगलुरु में स्थित इसरो के चंद्रयान-2 मिशन के लगभग सफल होने, इंफोसिस विवाद और अरबपति उद्योगपति वी जी सिद्धार्थ समेत कई चर्चित हस्तियों की मौत के कारण याद किया जाएगा।

राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए जोरशोर से चले प्रचार अभियान के साथ शुरू हुए इस साल का अंत सत्तारूढ़ भाजपा के लिए सुखद नहीं हुआ। मेंगलुरु में सीएए विरोधी प्रदर्शन के हिंसक होने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। लोकसभा चुनाव में भाजपा की लहर के आगे पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा को भी हार का स्वाद चखना पड़ा। भाजपा ने 28 सीटों में से विपक्ष के लिए केवल दो सीटें छोड़ीं।

देवेगौड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, के एच मुनियप्पा और वीरप्पा मोइली को लोकसभा चुनाव में शिकस्त मिली। संसदीय चुनावों में हार के बाद आंतरिक मतभेदों के चलते राज्य की तत्कालीन जदएस-कांग्रेस सरकार गिर गई। गठबंधन सरकार का पहला विकेट चिंचोली से कांग्रेस विधायक उमेश जाधव के रूप में गिरा। उन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए मार्च में इस्तीफा दे दिया और गुलबर्गा से कांग्रेस के दिग्गज नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को हराकर लोकसभा सांसद बने। जुलाई में गठबंधन सरकार की परेशानियां तब बढ़ गई जब उसके 14 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया और बाद में यह संख्या बढ़कर 17 हो गई इसके बाद मुख्यमंत्री कुमारस्वामी विधानसभा में विश्वास मत हार गए जिसके साथ ही एदियुरप्पा सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया। एदियुरप्पा ने सदन में बहुमत साबित किया। हालांकि गठबंधन सरकार गिरने के जिम्मेदार 17 कांग्रेस-जदएस विधायकों को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष ने दलबदल रोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित कर दिया।

बहरहाल, अयोग्य करार दिए विधायकों ने इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी और उनमें से 13 ने सबीच्च अदालत की व्यवस्था के बाद भाजपा के टिकट पर, पांच दिसंबर को संपन्न उपचुनाव लड़ा।

इनमें से 11 की जीत के साथ ही एदियुरप्पा ने सरकार के टिके रहने के लिए आवश्यक बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। 2019 में बाढ़ ने राज्य में तबाही मचाई।

## गहलोत हैं मानसिक अवसाद से ग्रस्तः सतीश पूनिया

**जयपुर (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर व्यक्तिगत हमला करते हुए सोमवार को कहा कि वह मानसिक अवसाद से ग्रस्त हैं और उनके पास आरएसएस, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नामों की माला जपने एवं उनके बारे में अनर्गल बयानबाजी करने के अलावा दूसरा कोई काम नहीं है। पूनिया ने कहा, कांग्रेस दो टुकड़ों में बंटी हुई है, जिससे मुख्यमंत्री कुर्सी जाने के डर से आशंकित है। वह सुबह से लेकर शाम तक कुर्सी को बचाने की तिकड़मों से असंतुलित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में राज्य में कोई विकास कार्य नहीं हुआ और मुख्यमंत्री अपनी असफलता को छुपाने के लिए, एवं जनता का ध्यान भटकाने के लिए आरएसएस और भाजपा के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं।

# संशोधित नागरिकता कानून देश के लिए भेदभावपूर्ण और खतरनाकः अमरिंदर

**भाषा।** लुधियाना

**पंजाब के** मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने यहां सोमवार को कहा कि संशोधित नागरिकता कानून 'सीएए' देश के लिए भेदभावपूर्ण और खतरनाक है। उन्होंने दोहराया कि पंजाब में सीएए को लागू नहीं किया जाएगा। सिंह ने यहां विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को खतरनाक कानून के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस कानून के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के भेदभावपूर्ण और खतरनाक प्रयासों के खिलाफ भारतीयों को एकजुट होना चाहिए उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशा कुमारी और सुनील जाख भी थे। सिंह ने कहा, मेरी सरकार पंजाब में सीएए को लागू नहीं करेगी और कांग्रेस इसके खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेगी।

### इंदौर में सीएए, एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** संशोधित नागरिकता अधिनियम सीएए और संभावित राष्ट्रीय नागरिक पंजी 'एनआरसी' के खिलाफ सोमवार को यहां मुस्लिम बहुल इलाकों में विरोध प्रदर्शन किए गए। खजराना, बम्बई बाजार, आजाद नगर और कुछ अन्य इलाकों में हुए इन प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इनमें मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ अन्य धर्मों के विद्वानों और संतों ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तिरंगा और सीएए-एनआरसी विरोधी संदेश लिखी तख्तियां थाम रखी थीं। वे हिंदुस्तान जिंदाबाद और संविधान बचाओ के नारे भी लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि केंद्र सरकार सीएए को फौरन वापस ले और एनआरसी को कभी लागू नहीं किया जाए। उन्होंने अपनी मांगों के संबंध में पुलिस और प्रशासन के अफसरों को ज्ञापन भी सौंपे।अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन स्थलों पर सावधानी के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### पलामू में गोमांस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (भाषा)।** पुलिस ने पलामू जिले के पाटन थानान्तर्गत कांके गांव से 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से गोमांस बरामद किया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान शरीफ आलम के रूप में हुई है पाटन थानाधिकारी महाबीर इक्का ने बताया कि रविवार को स्थानीय लोगों ने पांकी थाना क्षेत्र के गढ़ गांव से गोमांस के साथ कांके आ रहे आलम को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।



कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकारों से मिलते पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ व उनकी पत्नी स्वदेश धनखड़

# चार श्रम संहिताओं के साथ 2020 रहेगा सुधारों का वर्ष

भाषा। नई दिल्ली

**साल** 2020 में 44 से अधिक केंद्रीय श्रम कानूनों के चार संहिताओं में समाहित होने की उम्मीद है। निवेश आकर्षित करने और आर्थिक नरमी से निपटने के लिए सरकार के श्रम बाजार के संबंधी प्रस्तावित कदमों से नया साल श्रम सुधारों का साल हो सकता है। श्रम कानून प्रभावी तरह से लागू हो इसके लिए श्रम मंत्रालय अगले महीने संतुष्टे पोर्टल लाने पर भी विचार कर रहा है। सरकार को 2020 में वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक एवं व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल की दशाओं को लेकर चार संहिताओं के लागू होने की संभावना है। इससे कारोबार करने में आसानी और श्रमिकों के हित की रक्षा होगी।

श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि साल 2020 श्रम सुधारों का वर्ष रहेगा। चारों संहिताओं के 2020 में हकीकत में तब्दील होने की उम्मीद है। इन संहिताओं से कर्मचारियों और नियोक्ताओं के हितों

## ● श्रम कानून प्रभावी तरह से लागू हो इसके लिए श्रम मंत्रालय अगले महीने संतुष्ट पोर्टल लाने पर भी विचार कर रहा है

की रक्षा होगी। हमने श्रमिकों के साथ-साथ कर्मचारियों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर के छह साल के निचले स्तर पर चले जाने के बीच ए श्रम सुधार काफी अहमियत रखते हैं। खुदरा मुद्रास्फीति या उपभोक्ता मूल्य आधारित सूचकांक 'सीपीआई नवंबर महीने में 40 महीने के 'चे स्तर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई। गंगवार ने कहा कि यूनियनों और नियोक्ताओं के साथ कई त्रिपक्षीय बैठकों के बाद हमने चारों संहिताओं को लोकसभा में पेश किया। इसके अलावा सभी संहिताओं को समीक्षा के लिए स्थाई समिति के पास भेजा



है। दूसरे राष्ट्रीय श्रम आयोग की सिफारिशों के मुताबिक, मंत्रालय कानून के प्रावधानों को सरल और तर्कसंगत बनाने के लिए 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को संहिता में परिवर्तित कर रहा है। संसद ने वेतन संहिता को मंजूरी दे दी है।

संहिता के तहत नियमों को तैयार करने के बाद कानून लागू किया जाएगा। शेष तीनों संहिताओं को श्रम पर संसद की स्थाई समिति के पास भेजा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों और श्रमिकों की शिकायतों के समाधान के साथ ही जमीनी स्तर पर श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमारी योजना एक नया पोर्टल 'संतुष्ट' पेश करने की है। इस पोर्टल के अगले महीने पेश होने की उम्मीद है। यह एक आंतरिक प्रदर्शन निगरानी प्रकोष्ठ होगा। जिसमें पांच-छह अधिकारी होंगे। यह कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) जैसी सामाजिक सुरक्षा निकायों के प्रदर्शन की निगरानी करेगा। संगठित क्षेत्र से इतर सरकार ने 2019 में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पेश की। इस योजना के तहत रिक्शा चालक, मोची, घरेलू नौकर समेत अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 3000 रुपए मासिक की न्यूनतम पेंशन मिलेगी। योजना के पोर्टल के मुताबिक, असंगठित क्षेत्र के करीब 40 लाख कर्मचारी इस योजना के तहत नामांकन करा चुके हैं। 2020 में यह देखना है कि इससे कितने और लोग जुड़ते हैं। सरकार असंगठित क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करेंगी क्योंकि देश में इस क्षेत्र में 40 करोड़ से ज्यादा लोग काम करते हैं।

# सरकार हुवावेई को भी देगी 5जी के परीक्षण के लिए स्पेक्ट्रमः प्रसाद



**नई दिल्ली।** सरकार ने हुवावेई सहित नेटवर्क उपकरण प्रदादाताओं और दूरसंचार सेवा कंपनियों को परीक्षण के लिए 5जी स्पेक्ट्रम देने का फैसला किया है। दूरसंचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने सोमवार को कहा, हमने सभी कंपनियों को परीक्षण के लिए 5जी स्पेक्ट्रम देने का फैसला किया है। प्रसाद ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि इस बारे में सैद्धान्तिक तौर पर फैसला ले लिया गया है। उन्होंने कहा, 5जी भविष्य है, यह रफ्तार है। हम 5जी में नए नवोन्मेषण को प्रोत्साहन देंगे। सूत्रों ने बताया कि हुवावेई सहित सभी आपरेटर और वेंडर इस परीक्षण में शामिल किए जाएंगे।





# सरकार 2020 में एक लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाएगी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने अगले साल प्याज का एक लाख टन का बफर स्टॉक बनाने का निर्णय किया है। हाल में प्याज के दाम में उछाल तथा आगे सी स्थिति से बचने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह कहा।

सरकार ने चालू वर्ष में प्याज का 56,000 टन का बफर स्टॉक तैयार किया था लेकिन यह बढ़ती कीमत को थामने में नाकाम रहा। प्याज के दाम अभी भी ज्यादातर शहरों में 100 रुपए किलो से पर चल रहे हैं। परिणामस्वरूप, सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की एमएमटीसी के जरिए प्याज आयात के लिए विवश होना पड़ा है। अधिकारी ने कहा, गृह



मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हाल में मंत्री समूह की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। यह निर्णय किया गया है कि अगले साल के लिए करीब एक लाख टन का बफर स्टॉक सृजित किया जाएगा। सरकार की तरफ से बफर स्टॉक रखने वाली संस्था नाफेड 'भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन परिसंघी अगले साल यह जिम्मेदारी निभाएगा। नाफेड मार्च-जुलाई के दौरान रबी मौसम में उत्पादित होने वाले प्याज की खरीदारी करेगा। इस प्याज का जीवनकाल अधिक होता है।

खरीफ मौसम में उत्पादक क्षेत्रों में देर तक मानसूनी बारिश और बाद में बेमौसम भारी बारिश के कारण इस साल प्याज के उत्पादन में 26 प्रतिशत गिरावट आई है। इसका असर कीमत पर पड़ा है। सरकार ने प्याज के दाम में तेजी पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाएं हैं। इसमें निर्यात पर पाबंदी, व्यापारियों पर भंडार सीमा के अलावा बफर स्टॉक और आयात के जरिए सस्ती दर पर प्याज की बिक्री शामिल हैं।सरकार के पास जो बफर स्टॉक था, वह समाप्त हो चुका हैं। सस्ती दर पर ग्राहकों को उपलब्ध कराने के लिए अब आयातित प्याज की बिक्री की जा रही है।

# बीएसएनएल ने नवंबर के वेतन आपूर्तिकर्ताओं का 1,700 करोड़ रुपए का किया भुगतान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पी के पुरवार ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने विभिन्न सामानों की आपूर्ति करने वालों (वेंडर) तथा ठेकेदारों के 1,700 करोड़ रुपए के बकाए का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने अपने कर्मचारियों का नवंबर महीने का वेतन भी दे दिया है। पुरवार ने कहा, बीएसएनएल के वेंडरों और ठेकेदारों को 1,700 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके उपक्रम पर कुल मिलाकर कर्जदाताओं के 10,000 करोड़ रुपए बकाया हैं। पुरवार ने कहा, कर्मचारियों के नवंबर महीने का वेतन भी जारी कर दिया गया है। कंपनी का मासिक वेतन खर्च करीब 800 करोड़ रुपए बनता है। इस साल अक्टूबर में सरकार ने बीएसएनएल और एमटीएनएल को पटरी पर लाने के लिए 69,000 करोड़ रुपए के पुनरूद्धार पैकेज को मंजूरी दे दी। इसमें घाटे में चल रही दो कंपनियों का विलय, उनकी संपत्ति को भुनाना तथा कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना देना ताकि इकाई दो साल में लाभ में आ जाए। दोनों कंपनियों ने वीआरएस योजना शुरू की और उसके लगभग 92 हजार कर्मचारियों ने यह विकल्प चुना।

# एमएसएमई क्षेत्र में 2020 में आएगा बड़ा बदलाव

भाषा। नई दिल्ली

**देश का** सूक्ष्म, लघु एवं मझेला उपक्रम 'एमएसएमई' क्षेत्र 2020 में बड़े बदलाव के लिए तैयार है। विशेषज्ञों का कहना है कि अलीबाबा जैसे ई-मार्केटप्लेस, लोगों को लुभाने वाले खादी उत्पादों और उद्यमियों को डिजिटल डाटा आधारित रेटिंग्स आदि कर्ज की सुविधा से नए साल में दस क्षेत्र में कई नए बदलाव दिखेंगे। एमएसएमई क्षेत्र का देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान रहता है। इस क्षेत्र के लिए कर्ज की सुविधा में बड़े सुधारों और नीतिगत हस्तक्षेप की मांग उठती रही है। इस क्षेत्र में कारोबार सुगमता की स्थिति में सुधार तथा प्रौद्योगिकी उन्नयन से रोजगार के नए अवसरों के सृजन की बड़ी संभावनाएं हैं। इससे आयात की जरूरत को भी कम किया जा सके।

देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान 29 प्रतिशत का है, जबकि देश के निर्यात में इस क्षेत्र का हिस्सा 48 प्रतिशत है। केंद्र सरकार ने 2024 तक देश की अर्थव्यवस्था को 5,000 अरब

## ● अर्थव्यवस्था में देगा बड़ा योगदान

डॉलर पर पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। से में केंद्र का उम्मीद है कि इसमें एमएसएमई क्षेत्र का हिस्सा 2,000 अरब डॉलर रहेगा। नितिन गडकरी की अगुवाई वाले एमएसएमई मंत्रालय ने उस समय क्षेत्र में पांच करोड़ अतिरिक्त रोजगार के अवसरों के सृजन का लक्ष्य भी रखा है। इन दो महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पाने के लिए एक तेजतर्रार नीतिगत रूपरेखा की जरूरत है। गडकरी ने हाल में कहा था कि सरकार जल्द एमएसएमई की परिभाषा में बदलाव को अंतिम रूप देगी। विशेषज्ञें का मानना है कि यह क्षेत्र के लिए एक बड़ा सुधार होगा। एमएसएमई को संयंत्र और मशीनरी में निवेश के बजाय सालाना कारोबार के आधार पर वर्गीकृत करने से कारोबार सुगमता की स्थिति भी बेहतर हो सकेगी। हालांकि, एमएसएमई क्षेत्र को सस्ता कर्ज उपलब्ध कराना आज भी एक बड़ी चुनौती है। क्रेडिटवॉच की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी 'सीईओ मेघना सूर्यकुमार ने कहा कि देश में पांच करोड़ लघु एवं मझेले उपक्रम हैं, जिनकी समक्ष नकदी का संकट है। भरोसे की कमी और गारंटी के लिए कुछ उपलब्ध नहीं करा पाने की वजह से इनमें से सिर्फ 15 प्रतिशत की औपचारिक ण तक पहुंच है। खादी एवं ग्रामोद्योग खंड (केवीआईसी) एमएसएमई की वृद्धि में प्रमुख योगदान देगा। केवीआईसी के चेयरमैन विनय कुमार सक्सेना ने भरोसा जताया कि यह क्षेत्र 2020 में एक लाख करोड़ रुपए के कारोबार के आंकड़े को पार कर जाएगा जिससे उल्लेखनीय रूप से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। सक्सेना ने कहा कि 2020 तक चार लाख लाभार्थियों को केवीआईसी की विभिन्न योजनाएं के तहत रोजगार मिलेगा। इनमें 20,000 को हनी मिशन, 1,20,000 को कुम्हार सशक्तीकरण कार्यक्रम, 75,000 को चमड़ा कारीगरों के सशक्तीकरण और 1,97,000 को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत इन योजनाओं का लाभ मिलेगा।


# घरेलू, वैश्विक मोर्चे पर संकेतकों के अभाव में सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर

भाषा। मुंबई,

**घरेलू के** अलावा वैश्विक मोर्चे पर संकेतकों के अभाव में सोमवार को उतारर-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद हुए। साल की समाप्ति से पहले छुट्टियों के बीच निवेशक बाजार में अधिक गतिविधियां नहीं कर रहे हैं।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान करीब 260 अंक के दायरे में घट बढ़ के बाद अंत में 17.14 अंक या 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,558 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 41,714.73 अंक के उच्चस्तर तक गया। इसने 41,453.38 अंक का निचला स्तर भी छुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 10.05 अंक या 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,255.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में




आईसीआईसीआईसीआई बैंक का शेयर सबसे अधिक 0.99 प्रतिशत टूटा। एसबीआई, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स और एक्सिस बैंक भी नुकसान में रहे।वहीं दूसरी ओर नेस्ले इंडिया, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल और टाटा स्टील के शेयर लाभ में रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार सीमित दायरे में रहा। ताजा संकेतकों के अभाव में निवेशक प्रभावित हुए और उन्होंने बड़े शेयरों को लेकर सतर्कता का रुख अपनाया। लेकिन मिड और स्मॉलकैप में पूंजी का प्रवाह हुआ जिससे उनका प्रदर्शन व्यापक बाजार रुख से बेहतर रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में घरेलू मोर्चे से किसी बड़ी खबर का अभाव रहा। आगामी दिनों में निवेशकों की निगाह वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों तथा जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी। अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई, हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। वहीं जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार नुकसान में कारोबार कर रहे थे। अंतर बैंक विदेश विनिमय बाजार में रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 71.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। ब्रेंट वायदा मामूली बढ़त के साथ 66.94 डॉलर प्रति बैरल पर था।

# भारतीय स्टेट बैंक ने कर्जों के लिए मानक ब्याज में 0.25 प्रतिशत की कमी की

भाषा। मुंबई

**देश के** सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कर्ज के लिए बाह्य मानकों पर आधारित अपनी ब्याज दर 'ईबीआरी को 0.25 प्रतिशत कम कर 7.80 प्रतिशत करने की सोमवार को घोषणा की। अभी यह दर 8.05 प्रतिशत थी। नई दर पहली जनवरी 2020 से प्रभावी होगी। बैंक के इस निर्णय से उसके आवास ण पर ब्याज कम हो जाएगा और उससे ईबीआर के आधार पर कर्ज लेने वाले सूक्ष्म, लघु और मझेले उद्यमों पर भी ब्याज के बोझ में प्रति सैकड़ा 25 पैसे की कमी हो जाएगी। बैंक नए आवास रिण वार्षिक 7.90 प्रतिशत की दर से पेश करेगा। अब तक यह दर 8.15 प्रतिशत थी।भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक ने पहली अक्टूबर 2019 से ईबीआर आधारित ब्याज की व्यवस्था लागू की है। बैंक




ने इसके तहत। अक्टूबर 2016 से सूक्ष्म, लघु और मझेले उद्यमों, आवास खरीदारों तथा खुदरा ग्राहकों के लिए परिवर्तनशील दर पर लिए गए कर्जों का ब्याज रिजर्व बैंक की रेपो दर 'जिस दर पर वह बैंकों को फौरी जरूरत के लिए नकद धन देता हैं में घट बढ़ के आधार पर समायोजित करने का निर्णय लागू किया है। इसके तहत बैंक तीन माह एक बार अपने कर्ज की ब्याज दरों को समायोजित कर सकते हैं।भारतीय रिजर्व बैंक ने इस वर्ष फरवरी से कुल मिला कर रेपो दर 1.35 प्रतिशत कम की है। लेकिन बैंक उसका लाभ ग्राहकों को देने में धीमे रहे हैं। उनकी ओर से ब्याज में औसतन 0.44 प्रतिशत की ही कटौती की गई है।

# समार्ट फोन ने मंदी को स्मार्ट तरीके से दूर रखा 2019 में

भाषा। नई दिल्ली

**देश में** मांग में गिरावट के दौर में स्मार्ट फोन बाजार कार और बिस्कुट बाजार से स्मार्ट साबित हुआ। नए नए उत्पादों फीचर के साथ पेश किए गए उत्पादों के साथ शहरी और ग्रामीण बाजारों में 2019 के दौरान स्मार्ट फोन की मांग तेज बनी रही।

विश्लेषकों का अनुमान है कि वर्ष 2019 में इस बाजार की वृद्धि 9 प्रतिशत के आस पास रही है और अगले साल यह 12-14 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। बाजार के जानकार लोगों का अनुमान है कि नव वर्ष 2020 में भी स्मार्ट मोबाइल फोन हैंडसेट बाजार में तेजी बनी रहेगी। स्मार्ट फोन आज बैंक से लेनदेन, सामाजिक संवाद-संपर्क, प्रमाणन, घरेलू खरीद से ले कर रास्ता दिखाने तक के लिए जरूरी साधन बनते जा रहे हैं। सरकार एपल और वैश्विक ख्याति वाले अन्य ब्रांडों को भारत में हैंडसेट बनाने के लिए प्रोत्साहित करने की नीति को बढ़ावा दे रही है। सरकार चाहती है कि ए कंपनियां भारत को अपने विनिर्माण और निर्यात कारोबार को नए केंद्र के रूप में विकसित करें। इससे भी भारत में इस बाजार के मजबूत होने की उम्मीद है।

विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में नए वर्ष में स्मार्ट फोन की बिक्री दस प्रतिशत के करीब तक रहेगी। बाजार विश्लेषक काउंटरप्वाइंट रिसर्च एसोसिएट के निदेशक तरुण पाठक का अनुमान है कि 2019 में स्मार्ट फोन की बिक्री करीब 9 प्रतिशत बढ़ी है। 2020 में वृद्धि 12-14 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। उनका अनुमान है कि 2022 तक भारत में 70 करोड़ लोगों के पास स्मार्ट फोन होंगे और अगले चार साल में से हैंड सेट की सालाना बिक्री एक अरब हैंडसेट तक जा सकती है। एक मोटी गणना के अनुसार वर्ष 2019 की पहली तीन तिमाहियों में 11.5 करोड़ स्मार्टफोन बिके। बाजार में शियाओमी, सैमसंग, वीवो, ओप्पो और रीयलमी जैसे नाम छाए रहे। बाजार में 5,000-10,000 रुपए की जगह 10,000-15,000 रुपए के बीच के यंत्रों की ओर झुकाव बढ़ता दिखा। इंटरनेशनल डाटा कार्पोरेशन (आईडीसी) के अनुसार भारत में 80 प्रतिशत लोग 200 डालर यानी 15,000 रुपए से नीचे के हैंडसेट



खरीदते है। लेकिन 21-22 हजार रूपए से 35,000 हजार रुपए हैंडसेट के बाजार में कई गुना उछाल दिखा। इस बाजार में शियाओमी, ओपो और वनप्लस जैसे ब्रांडों दबदबा रहा। सरकार ने वर्ष के दौरान ने एक नई इलेक्ट्रानिक विनिर्माण नीति पेश की। वह वैश्विक विनिर्माताओं को भारत में कारखाना लगा कर यहां से निर्यात को प्रोत्साहित करना चाहती है। इस नीति में 2025 तक भारत में सालाना एक अरब मोबाइल फोन के विनिर्माण का लक्ष्य रखा गया है। नई विनिर्माण इकाइयों पर कापीरेट कर की दर 22ञ से घटा कर 15 प्रतिशत करने के सरकार के निर्णय से भी वैश्विक कंपनियों देश में आने की उम्मीद बढ़ी है। निवेश के लिए वातावरण और अनुकूल बनाने के कदमों और काफी बातचीत के बाद एपल ने आईफोन एक्सआर भारत में बनाना शुरू किया है। इसी तरह वर्ष के दौरान सालकॉम्प ने भारत में 2000 करोड़ रुपए की निवेश की घोषणा की और नोएडा एसईजेड में नोकिया के कारखाने के अधिग्रहण का करार किया।

सालकॉम्प आईफोन के लिए चार्जर का विनिर्माण करती है। उसकी नोएडा इकाई के मार्च 2020 तक चालू हो जाने की उम्मीद है और वहां 10,000 लोगों को रोजगार मिल सकता है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि 5जी नेटवर्क सेवाओं के शुरू होने बाद और अधिक उन्नत स्मार्ट फोन की मांग बढ़ेगी। टेक एआरसी के संस्थापक और मुख्य विश्लेषक फैसल कावूसा ने कहा कि भारत में 5जी फोन सम्मान जनक संख्या 2020 के उत्तरार्ध तक ही दिख सकती है। उनकी राय में भारत में ग्राहकों को 10-25 हजार रुपए के बीच के अपनी पहुंच के अंदर आने वाले 5जी स्मार्ट फोन के लिए सात से आठ तिमाही का इंतजार करना पड़ सकता है।

# बैंकिंग क्षेत्र को सुधारों, ऋण समाधान से अच्छे दिन बहुरने की उम्मीद

भाषा। नई दिल्ली

**अटके** कर्ज और धोखाधड़ी जैसी गंभीर समस्याओं से पूरे साल जूझ रहे भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को सरकारी मदद और सुधारवादी उपायों से नए वर्ष में अच्छे दिन फिर से लौटने की उम्मीद है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों का अलग अलग समूह में विलय कर कुछ बड़े बैंकों की स्थापना के साथ-साथ उनमें भारी पूंजी निवेश करने का कदम उठाया है। सरकार ने बैंक अधिकारियों को ईमानदारी से किए गए व्यावसायिक फैसलों के लिए संरक्षण देने का भी भरोसा दे कर बैंक अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया है।

वर्ष 2020 को लेकर मजबूत उम्मीद दिखाते हुए वित्त सचिव राजीव कुमार ने कहा, हर बुनियादी पक्ष यही संकेत दे रहा है कि अगले साल वृद्धि अच्छी होगी तथा भविष्य और अच्छा होगा। अर्थव्यवस्था को नरमी में फंसते देख सरकार और रिजर्व बैंक ने पिछले कुछ महीनों में कई कदम उठाए हैं ताकि बैंकों की स्थिति मजबूत हो और उनके पास कर्ज देने को धन की उपलब्धता बढ़े और कर्ज सस्ते हों। इसके साथ ही गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को संकट से उबारने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। फंसे कर्ज के समाधान के चालू वित्त वर्ष में 13 सरकारी बैंक पुन: लाभ दिखाने में सफल रहे हैं। इससे पिछले साल से केवल 6 सरकारी बैंक थे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सितंबर 2019 तक करीब 52 हजार करोड़ रुपए के पुराने फंसे कर्ज की वसूली की। आलोक इंडस्ट्रीज और भूषण पावर एंड स्टील जैसे अवरुद्ध कर्ज के बड़े मामलों के समाधान होने पर चालू वित्त वर्ष में से कर्जी की वसूली एक लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी। सरकारी बैंकों की हालत सुधारने के लिए वर्ष के दौरान पूंजी सहायता और एकमुश्त निपटान 'ओटीएसी जैसे कई उपाय किए गए।

वर्ष के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों का सकल एनपीए सितंबर 2019 के अंत में घट कर 7.27 लाख करोड़ रुपए पर आ गया जो कि मार्च 2018 में 8.96 लाख करोड़ रुपए था। इसी तरह इन बैंकों का प्रावधन कवरेज 'पीसीआरी गत सितंबर में 76.6 प्रतिशत रहा जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। सरकार ने



सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत बनाने की अब तक एक सबसे बड़ी पहल के तहत उनके विलय की एक वृहद योजना शुरू की। इससे इनकी संख्या 18 से घट 12 हो जाएगी। यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया और ओरियंटल बैंक को पंजाब नेशनल बैंक में मिलाने की योजना है। इसके बाद ए बैंक मिलकर दूसरे नंबर का सबसे बड़ा बैंक हो जाएंगे।

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को शुरू में ही 55,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत सहायता देने का निर्णय किया। इससे ए बैंक कुल मिला कर 5 लाख करोड़ रुपए और इससे अधिक कर्ज देने की स्थिति में आ सकेंगे। बैंकों को नई पूंजी मिलने के बाद रिजर्व बैंक ने इस साल दो बार में पांच सरकारी बैंकों -बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ महाराष्ट्र, आरियंटल बैंक आफ कामर्स , इलाहाबाद बैंक और कापीरेशन बैंक पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई 'पीसीएी की पाबंदी हटा ली है।

इंडियन ओवरसीज बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, यूको बैंक और यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया पर अब भी पीसीए के तहत कर्ज देने, प्रबंधकों का वेतन बढ़ाने और निदेशकों की फीस के निर्धारण जैसे मामलों में फैसला करने की आजादी नहीं है। उम्मीद है कि अगले साल इन पर से पीसीए हट जाएगा। वित्त मंत्री ने अगस्त 2019 में अर्थव्यवस्था को गति देने के कुछ उपायों की घोषणा की। उसके बाद सरकारी बैंकों ने आवास, वाहन, शिक्षा और व्यक्तिगत कार्य के लिए तथा सूक्ष्म, छोटे-मझेले उद्यमों को कारोबार के लिए रेपो आधारित 11.68 लाख कर्ज मंजूर किए हैं। इनके तहत कुल 1.32 लाख करोड़ रुपए की रिण सहायता दी गई है। सरकार ने धन की तंगी में उलझे गैर बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र और आवास रिण कंपनियों के लिए आंशिक रिण गारंटी योजना लागू करने का निर्णय किया है। इसके तहत सरकार ने बैंकों को इन कंपनियों के एक लाख करोड़ रुपए तक के अच्छे एकत्रित कर्जों को खरीदने में एक निश्चित अविध के अंदर एकबारगी नुकसान की भरपाई की आंशिक गारंटी दी है। राष्ट्रीय आवास बैंक से आवास ण कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त रिण की सुविधा की गई है। सरकार ने बैंकों की आंतरिक सलाकार समितियों को निर्देश दिया है कि बैंकों को जांच के मामलों को सतर्कता और गैर सतर्कता विषय वर्गी में वगीकृत करना होगा। इससे सच्चे व्यावसायिक निर्णयों के लिए अधिकारियों को बाद में परेशानी बचाया जा सकेगा और अधिकारी फैसले लेने से भयभीत नहीं होंगे। दिसंबर के आखिरी सप्ताहांत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को आश्वासन दिया कि अधिकारियों को ईमानदारी से किए गए व्यवसायिक निर्णयों का बचाव किया जाएगा। उन्होंने यह आश्वान भी दिया की सरकारी जांच एजेंसियों द्वारा अधिकारियों को परेशान किए जाने को लेकर व्यक्त किए जाने वाली आशंकों को दूर करने के उपाय किए जाएंगे। बैंकिग एवं वित्तीय सेवा सचिव राजीव कुमार ने कहा कि एनपीए में कमी हो रही है और प्रावधान कवरेज का अनुपात अब तक के उच्चतम स्तर पर है। एनपीए की पहचान की प्रक्रिया पूरी होने को है। इस वर्ष सितंबर अंत में बैंकों की सकल एनपीए का स्तर 9.3 प्रतिशत था। यह वित्त वर्ष 2018 के 11.2 प्रतिशत की तुलना में घटा है। लेकिन ताजा वित्तीय स्थिरता रपट 'एफएसआरी में कहा गया है कि सितंबर 2020 तक सकल एनपीए फिर बढ़ कर 9.9 प्रतिशत पर पहुंच सकती है। पंजाब नेशनल बैंक में 14,000 करोड़ रुपए की नीरव मोदी धोखाधड़ी से जुड़े मामलों से निपटने में बैंक और सरकारी एजेंसियां पूरे वर्ष जूझती रही। इस बीच इस साल पंजाब एंड महाराष्ट्र को-आपरेटिव बैंक 'पीएमसी बैंक में अधिकारियों और बड़े व्यवसाई कर्जदार की मिली भगत से घोटाले का भांडाफोड़ हुआ। रिजर्व बैंक ने पीएमसी बैंक पर पाबंदी लगा दी हैं। बैंक में कथित रूप से 4,355 करोड़ रुपए का कर्ज घोटाला सामने आया है।

# अमेरिका ने इराक, सीरिया में ईरान समर्थित समूह के खिलाफ हमले किए

एएफपी। बगदाद

**अमेरिका** ने इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह के खिलाफ हवाई हमले किए जिसमें 15 लड़ाके मारे गए। यह हमला तब किया गया है जब दो दिन पहले एक रॉकेट हमले में अमेरिका का एक असैन्य ठेकेदार मारा गया था।

इराक के एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि रविवार को हुए हमले से कुछ घंटे पहले इराक की राजधानी के समीप स्थित अमेरिकी बलों के एक अड्डे के नजदीक चार रॉकेट गिरे। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। तेहरान समर्थित हाशेद अल-शाबी अर्द्धसैन्य बल के एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी इराक में अमेरिका के हमलों में 15 लड़ाके मारे गए। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने एक बयान में बताया, कताइब हिजबुल्ला के इराकी अड्डों पर हमलों के जवाब में गठबंधन बलों, अमेरिकी सेना ने इराक और सीरिया में हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ सटीक रक्षात्मक हमले किए।



सोमालिया की राजधानी में हुए भयंकर बम विस्फोट के बाद विस्फोट स्थल का जायजा लेते पुलिसकर्मी

### सोमालिया विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 81 हुई : सरकार

**मोगादिशू (एएफपी)।** सोमालिया की राजधानी में हुए भयंकर बम विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़ कर 81 पर पहुंच गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने लापता लोगों की तलाश जारी रहने के बीच सोमवार को यह जानकारी दी। मोगादिशू के भीड़-भाड़ वाले चौराहे पर शनिवार को हुआ विस्फोट पिछले दो वर्षों में देश में हुआ सबसे घातक विस्फोट था।

अब तक किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल्लाही मोहम्मद ने इसके लिए इस्लामी संगठन अल शबाब को जिम्मेदार ठहराया है। यह संगठन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन प्राप्त सरकार को गिराने की दशकों की कोशिश के तहत कार बम विस्फोट एवं अन्य हमलों को अंजाम देता रहा है। सोमालिया के सूचना मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल मुख्तार ने कहा, मृतकों की कुल संख्या फिलहाल 81 है। दो घायलों ने भी दम तोड़ दिया।

मुख्तार ने कहा कि दम तोड़ने वाले इन घायलों में तुर्की के सैन्य विमान के जरिए रविवार को तुर्की ले जाया गया व्यक्ति भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है जहां बचाव अभियान तीसरे दिन भी जारी है। हमले के बाद से करीब 24-25 लोग लापता लोगों की सूची में शामिल किए गए थे लेकिन 12 लोगों का पता चल गया-इनमें से पांच मरे हुए मिले और बाकी की पहचान नहीं हो पाई है। शनिवार के विस्फोट में करीब 125 लोग घायल हो गए थे।

## चीन में जेल में बंद प्रोटेस्टेंट पादरी को नौ साल की सजा

**बीजिंग (भाषा)।** चीन की एक अदालत ने एक अनाधिकारिक प्रोटेस्टेंट गिरजाघर के जेल में बंद पादरी को शासन के खिलाफ जुर्म के मामले में सोमवार को नौ साल की सजा सुनाई। आधिकारिक अदालती वेबसाइट पर की गई घोषणा के अनुसार, चीन के दक्षिण-पश्चिम चेंगदू शहर की एक अदालत ने पादरी वांग ई को अवैध कारोबार करने का भी दोषी ठहराया। पिछले साल सरकार ने वांग ई के अली रेन कोवेनेंट चर्च पर कार्रवाई की थी। अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान दिसंबर 2018 में वांग को हिरासत में लिया था। इस दौरान उसके भूमिगत चर्च के कई सदस्य लापता हो गए थे। चीन की आधिकारिक रूप से नास्तिक सरकार अपने नियंत्रण के बाहर किसी भी संगठन की गतिविधियों को लेकर चौकन्ना रहती है। चीन में ईसाई समुदाय के लोग अनाधिकारिक/ भूमिगत गिरजाघरों और सरकार से मान्यताप्राप्त गिरजाघरों के बीच बंटे हुए हैं। सरकार से स्वीकृति वाले गिरजाघरों में कम्यूनिस्ट पाटी के गीत भी बजाए जाते हैं।

# तालिबान ने उत्तरी अफगानिस्तान में हमला किया, सुरक्षा बल के 14 सदस्यों की मौत

एपी। काबुल

**तालिबान** ने उत्तरी अफगानिस्तान में सुबह होने से पहले सोमवार को सरकार समर्थित मिलिशिया के परिसर पर हमला किया जिसमें अफगान सुरक्षा बलों के 14 सदस्यों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। तालिबान ने फौरन हमले की जिम्मेदारी ले ली। इस हमले से कुछ घंटे पहले तालिबान ने बताया था कि उनके काउंसिल के नेताओं के बीच अस्थाई देशव्यापी संघर्ष विराम पर सहमति बनी है। यह स्पष्ट नहीं था कि संघर्ष विराम कब से प्रभावी होगा।

गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल मारूफ अजेर ने बताया कि जौज़जान प्रांत में हुए हमले में मारे गए 14 लोगों में से 13 सरकार समर्थित मिलिशिया के सदस्य थे और एक पुलिसकर्मी था।उन्होंने बताया कि हमले में पांच अन्य मिलिशिया सदस्य जख्मी हो गए और दो लापता हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बल बाद में इलाके में पहुंच पाए और अब यह परिसर पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने अफगान सुरक्षा बलों के साथ सैन्य अभियानों की रातभर की रिपोर्ट में कहा कि देशभर में तालिबान के 30 लड़ाके मारे गए और कई अन्य आतंकवादियों को हिरासत में लिया गया है। तालिबान ने हाल के दिनों में उत्तरी अफगानिस्तान में अपने हमले तेज कर दिए हैं।

### अफगानिस्तान में संघर्ष विराम की योजना नहीं : तालिबान

**काबुल (एएफपी)।** तालिबान ने अफगानिस्तान में किसी भी तरह के संघर्ष विराम पर सहमत होने संबंधी खबरों को सोमवार को खारिज कर दिया। तालिबान ने एक बयान में कहा, कई समाचार संस्थान पिछले कुछ दिनों में संघर्ष विराम के बारे में गलत खबरें जारी कर रहे है - तथ्य यह है कि अफगानिस्तान इस्लामी अमीरात की संघर्ष विराम की कोई योजना नहीं है। इस तरह के संभावित समझैते की अफवाहें है जिससे लगभग 18 वर्षों से युद्ध प्रभावित इस देश में हिंसा में कमी आएगी। अफगानिस्तान में हिंसा समाप्त करने के लिए अमेरिका-तालिबान वार्ता फिर शुरू होने के बीच विद्रोहियों का यह बयान आया है। विद्रोहियों के हमलों को लेकर इस वर्ष की शुरूआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता को रद्द कर दिया था। अमेरिका और अफगान सरकार ने लंबे समय तक तालिबान के साथ संघर्ष विराम का आह्वान किया था। हालांकि विद्रोहियों ने कई बार कहा है कि अमेरिकी सैनिकों की देश से वापसी होने के बाद ही कोई संभावित संघर्ष विराम होगा।

# टेक्सास में एक गिरजाघर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, हमलावर भी मारा गया

भाषा। ह्यूस्टन

**अमेरिका** में टेक्सास राज्य के व्हाइट सेटलमेंट शहर के एक गिरजाघर में एक बंदूकधारी ने लोगों पर गोलियां चलाई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि बाद में प्रार्थना सभा के एक सशस्त्र सदस्य ने हमलावर को गोली मार दी। यह घटना रविवार को सुबह की प्रार्थना के दौरान करीब 11 बजकर 50 मिनट पर हुई। इस प्रार्थना सभा की सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी। अधिकारियों के अनुसार, बंदूकधारी ने व्हाइट सेटलमेंट में वेस्ट फ्रीवे चर्च फ क्राइस्ट में पिस्तौल निकाली और गोलीबारी शुरू कर दी।

पुलिस ने बताया कि घटना में दो लोगों की बाद में एक अस्पताल में मौत हो गई। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि बंदूकधारी खड़ा हुआ है और पास ही खड़े एक व्यक्ति से बात कर रहा है जिसने एक दूसरे व्यक्ति की ओर इशारा किया। इसके बाद बंदूकधारी ने उस व्यक्ति पर गोली चलाई। फिर बंदूकधारी ने उस व्यक्ति पर भी गोली चलाई जिससे उसने बात की थी। हालांकि इसके बाद सुरक्षाकमी के तौर पर काम करने वाले एक व्यक्ति ने बंदूक से हमलावर पर गोली चलाई जिससे वह तुरंत नीचे गिर गया। अधिकारियों ने इस घटना के पीछे के मकसद के बारे में जानकारी नहीं दी है।



व्हाइट सेटलमेंट, टेक्सास के चर्च में रविवार को गोलीबारी के बाद एक बुजुर्ग दंपति मसीह के वेस्ट फ्रीवे चर्च से बाहर आते हुए

# सीएए के समर्थन में न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकियों का कार्यक्रम

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** में भारतीय मूल के लोगों ने संशोधित नागरिकता कानून 'सीएए' के प्रति समर्थन जताने के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम किए और सीएए को भारत सरकार की तरफ से उठाया गया तिहासिक कदम करार दिया। सीएए के मुताबिक हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और इसाई समुदाय के जो लोग धार्मिक प्रताड़ना के चलते पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़गानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आ गए हैं, उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाएगी। भारतीय-अमेरिकियों का एक समूह रविवार को टाइम्स स्क्वॉयर पर एकत्र हुआ। उनके हाथ में पोस्टर थे और वे सीएए और नरेंद्र मोदी सरकार के समर्थन में नारे लगा रहे थे। इन पोस्टरों पर लिखा था, सीएए मानवाधिकारों के बारे में है, हम सम्मान के साथ जीने के अल्पसंख्यकों के अधिकार का समर्थन करते हैं, प्रवासी भारतीय सीएए का समर्थन करते हैं और सीएए पारदशी एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया से पारित किया गया है। उन्होंने हम मोदी का समर्थन करते हैं और हम सीएए का समर्थन करते हैं जैसे नारे लगाए। इस समर्थन रैली में ओवरसीज फ्रेंड्स अफ बीजेपी-यूएसए (ओएफबीजेपी) के अध्यक्ष कृष्णा रेड्डी अनुगुला और संगठन के अन्य सदस्य शामिल थे। वहीं लॉन्ग आइलैंड में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने नए कानून के प्रति अपना समर्थन जताया। अमेरिकन इंडियन पब्लिक अफेयर्स कमिटी के अध्यक्ष जगदीप सेवहानी के कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद यह कानून लाना एक तिहासिक फैसला है। साथ ही उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के मोदी सरकार के फैसले की भी तारीफ की। सेवहानी ने कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय को सीएए के बारे में जानकारी देने लिए अमेरिकी सांसदों एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों से संपर्क करना चाहिए।

## सोमालिया में अमेरिकी हवाई हमले में चार आतंकवादी मारे गए : अफ्रीकॉम

**वाशिंगटन (एएफपी)।** अमेरिकी सेना ने अफ्रीकी देश सोमालिया में सक्रिय अल शबाब के आतंकवादियों पर रविवार को हवाई हमला किया। अमेरिकी अफ्रीका कमान (अफ्रीकॉम) ने बताया कि इन हमलों में चार आतंकवादी मारे गए। अफ्रीकॉम ने एक बयान में कहा, सोमालिया की संघीय सरकार के समन्वय में अमेरिकी अफ्रीका कमान ने दो स्थानों कुनयो बारो और कालियोव बारो क्षेत्र में अल शबाब आतंकवादियों को निशाना बनाते हुए 29 दिसंबर को हमले किए।इसमें कहा गया कि कुनयो बारो में हवाई हमले में दो आतंकवादी मारे गए और दो वाहन नष्ट हो गए वहीं कलियो बारो में दो अन्य आतंकवादी मारे गए।

## अमेरिका ने रूस को किया आंतकी हमलों के प्रति अलर्ट, पुतिन ने दिया ट्रंप को धन्यवाद

**मॉस्को (एपी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश में नववर्ष के मौके पर आतंकी हमलों की योजना को नाकाम करने में मदद के लिए रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया। क्रेमलिन ने अपनी वेबसाइट पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ट्रंप ने रूस में आतंकी हमलों की आशंका के मद्देनजर विशेष सेवाओं के जरिए जानकारी मुहैया कराई, जिसके लिए पुतिन ने उन्हें धन्यवाद दिया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तासे ने संघीय सुरक्षा सेवा के हवाले से कहा अमेरिका की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर रूसी सुरक्षाबलों ने दो रूसियों को हिरासत में लिया, जो आगामी छुट्टियों के दौरान सेंट पीटर्सबर्ग में आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। सुरक्षा सेवा ने कहा कि उसे अमेरिकी सहयोगियों से इसकी जानकारी मिली थी। सेवा के अनुसार संदिग्धों के पास से जो सामग्री बरामद हुई है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे आतंकी हमलों की तैयारी कर रहे थे।

# श्रीलंका की अदालत ने स्विस दूतावास की स्थानीय महिला कर्मचारी को जमानत दी

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** की एक अदालत ने स्विट्जरलैंड के दूतावास की स्थानीय महिला कर्मचारी को सोमवार को जमानत दे दी जो अपने अपहरण को लेकर झूठी शिकायत करने के विवाद और देश में अशांति पैदा करने की कोशिश के केंद्र में रही थी। गार्नियर बैनिस्टर फ्रांसिस को अपराध जांच शाखा (सीआईडी) ने 16 दिसंबर को गिरफ्तार कर कोलंबो की मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया था जहां से उसे 30 दिसंबर तक की रिमांड में भेज दिया गया था। सीआईडी को झूठे बयान देने के आरोप में उसे हिरासत में भेजा गया। अदालत ने सोमवार को उसे रिहा कर दिया। फ्रांसिस ने दावा किया था कि कुछ अज्ञत लोगों ने 25 नवंबर को उसे अगवा कर लिया था और उसे छोड़ने से पहले उसके साथ मारपीट की गई थी।


यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने एक यक्रेनियन कैदी को यूक्रेन, कीव, के बाहर बॉरिस्पिल हवाई अड्डे पर एक कैदी के आदान-प्रदान के बाद बधाई दी। पूर्वी यूक्रेन में यूक्रेनी बलों और रूस समर्थित विद्रोहियों ने अपने पांच साल के युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से एक चाल में 200 कैदियों का आदान-प्रदान किया

## पाकिस्तान में धुंध से लोग परेशान

**लाहौर (एएफपी)।** दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में से एक पाकिस्तान में सदी के इस मौसम में धुंध से लोग परेशान हैं और इस संकट से राहत के लिए हवा को शुद्ध करने वाला नवनिर्मित इंडोर फॉरेस्ट एयर प्यूरीफायर खरीद रहे हैं। खराब वायु गुणवत्ता से परेशान हसन जैदी को अपना घरेलू उपकरण बनाने में छह महीने लगे। इसे बनाते हुए जैदी ने यह भी ध्यान में रखा कि यह एयर प्यूरीफायर किफायती हो। सदी के इस मौसम में 31 वर्षीय इंजीनियर जैदी अब तक करीब 500 यूनिट बेच चुके हैं। इंडोर फॉरेस्ट का मूल्य 16,000 रुपए है। नकदी संकट से जूझ रहे इस देश में जैदी का इंडोर प्यूरीफायर आयातित प्यूरीफायरों की अपेक्षा काफी सस्ता है। दूसरे देशों से मंगवाने पर एयर प्यूरीफायर की कीमत दो से तीन गुना अधिक होती है। पत्रिका द लैन्सेट में छपे अध्ययन के मुताबिक, 2015 में पाकिस्तान में वायु प्रदूषण की वजह से 135,000 लोगों की जान जा चुकी है। बीते पांच साल में पाकिस्तान में वायु प्रदूषण ने बहुत कहर ढाया है। यह देश वायु प्रदूषण से सर्वाधिक प्रभावित देशों में से एक है।

# 2019 में भारत अमेरिका साझेदारी तेजी से आगे बढ़ी

भाषा। वाशिंगटन

**रक्षा** प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण पर भारत और अमेरिका द्वारा अहम करार करने और मई में चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक दूसरे से रिकार्ड चार भेंटवार्ता करने के साथ ही वर्ष 2019 में दुनिया के सबसे बड़े इन दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी तेजी से आगे बढ़ी।

रणनीतिक साझेदारी की मजबूती साल के आखिर में दूसरी टू प्लस टू वार्ता के समापन पर जारी किए गए भारत और अमेरिका के संयुक्त बयान में परिलक्षित हुई। यह निश्चित रूप से वर्ष 2019 की अहम घटना है। वाशिंगटन में दिसंबर में दूसरी टू प्लस टू बैठक में दोनों देशों ने प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण पर हस्ताक्षर किए। इस बैठक में दोनों देशों के रक्षा एवं विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। सभी संबंधों को व्यापार के नजरिए से देखने वाले ट्रंप के लिए सुकून की बात यह है कि द्विपक्षीय व्यापार में भी तेजी आई और सामने आ रहे साल की दूसरी छमाही के अनुमानित आंकड़ों से आगामी समय में व्यापार घाटे में कमी आने का अनुमान है। बीते साल में भारत ने अमेरिका से अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए अरबों डॉलर का आर्डर दिया, सेना के तीनों अंगों की भागीदारी वाला सैन्य अभ्यास टाईगर ट्रिम्फ शुरू किया और रक्षा प्रौद्योगिकी एवं व्यापार पहल की गति तेज की। यह सैन्य अभ्यास अब हर साल होगा।

हिंद प्रशांत में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग नई ऊंचाई तक पहुंचा। दोनों देशों हिंद प्रशांत क्षेत्र में यह सुनिश्चित करने के लिए समान सोच वाले अन्य साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं कि संसाधन संपन्न इस क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता हो और शांति रहे। इस क्षेत्र में चीन अपना पैर पसारने में जुटा है। अमेरिका खुश है कि भले ही शुरू मे भारत अनिच्छुक रहा हो लेकिन अब वह अनौपचारिक परामर्श तंत्र क्वाड को संस्थागत रूप देने में मदद कर रहा है। उसमें अन्य दो देश जापान और आस्ट्रेलिया हैं। अमेरिका ने मालदीव पर भारत के इस रूख का भी समर्थन किया कि कोई तीसरा देश उसके अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे। इस साल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के मोर्चे पर दोनों देशों के बीच अप्रत्याशित सहयोग नजर आया। जब फरवरी में पुलवामा में नृशंस आतंकवादी हमले में 40 सुरक्षाकमी शहीद हो गए तो अमेरिका यह कहने वाला पहला देश था कि भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है। जब भारत में आमचुनाव का दौर था, तब भी अमेरिका ने ब्रिटेन और फ्रांस जैसे अपने सहयोगियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा जैश ए मोहम्मद को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने की राह से वीटो रूपी अवरोध हटा ले। हालांकि अमेरिका ने कश्मीर में इंटरनेट पर रोक लगाने, नेताओं को बंदी बनाने पर चिंता जरूर प्रकट की लेकिन उसने भारत को इस संबंध में गैर लोकतांत्रिक देशों के साथ रखने से इनकार कर दिया। हाउडी मोदी एक तिहासिक कार्यक्रम रहा जहां मोदी के साथ ट्रंप ने भी भारतीय मूल के करीब 50,000 अमेरिकियों को संबोधित किया।

# नेपाल-भारत संबंध 2019 में मजबूत रहे

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के साथ भारत के संबंध 2019 में मजबूत रहे और इस दौरान उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय यात्राओं तथा सहयोग से इसे और बल मिला। इस देश में चीन ने अपना भारी निवेश के बीच भारत के साथ जी सहयोग में दक्षिण एशिया की पहली सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन का उद्घाटन भी इसमें शामिल है।

नेपाल अपने भौगोलिक, तिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों के कारण भारत की विदेश नीति में एक विशेष महत्व रखता है। दोनों देशों के लोग विवाह और पारिवारिक संबंधों के माध्यम से घनिष्ठ संबंध बनाए रखते हैं, जिन्हें 'रोटी-बेटी का रिश्तो 'भोजन और परिवार का संबंधी भी कहा जाता है।

भारत और चीन के बीच स्थित इस हिमालई राष्ट्र ने कई वर्षों तक राजनीतिक अस्थिरता का दौर देखा, जिसके बाद दिसंबर 2017 में हुए तिहासिक चुनावों में चीन समर्थक वामपंथी गठबंधन सत्ता में आया। इस साल की शुरुआत नेपाल द्वारा 2000 रुपए, 500 रुपए और 200 रुपए की भारतीय मुद्रा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के साथ हुई। इस फैसले का सबसे अधिक असर भारतीय पर्यटकों पर हुआ। नेपाल में भारतीय मुद्रा बहुतायत से इस्तेमाल होती थी।

हालांकि, इन फैसलों का आपसी गर्मजोशी पर बहुत असर नहीं पड़ा और द्विपक्षीय संबंध मजबूत बने रहे। नेपाल-भारत के संयुक्त सचिव स्तर की वार्ता फरवरी में पोखरा में हुई, जहां शीर्ष अधिकारियों ने द्विपक्षीय व्यापार और पारगमन संधि की समीक्षा की। विदेश सचिव विजय गोखले ने मार्च में प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से काठमांडू में भेंट की और रेलवे तथा जलमार्ग परियोजनाओं पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने भूकंप के बाद आवासीय परियोजनाओं के पुनर्निमाण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की।

भारत ने पुनर्निमाण परियोजनाओं के लिए 25 करोड़ डॉलर की सहायता देने का वादा किया। भारत ने भूंकप में क्षतिग्रस्त हुए मकानों को फिर से बनाने के लिए 1.6 अरब रुपए की आर्थिक सहायता दी। प्रधानमंत्री ओली ने मई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दोबारा सत्ता में वापसी पर उन्हें बधाई दी और शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। दोनों देशों ने 69 किलोमीटर लंबी मोतिहारी-अम्लेखगंज तेल पाइपलाइन परियोजना का सितंबर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। भारत के 324 करोड़ रुपए की सहायता से इस पाइपलाइन का निर्माण हुआ है।इस साल नेपाल ने सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। इस साल एक हिमालई अभियान में आठ भारतीय नागरिकों सहित 17 पर्वतारोहियों की मृत्यु हो गई।

# स्कूल छोड़ने में ग्रेटा को नहीं मिला था पिता का समर्थन

भाषा। लंदन

**ग्रेटा** थनबर्ग भले ही आज जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक मुहिम में एक प्रमुख चेहरा बन गई हों, लेकिन 16 वर्षीय स्वीडिश किशोरी को तीन-चार साल अवसाद का सामना करना पड़ा और पर्यावरण के प्रति अपनी सक्रियता के लिए स्कूल छोड़ने में उसे अपने पिता का कोई समर्थन नहीं मिला था। हालांकि, ग्रेटा के इस साहसिक फैसले ने पर्यावरण के मुद्दे पर जागरूकता पैदा करने के उनके अभियान में लाखों लोगों को शामिल कर दिया।

ग्रेटा के पिता स्वांते थनबर्ग ने बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्हें लगा था कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मुहिम में अग्रिम पंक्ति से अभियान छेड़ना उनकी बेटी के लिए खराब आइडिया हो सकता है। उन्होंने कहा कि वह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अपनी बेटी की मुहिम को लेकर उसके स्कूल छोड़ने के कदम के समर्थक नहीं रहे थे। इसी प्रसारण के दौरान प्रसारणर्ता डेविड एटेनबोरो ने ग्रेटा से कहा कि उसने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ दुनिया में अलख जगा दी और वह उपलब्धि हासिल की जिसे हासिल करने में हममें से कई लोग 20 बरसों से नाकाम रहे थे।



ग्रेटा को इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया। ग्रेटा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी ने फिर से स्कूल जाना शुरू करने से पहले तीन-चार साल अवसाद का सामना किया। उसके पिता ने बताया, उसने बात करना बंद कर दिया था - यह एक मातापिता के लिए बहुत बुरा समय था। उसके पिता ने उसके स्वस्थ होने के लिए स्वीडन स्थित अपने घर में ग्रेटा और उसकी छोटी बहन के साथ अधिक वक्त बिताया।

ओपेरा गायिका एवं ग्रेटा की मां मेलेना एर्नमैन ने अपना कांट्रैक्ट रद्द कर दिया ताकि पूरा परिवार एक साथ समय बिता सके। अगले कुछ साल तक उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की और शोध किए। ग्रेटा के पिता ने कहा कि अपनी सक्रियता के चलते ग्रेटा बहुत खुश रहने लगी और उसके जीवन में बदलाव आ गया।

## तुर्की ने आईएस के 70 संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया

**इस्तांबुल (एएफपी)।** तुर्की ने सोमवार को देशभर में छापेमारी कर इस्लामिक स्टेट के 70 संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने यह खबर दी है। खबर के मुताबिक, 33 लोगों को अंकारा से गिरफ्तार किया गया, जो सभी इराकी हैं। वहीं अन्य संदिग्धों को बतमान, कैसरी और अजना प्रांतों से हिरासत में लिया गया। हालिया कुछ महीनों में तुर्की ने आईएस चरमपंथियों के खिलाफ छापेमारी तेज कर दी है और उन्हें मूल देशों में वापस भेजने के प्रयासों ने भी जोर पकड़ लिया है। पिछले सप्ताह इस्तांबुल से 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। आईएस ने 2015 और 2016 में तुर्की में कई हमले किए थे।

# विकास ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए भारतीय टीम में

## ● पुरुष मुक्केबाजी ट्रायल्स

भाषा। बेंगलुरू



विकास कृष्ण 69 किग्राी ने सोमवार को यहां दो अन्य मुक्केबाजों के साथ अपना अंतिम ट्रायल मुकाबला जीतकर अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के पूर्व पदक विजेता विकास लंबे समय तक 75 किग्रा में खेलते रहे लेकिन पीठ की चोट से उबरने के बाद उन्होंने 69 किग्रा में वापसी की। इससे पहले दो बार ओलंपिक में भाग ले चुके 26 वर्षीय विकास ने ट्रायल्स फाइनल्स में दुयीधन सिंह नेगी को सर्वसम्मत फैसले में हराया। चीन में तीन से 14 फरवरी के बीच होने वाले एशिया ओसेनिया क्षेत्रीय क्वालीफायर के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता गौरव सोलंकी 57 किग्राी और नमन तंवर '91 किग्राी ने भी टीम में जगह बनाई। सोलंकी ने मोहम्मद हसमुद्दीन को जबकि तंवर ने नवीन कुमार को हराया। भारतीय पुरुष मुक्केबाजी के हाई परफोरमेन्स निदेशक सैंटियागो नीवा ने कहा, गौरव सोलंकी ने हसमुद्दीन के खिलाफ कड़े मुकाबले में शानदार वापसी की। जहां तक विकास की बात है तो वह प्रतिबद्ध है और हमारी उससे काफी उम्मीदें हैं। रविवार को एशियाई रजत पदक विजेता आशीष कुमार '75 किग्राी, सतीश कुमार 91 किग्रा से अधिकी और सचिन कुमार 81 किग्राी ने टीम में जगह बनाई थी। अमित पंघाल 52 किग्राी और मनीष कौशिक 63 किग्राी ने सितंबर में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतकर टीम में अपनी जगह बनाई थी। नीवा ने कहा, प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी थी और प्रत्एक भार वर्ग में कड़े मुकाबले देखने को मिले। टीम वास्तव में मजबूत नजर आ रही है। ओलंपिक क्वालीफायर्स से पहले हमारे पास एक महीने का समय है। हम कड़ा अभ्यास करेंगे और जहां सुधार जरूरी है उन पर म करेंगे। **एशिया-ओसेनिया ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम : अमित पंघाल '52 किग्राी, गौरव सोलंकी 57 किग्राी, मनीष कौशिक 63 किग्राी, विकास कृष्ण 69 किग्राी, आशीष कुमार 75 किग्राी, सचिन कुमार 81 किग्राी, नमन तंवर 91 किग्राी, सतीश कुमार 91 किग्राी।**

## देश को मेरीकोम और निकहत जरीन पर गर्व : रीजीजू

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि एमसी मेरीकोम और निकहत जरीन के बीच ट्रायल मुकाबले की घटनाओं को बढ़ा चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए तथा देश को इन दोनों पर गर्व है। मेरीकोम ने शनिवार को जरीन को 9-। से हराकर फरवरी में चीन में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर में जगह बनाई। इस मुकाबले में दोनों मुक्केबाजों के बीच कटुता साफ तौर पर दिखी और दोनों मुक्केबाजों ने मुकाबले के बाद हाथ नहीं मिलाए। मेरीकोम मुकाबले के बाद जरीन के गले भी नहीं लगीं। रीजीजू ने ट्वीट किया, मेरीकोम दिग्गज खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व एमेच्योर मुक्केबाजी में वह हासिल किया है जो कोई अन्य मुक्केबाज नहीं कर पाया। निकहत जरीन भी शानदार मुक्केबाज है जिसमें मेरीकोम के पदचिन्हों पर चलने की क्षमता है। भारत को दोनों पर गर्व है। उन्होंने आगे लिखा, जुनून और भावनाएं खेल की आत्मा है। केवल यह बात दिमाग में रहनी चाहिए कि पेशेवर खेलों में खिलाड़ी और पैसा अधिक महत्व रखता है जबकि एमेच्योर खेलों में देश महत्वपूर्ण होता है। आपस में झगड़े का खिलाड़ियों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विपरीत प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ 'बीएफआई ने जब ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए मेरीकोम का सीधे चयन करने का फैसला किया तो जरीन ने रीजीजू को खुला पत्र लिखा था। रीजीजू ने ओलंपिक चार्टर का हवाला देकर खुद को मामले से अलग कर लिया था।

मेरीकोम ने शनिवार को कहा था कि वह चयन विवाद में घसीटे जाने से निराश हैं क्योंकि चयन उनके हाथ में नहीं है।

## मैच के दौरान फुटबालर धनराजन बेहोश, मौत

**मलप्पुरम-केरल।** मोहन बागान और ईस्ट बंगाल का प्रतिनिधित्व कर चुके फुटबालर धनराजन राधाकृष्णन की केरल के पेरिनतालमन्ना में फुटबाल मैच खेलने के दौरान मौत हो गई। धनराजन को कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ा। एफसी पेरिनतालमन्ना की ओर से रविवार शाम सस्था मेडिकल्स एफसी त्रिसूर के खिलाफ सेवन ए साइड मैच में खेल रहे डिफेंडर धनराजन मैच के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े और उन्हें तुरंत समीप के अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार रात 10 बजकर 20 मिनट पर उनका निधन हो गया।

**Public Notice**

Be it known to all that my client Smt. Sita Devi W/o Lt. Sh. Meghnath Sagar, R/o I-261-262, Jahangir Puri, Delhi-110033 has irrevocably, unconditionally and irreversibly disowned her daughters Mrs. Mamta alias Neha &Mrs. Monika alias Pinko for their continuous misconduct and the disrepute they have brought to her family, and has thereby severed all ties with them. They shall not inherit her property at I-261-262, Jahangir Puri, Delhi-110033 or anywhere else & further that they shall have no claim in her movable property. They shall not be entitled to grant of probate to her will. Anybody transacting any business with them in respect to my client will be doing at his or her own risk, general public please take note.

SUMIT RANA (ADVOCATE) T: 011-41435553

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार कुसुम लता और विनिश गुप्ता, फ्लेट .न. 402, चौथा तल बेक साइड, पुराना न. 73/4, नया न. 85/7, खसरा न. 70, इंदिरापुरी, सुभाष नगर, पुराना रेलवे रोड, जिला गुरगाँव, हरयाणा को मंजीत सिंग से ख़रीदकर सेटिन हाउसिंग फाइनान्स लिमिटेड के साथ बंधक रख रहा है, उक्त मंजीत सिंह ने न तो किसी को संपत्ति बेची है और न ही अतीत में किसी संस्थान के साथ गिरवी रखी है और अब वह मेरे पक्षकार को बेचने का इच्छुक है! अत: किसी को उक्त संपत्ति के समबन्ध मे कोई दावा या अधिकार है तो वह व्यक्ति इस प्रकाशन के 8 दिनों के अंदर नीचे लिखे न. पर संपर्क कर के अपने दावे की जानकारी दे दे।

एडरेम लिगल सल्यूशन, चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही-75. मो0:- ९८९९०१३६१८

## लिवरपूल का घरेलू मैदान पर अजेय अभियान का अर्धशतक पूरा

**लंदन।** लिवरपूल ने वार के सहारे वोल्व्स को।-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल में फिर से 13 अंक की बढ़त हासिल करने के साथ ही घरेलू मैदान पर अपने अजेय अभियान को 50 मैचों तक पहुंचा दिया। उधर चेल्सी ने बेहतरीन वापसी करके अंतिम क्षणों में चार मिनट के अंदर दो गोल करके आर्सनल को 2-। से पराजित किया। आर्सनल पियरे एमरिक के 13वें मिनट में किए गए गोल से जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन जोर्गिन्हो '83वें और टैम अब्राहम-87वें मिनटी ने मैच का पासा पलट दिया। मैनचेस्टर सिटी अब भी लिवरपूल से 14 अंक पीछे है लेकिन उसने शैफील्ड यूनाइटेड पर 2-0 की जीत से दूसरे नंबर पर काबिज लीस्टर से अंतर कम कर दिया है। सिटी की तरफ से सर्जियो अगुएरा और केविन डि ब्रूएन के दूसरे हाफ में गोल किए। मैनचेस्टर सिटी के 42 जबकि लीस्टर के 43 अंक है। लिवरपूल 55 अंकों के साथ शीर्ष पर है। चेल्सी 35 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। एनफील्ड में खेले गए विवादास्पद मुकाबले में सैडियो माने के गोल से लिवरपूल ने लीग में अपने घरेलू मैदान पर अजेय अभियान 50 मैच तक पहुंचा दिया। लिवरपूल के कोच जर्गेन क्लॉप ने कहा, अगर इतने अधिक मैच जीतना आसान होता तो कई टीमें सा करती। माने के 42वें मिनट में किए गए गोल को पहले नकार दिया गया था क्योंकि रेफरी को लगा कि गेंद एडम लालना के हाथ से लगी है लेकिन वार समीक्षा के बाद रेफरी एंथनी टेलर का फैसला बदल दिया गया। इसके कुछ देर तक वोल्व्स की तरफ से पेड्रो नीटो ने गोल किया लेकिन वार समीक्षा में आफसाइड की वजह से फैसला उनके खिलाफ चला गया।

# बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का बहिष्कार नहीं करेगा आईओए

## ● 2026 या 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की दावेदारी करेगा ●आईओए

## वार्षिक आम बैठक के दौरान यह फैसला



भाषा। नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ-आईओए ने निशानेबाजी को हटाए जाने को लेकर 2022 बर्मिंघम खेलों के बहिष्कार की धमकी सोमवार को वापस ले ली और साथ ही घोषणा की कि देश 2026 या 2030 खेलों की मेजबानी की दावेदारी पेश करेगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ 'सीजीएफी की सलाह पर आईओए ने यहां अपनी वार्षिक आम बैठक के दौरान राष्ट्रमंडल खेल 2022 से पहले राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी का औपचारिक प्रस्ताव सौंपने का फैसला किया।

2022 खेलों से निशानेबाजी को हटाए जाने की भरपाई के लिए भारतीय के राष्ट्रीय निशानेबाजी संघ और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी संघ ने यह विचार रखा था। आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने एजीएम के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, एजीएम में हमने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हटने का फैसला वापस ले लिया है। देश का दल 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ 'सीजीएफी की अध्यक्ष डेम लुईस मार्टिन ने भारत के बर्मिंघम खेलों में प्रतिनिधित्व की पुष्टि करने का स्वागत किया है। लुईस मार्टिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, सीजीएफ और पूरा राष्ट्रमंडल खेल अभियान प्रफुल्लित है कि भारत आईओए ने नई दिल्ली में अपनी वार्षिक आम बैठक के दौरान बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हिस्सा लेने के अपने इरादे की पुष्टि की है। आईओए प्रमुख नरिंदर बत्रा की मौजूदगी में मेहता ने कहा, हम साथ ही 2026 या 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेंगे। इस बोली को लेकर आम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया है।

ओलंपिक खेलों की देश में शीर्ष संस्था आईओए अब राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की जरूरी स्वीकृति लेने के लिए सरकार से संपर्क करेगा। भारत ने 2010 में इन खेलों की मेजबानी की थी। मेहता ने कहा कि एजीएम में स्वीकृति मिलने के बाद हम सरकार के पास जाएंगे। अंत में फैसला सरकार को ही करना है। रवांडा के किगाली में सीजीएफ की 2019 आम सभा में 2026 खेलों के मेजबान पर फैसला होना था लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया और अब घोषणा अगले साल की जाएगी। बत्रा ने बताया कि एजीएम ने यह प्रस्ताव भी पारित किया है कि सीजीएफ से आग्रह किया जाएगा कि निशानेबाजी की तर्ज पर तीरंदाजी की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का भी आयोजन किया जाए। तीरंदाजी भी 2022 राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं है। बत्रा ने कहा, हम निशानेबाजी और तीरंदाजी की राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए दो प्रस्ताव भेज रहे हैं। बत्रा ने साथ ही बताया कि 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रतिष्ठित सत्र की मेजबानी के लिए भारत को अंतिम दावेदारी आईओसी को सौंपनी होगी। उन्होंने साथ ही बताया कि एजीएम में 2020 राष्ट्रीय खेल गोवा में 20 अक्टूबर से चार नवंबर तक कराने की पुष्टि की गई। बत्रा ने विवादास्पद खेल संहिता मसौदा 2017 पर भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया क्योंकि यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। उन्होंने हालांकि कहा कि आईओए ने इसे खारिज कर दिया है। मेहता ने कहा कि उम्मीद है कि भारत के कम से कम 125 खिलाड़ी 2020 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, अब तक 60 से अधिक खिलाड़ियों ने क्वालीफाई कर लिया है। हमें कम से कम 125 खिलाड़ियों के तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने की उम्मीद है और यह संख्या 150 तक पहुंच सकती है। बत्रा ने कहा, हमें दोहरे अंक में पदक मिलने की उम्मीद है।

**PUBLIC NOTICE**

It is brought to the notice of general public that Mrs. Kaushalya Singh W/o Late Sh. R.P. Singh Member of Upkar CGHS Ltd., Mayur Vihar Ph-1 Extn., Delhi-110091 M.No. 177 expired on 04.07.2019. Dr. Mrs. Vineeta Kumar W/o Dr. Anil Kumar R/o B-1, 1001, Uniworld City, Sector-30, Gurugram-122001, Haryana has requested to transfer property of Late Mrs. Kaushalya Singh W/o Late Sh. R.P. Singh at A-03, Upkar Apartments, Plot No. 18, Mayur Vihar Phase-1 Extn., Delhi-11091 alongwith membership of Upkar CGHS Ltd. on the strength of her registered will in her favour. In case anybody has any objection in transferring Flat No. A-03, Upkar Apartments, Plot No. 18, Mayur Vihar Phase-1 Extn., Delhi-110091 and the membership in the name of Dr. Mrs. Vineeta Kumar he or she may file his or her objections within 30 days of publication of this notice in the office of Upkar CGHS Ltd., Plot No. 18, Mayur Vihar Phase-1 Extn., Delhi-110091 or office of Registrar of Cooperative Societies, Old Court Building, Parliament Street, New Delhi-110001.

Sd/-
Administrator
Upkar Apartments, Plot No. 18
Mayur Vihar Phase-1 Extn.,
Delhi-110091

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम: **नामालूम,** परिवार व पता: **नामालूम, उम्र: 35–40 वर्ष,** जो दिनांक **27.12.2019** को 12:31 बजे केएम पोल नं. 1525/5 के नजदीक, ओखला रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली में मृत पाई गई। इस संदर्भ में एफआईआर/डीडी संख्या **2A** दिनांक **27.12.2019** थाना **हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंग:** महिला, **आयु:** 35–40 वर्ष, **कद:** 5'4" फुट, **रंग:** गेहुँआ, **चोट के निशान:** ट्रेन दुर्घटना द्वारा सर पर गहरी चोट व दोनों हाथ एवं पैरों में चोट लगी है। **पहनावा:** नीले आसमानी रंग का सूट व सफेद सलवार पहने हुई थी

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना हजरत निजामुद्दीन, रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोन नं.: 011–24356743**
**मोबाइल: 8750851311**

**DP/4263/RLY/19**

**कार्यालय नगर पंचायत छपरौली जनपद बागपत**

**पत्रांक:– 186/न0पं0छ0/2019–20** **दिनांक:– 30.12.2019**

**–: निविदा/कुटेशन सूचना :–**

**समस्त ठेकेदारों/पंजीकृत फॅर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत छपरौली द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 में चतुर्थ राज्यवित्त आयोग/टाउन फण्ड अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो की निविदा/कुटेशन आंमन्त्रित की जाती है। निविदाऐ/कुटेशन दिनांक 06.01.2020 को अपरान्ह 12:00 बजे तक प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0) कलेक्ट्रेट बागपत एव कार्यालय नगर पंचायत छपरौली जनपद बागपत में बेची जायेगी। निविदा/कुटेशन दिनांक 07.01.2020 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत छपरौली जनपद बागपत में डाली जायेगी। उसी दिन दिनांक 07.01.2020 को अपरान्हः 3:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत छपरौली में ठेकेदारो की उपस्थिति में खोली जायेगी। समस्त करो आदि का दायित्व ठेकेदार/फॅर्म का होगा, निविदा/कुटेशन वित्य की धनराशि वापिस नहीं होगी निविदा/कुटेशन स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा/कुटेशन नोटिस को वेबसाईट http://www.Baghpat.nic.in पर देखा जा सकता है अन्य जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत छपरौली से प्राप्त की जा सकती है।**

**नोट:– विज्ञप्ति प्रकाशन उपरान्त कोई भी नया रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण नहीं किया जायेगा।**

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वरू कर प्रणाली हेतू गृहकर जलमूल्य तथा नियमति/संविदा/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन/पेंशन का सॉफ्टवेयर बनाये जाने का कार्य। | – | – | 200 रू | 06 माह |
| 2. | पेयजल योजना नं0 02 की कस्बे में जलापूर्ति सप्लाई हेतू लगी लाईन में वॉल डाले जाने का कार्य। | – | – | 200 रू | 06 माह |
| 3. | खसरा सं0 45 एवं 48 में चिन्हित बंजर भूमि की सूरक्षात्म बाउण्ड्री हेतू तारबन्दी किये जाने का कार्य। | 1,45,000 | 2 प्रतिशत | 200 रू0 | 06 माह |
| 4. | कुर्डी–टांडा रोड़ पर ताजू के मकान से सोहनपाल पुत्र भरता के मकान तक इझटरलॉकिग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 1,52,000 | 2 प्रतिशत | 200 रू0 | 06 माह |
| 5. | वार्ड नं0–05 मेंकालू के मकान से अलीशेर के मकान तक दीवार व नाली निर्माण कार्य। | 2,12,000 | 2 प्रतिशत | 300 रू0 | 06 माह |
| 6. | कस्बा छपरौली में मुख्या मार्ग पर थाने के सामने से कुर्डी की ओर स्थित खास तक दोनो आर बने नालो की सफाई एवं सिल्ट ढुलाई का कार्य। | 2,17,000 | 2 प्रतिशत | 300 रू0 | 06 माह |
| 7. | कुर्डी–टांडा रोड पर सुखपाल पुत्र जगमेहर के मकान से नरेश पुत्र पीतम सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 2,83,000 | 2 प्रतिशत | 300 रू0 | 06 माह |
| 8. | कुर्डी–टांडा रोड पर नरेश पुत्र पीतम सिंह के मकान से अजय पुत्र जयसिंह के घर तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 2,98,000 | 2 प्रतिशत | 300 रू0 | 06 माह |
| 9. | कुर्डी–टांडा रोड पर श्याम सिंह पुत्र मुंशी की दुकान से बलराज के मकान तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 4,20,000 | 2 प्रतिशत | 500 रू0 | 06 माह |
| 10. | कुर्डी–टांडा रोड पर रणजीत पुत्र मामराज के मकान से पालू चौधरी के मकान तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 4,41,000 | 2 प्रतिशत | 500 रू0 | 06 माह |
| 11. | कुर्डी–टांडा रोड पर जगबीर पुत्र ब्रहमसिंह के स्टोर से नन्हे मिस्त्री की दुकान तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 4,44,000 | 2 प्रतिशत | 500 रू0 | 06 माह |
| 12. | कुर्डी–टांडा रोड पर कोरी धर्मशाला के गेट से जय सिंह गोरखा के घर तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 4,44,000 | 2 प्रतिशत | 500 रू0 | 06 माह |
| 13. | कुर्डी–टांडा रोड पर जगदीश पुत्र रिसाल सिंह के मकान से यामीन पुत्र नबिया के मकान तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 4,50,000 | 2 प्रतिशत | 500 रू0 | 06 माह |
| 14. | कुर्डी–टांडा रोड पर रामपाल मुण्डे की दुकान से महेन्द्र पुत्र उमराव के घर तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 4,53,000 | 2 प्रतिशत | 500 रू0 | 06 माह |
| 15. | कुर्डी–टांडा रोड पर जिला सहकारी बैंक से रामस्वरूप जुलाहे के मकान तक झण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पटरी निर्माण कार्य। | 4,56,000 | 2 प्रतिशत | 500 रू0 | 06 माह |

हस्ता/–
(मनीष चौधरी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत छपरौली
जनपद बागपत

हस्ता/–
(संजीव कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत छपरौली
जनपद बागपत

# लियोन ने वार्न का सुझाव नकारा

## ● कहा- आपने कब मैकगिल को मौका दिया

भाषा। सिडनी

आस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने सिडनी टेस्ट से विश्राम लेने के शेन वार्न के सुझव को दो टूक शब्दों में नकारते हुए सोमवार को कहा कि इस दिग्गज लेग स्पिनर ने क्या कभी अपने करियर में स्टुअर्ट मैकगिल को मौका देने की कोशिश की। वार्न ने लियोन को न्यूजीलैंड के खिलाफ सिडनी टेस्ट से विश्राम देने और उनकी जगह लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन को अंतिम एकादश में रखने की वकालत की थी। वार्न ने कहा था कि अगर चयनकर्ता इस तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए एक स्पिनर का चयन करते हैं तो उन्हें लियोन को बाहर करके स्वेपसन को पदार्पण का मौका देना चाहिए। मिशेल स्वेपसन को टेस्ट मैच का अनुभव दिलाने के लिए उन्हें मौका देना चाहिए। मेरा मानना है कि इसका भविष्य में फायदा मिलेगा। लेकिन दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले लियोन ने कहा कि उनके बाहर बैठने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। वार्न जब खेला करते थे तो मैकगिल को बहुत कम मौके मिले और लियोन ने उसी का सहारा लिया। लियोन ने कहा, क्या वार्न कभी विश्राम चाहते थे ताकि स्टुअर्ट मैकगिल को मौका मिल सके? मैं विश्राम नहीं लूंगा। मैं कभी किसी से आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से नहीं मिला जो विश्राम लेना चाहता हो। मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि मिच स्टार्क, पैट कमिन्सी या पैटा जेम्स पैटिनसनी कहें कि उन्हें विश्राम की जरूरत है। क्वींसलैंड के स्वेपसन को सिडनी टेस्ट के लिए आस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है जहां परिस्थितियां धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल होती हैं। स्वेपसन ने मेलबर्न में वार्न से टिप्स लिए थे।

## हंपी ब्लिट्ज प्रतियोगिता में पहले दिन के बाद दूसरे स्थान पर

**मास्को।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने महिला विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज चैपियनिशप में दूसरे खिताब के लिए दमदार शुरुआत की और वह ब्लिट्ज प्रतियोगिता के पहले दिन तीन अन्य के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर है। शनिवार को रैपिड खिताब जीतने वाली 32 वर्षीय हंपी ने दो दिवसीय ब्लिट्ज प्रतियोगिता में पहले पांच दौर में जीत से शुरुआत की और वह एक समय शीर्ष पर थी। हंपी ने अपनी अगली दो बाजियां ड्रा कराई और फिर आठवी बाजी में मोनिका सैको को हराया। वह हालांकि पहले दिन के बाद शीर्ष पर चल रही रूस की कैटरीना लैगनो से दिन की अंतिम बाजी में नाटकीय तरीकेसे हार गई। लैगनो ने 2018 के अपने खिताब के बचाव के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाई और उन्होंने संभावित नौ में से आठ अंक हासिल किए है। लैगनों के बाद चार खिलाड़ी अलेक्सांद्रा कोस्तेनियुक, कोनेरू हंपी, दारिया चारोचकिना और एलिना काशलिनसकाया समान सात सात अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर है। हंपी ने शनिवार को चीन की ली टिंगजी के खिलाफ आर्मेगेडोन बाजी ड्रा करवाकर विश्व महिला रैपिड शतरंज चैपियनशिप जीती थी।

## सोनोवाल ने खेलो इंडिया युवा खेलों की मशाल रैली शुरू की

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने राज्य में 10 से 22 जनवरी तक होने जाने वाले तीसरे खेलो इंडिया युवा खेलों की मशाल रैली की शुरुआत की। सोनोवाल ने इस मौके पर असम के लोगों से इन खेलों के लिए आने वाले खिलाड़ियों के लिए बेहतर माहौल बनाने की अपील की। सोनोवाल ने रविवार को कहा, खेलो इंडिया युवा खेलों के लिए देश भर के एथलीट गुवाहाटी आएंगे। यह प्रतियोगिता हमारे एथलीटों के लिए शानदार मौका होगा। उन्होंने कहा, मैं असम के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री किरेन रीजीजू को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मै असम के लोगों से एक सा माहौल बनाने के लिए कहना चाहूंगा जिसमें सभी एथलीट शानदार तरीके से अपना प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर भारतीय खेल प्राधिकरण 'साइी के निदेशक संदीप प्रधान भी मौजूद थे। इन खेलों का उद्घाटन समारोह 10 जनवरी को यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा। खिलाड़ी हालांकि इससे पहले ही अपनी-अपनी स्पर्धाओं में भाग लेना शुरू कर देंगे।

# एटीपी कप से हटे जापान के निशिकोरी

भाषा। पर्थ



जापान के टेनिस स्टार केई निशिकोरी सोमवार को पहले एटीपी कप से हट गए क्योंकि वह अब भी कोहनी की चोट से जूझ रहे हैं जिसके कारण वह यूएस ओपन के बाद से बाहर चल रहे हैं। निशिकोरी एक समय विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे लेकिन अब 13वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने निराशा जताई कि वह तीन जनवरी से शुरू होने वाली टीम स्पर्धा में अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बयान में कहा, आज अपनी टीम के साथ मिलकर हमने यह फैसला किया कि मैं अब भी उच्च स्तर पर खेलने के लिए शत प्रतिशत फिट नहीं हूं। निशिकोरी ने अक्टूबर में अपनी कोहनी का आपरेशन करवाया था और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह 20 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम आस्ट्रेलियाई ओपन में खेल पाएंगे या नहीं। जापान एटीपी कप टीम में निशिकोरी की जगह योशीहितो निशिओका को लिया गया है। निशिकोरी से पहले ब्रिटेन के एंडी मर्रे भी चोट के कारण इस प्रतियोगिता से हट गए थे जबकि रोजर फेडरर ने इसमें नहीं खेलने का फैसला किया था। यह टीम चैंपियनशिप तीन से 12 जनवरी के बीच होगी जिसकी पुरस्कार राशि एक करोड़ 50 लाख डालर है। इसमें एकल में अधिकतम 750 और युगल में 250 रैंकिंग अंक भी दांव पर लगे होंगे। प्रतियोगिता में 24 देशों को छह ग्रुप में रखा जाएगा जो राउंड रॉबिन आधार पर एक दूसरे से खेलेंगे। इनमें शीर्ष पर रहने वाली आठ टीमें नाकआउट में पहुंचेंगी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, hitherto known as Patel Shantabai Maganlal w/o Sh. Maganlal Patel R/o BK-1/95-B, Shalimar Bagh, Delhi - 110088, have changed my name and shall hereafter be known as Shantaben Maganlal Patel for all future purpose.

PD(8738)A

# विजडन की दशक टी-20 टीम में धोनी शामिल नहीं

## ● कोहली व बुमराह को जगह मिली

**भाषा।** लंदन




भारतीय कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विजडन ने दशक की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया है लेकिन महेंद्र सिंह धोनी इस टीम में जगह नहीं बना पाए।

आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच को टीम का कप्तान बनाया गया है जिसमें दो अन्य आस्ट्रेलियाई शेन वाटसन और ग्लेन मैक्सवेल, इंग्लैंड के जोस बटलर और डेविड विली, अफगानिस्तान के आलराउंडर मोहम्मद नबी और राशिद खान, न्यूजीलैंड के कोलिन मुनरो और श्रीलंका के लेसिथ मलिंगा शामिल हैं। विजडन ने कोहली के बारे में लिखा है, कोहली का घरेलू टी20 रिकार्ड उतार चढ़ाव वाला रहा है लेकिन टी20 अंतरराष्ट्रीय में सा नहीं कहा जा सकता है। कोहली का औसत 53 है जो दशक में सर्वश्रेष्ठ है और जबकि उनकी निरंतरता उनके स्ट्राइक रेट से थोड़ा समझैता करती है, तब भी वह असाधारण नहीं लेकिन अच्छी दर से स्कोर बनाने में सक्षम हैं। विजडन ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है, तेज और स्पिन गेंदबाजी के सामने दमदार और विकेटों के बीच तेज दौड़ के कारण कोहली नंबर तीन के आदर्श खिलाड़ी हैं जो शुरू में विकेट गिरने के बाद तीक्ष्ण गेंदबाजी का डटकर सामना करके पारी संवारने में सक्षम हैं लेकिन साथ ही अच्छी शुरुआत मिलने पर तेजी से रन बना सकते हैं। पहले विकेट के लिए बड़ी साझेदारी होने पर कोहली इस एकादश के बल्लेबाजी क्रम में नीचे आएंगे। कोहली को विजडन ने दशक के पांच खिलाडियों में शामिल किया था। इनमें स्टीव स्मिथ, डेल स्टेन, एबी डिविलियर्स और एलिस पैरी भी शामिल थे। कोहली को जहां विजडन की दशक की टी20 टीम में बल्लेबाजों में जगह मिली है वहीं गेंदबाजों में बुमराह अपने शानदार इकोनोमी रेट और डेथ ओवरों की बेहतरीन गेंदबाजी के कारण अंतिम एकादश में स्थान बनाने में सफल रहे। विजडन ने लिखा है, बुमराह का ओवर ल इकोनोमी रेट 6.71 है जो विश्व के तेज गेंदबाजों में डेल स्टेन के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। यह आंकड़ा तब और प्रभावशाली लगता है जब आप इस पर गौर करो कि उन्होंने अधिकतर गेंदबाजी डेथ ओवरों में की जहां उनका 7.27 का इकोनोमी रेट विश्व में सातवां सर्वश्रेष्ठ और तेज गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ है। बुमराह अपनी टीम के लिए तीन ओवर डेथ ओवरों में करते रहे हैं। भारत की 2007 की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान धोनी इस लस्टार टीम में जगह नहीं बना पाने वाले प्रमुख खिलाड़ी हैं। विजडन की दशक की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम इस प्रकार है : आरोन फिंच कप्तानी, कोलिन मुनरो, विराट कोहली, शेन वाटसन, ग्लेन मैक्सवेल, जोस बटलर, मोहम्मद नबी, डेविड विलीद, राशिद खान, जसप्रीत बुमराह, लेसिथ मलिंगा।

### पोंटिंग ने कोहली को दशक की टेस्ट टीम का कप्तान चुना



**मेलबर्न।** पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय कप्तान विराट कोहली को दशक की ल स्टार टेस्ट टीम का कप्तान चुना। उनकी इस टीम में इंग्लैड के चार खिलाड़ी शामिल है। पोंटिंग की पिछले दस साल के प्रदर्शन पर आधार पर तैयार की गई टीम में कोहली के अलावा कोई अन्य भारतीय शामिल नही है। कोहली अभी आईसीसी टेस्ट और वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर है। इंग्लैड के जिन खिलाड़ियों को पोंटिंग की टीम में जगह मिली है उनमें आलराउंडर बेन स्टोक्स, सलामी बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक तथा तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड और जेम्स एंडरसन शामिल है। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में उन्होंने स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर तथा स्पिनर नाथन लियोन को अपनी टीम में रखा है। पोंटिंग ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा है, हर कोई दशक की अपनी टीम चुन रहा है तो मैंने सोचा कि मुझे भी इस खेल में शामिल होना चाहिए। उन्होंने आगे लिखा, पिछले दशक की मेरी टेस्ट टीम इस तरह से है डेविड वार्नर, एलिस्टेयर कुक, केन विलियमसन, स्टीव स्मिथ, विराट कोहली 'कप्तानी, कुमार संगकारा 'विकेटकीपरी, बेन स्टोक्स, डेल स्टेन, नाथन लियोन, स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन। कोहली अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 70 शतक लगा चुके है तथा केवल सचिन तेंदुलकर '100' और पोंटिंग '71' से पीछे है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया की आधिकारिक वेबसाइट ने भी कोहली को दशक की अपनी टेस्ट एकादश का कप्तान चुना था।

# कोहली शीर्ष पर बरकरार

## ● पुजारा आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान खिसके

**भाषा।** दुबई



भारतीय कप्तान विराट कोहली वर्ष के आखिर में आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज रहेंगे लेकिन लंबी अवधि के प्रारूप के विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गए। कोहली के 928 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज आस्ट्रेलियाई स्टार स्टीव स्मिथ-911 से काफी आगे हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन-822 तीसरे स्थान पर हैं। इस साल 11 टेस्ट मैचों में 1085 रन बनाने वाले आस्ट्रेलियाई मार्नस लाबुशेन एक पायदान आगे चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। पुजारा 791 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि अंजिक्य रहाणे के 759 अंक हैं और वह सातवें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल पहले की तरह 12वें स्थान पर बने हुए हैं लेकिन रोहित शर्मा एक पायदान पर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से भारत के कुल पांच बल्लेबाज शीर्ष 20 में शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 95 रन की पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले क्विंटन डिकाक सोमवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष दस में शामिल हो गए हैं। गेंदबाजों में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 794 अंक लेकर छठे स्थान पर बने हुए हैं जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 772 अंकी और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 771 अंकी नौवें और दसवें स्थान पर बने हुए हैं। रविंद्र जडेजा 725 अंकी एक पायदान पर 16वें जबकि इशांत शर्मा 716 अंकी पहले की तरह 18वें स्थान पर बने हुए हैं। इस तरह से गेंदबाजी में भी भारत के पांच खिलाड़ी शीर्ष 20 में बने हुए हैं। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अगुआ पैट कमिन्स 902 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद न्यूजीलैंड के नील वैगनर 859 और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा 832 का नंबर आता है।

### इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज सिबले भी बीमार हुए

**सेंचुरियन।** सलामी बल्लेबाज डोमीनिक सिबले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गई इंग्लैंड टीम के बीमार हुए क्रिकेटरों की सूची में शामिल हो गए हैं। टीम के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि इस महीने दौरे के शुरु होने के बाद से 11 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के छह सदस्य किसी न किसी समय बीमार हुए। बीमारी के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे क्रिस वोक्स और जैक लीच की सेहत में सुधार है और लोग अब उनसे मिल सकते हैं। पूरी टीम मंगलवार को केपटाउन के लिए रवाना होगी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए सिडनी विशेषज्ञ समरविले को टीम में शामिल किया

**वेलिंगटन।** विल समरविले के सिडनी में खेलने के अनुभव को देखते हुए न्यूजीलैंड ने उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। आफ स्पिनर समरविले आस्ट्रेलिया में पले बढ़े हैं और वह न्यू साउथ वेल्स की तरफ से शैफील्ड शील्ड में खेलते रहे हैं। उन्हें शुक्रवार से सिडनी में होने वाले टेस्ट मैच के लिए चोटिल तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह लिया गया है। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले दो मैच गंवाए हैं और अब उस पर वाइटवाश का खतरा मंडरा रहा है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि छह फीट चार इंच लंबे समरविले के लिए सिडनी क्रिकेट ग्राउंड एससीजी की परिस्थितियां अनुकूल होंगी। उन्होंने कहा, यह सर्वविदित है कि एससीजी पिच आस्ट्रेलिया में स्पिनरों को मदद देने वाली पिच मानी जाती है। विल ने न्यू साउथ वेल्स की तरफ से काफी क्रिकेट सिडनी में खेली है जिससे हमें आखिरी टेस्ट की तैयारियों में मदद मिलेगी।

### डु प्लेसिस ने बिग थ्री माडल की आलोचना की

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस का मानना है कि क्रिकेट को कम नहीं बल्कि अधिक संख्या में बड़े देशों की जरूरत है। रविवार को इंग्लैंड को पहले टेस्ट में 107 रन से हराने के बाद डुप्लेसिस से जब बिग थ्री भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तथा एक अन्य देश की मौजूदगी वाली चार देशों की सुपर सीरीज की योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, आप पिछले एक साल से देख सकते हैं बिग थ्री देशों के बीच क्या चल रहा है। सुपर सीरीज में भारत, इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के अलावा एक और देश होगा जिसे एक-एक कर के आमंत्रित किया जाएगा। डु प्लेसिस ने कहा, शीर्ष तीन या तीन बड़े देशों के खिलाफ काफी मैच खेले जा रहे हैं। अगर आप इसमें अधिक टीमों को शामिल करेंगे तो यह और अच्छा हो सकता है। डु प्लेसिस ने बताया कि टेस्ट क्रिकेट में मैचों को लेकर काफी असमानता है जहां आयरलैंड और अफगानिस्तान जैसे नए टेस्ट देशों को खुद के लिए मैच हासिल करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, अगर इन छोटे देश हैं जो टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल पा रहे। वे काफी कम खेल रहे हैं।

# चोटिल अबॉट की जगह शार्ट आस्ट्रेलियाई टीम में

## ● भारतीय दौरे के लिए खेलेगी टीम

**भाषा।** मेलबर्न




आस्ट्रेलिया ने सोमवार को चोटिल तेज गेंदबाज सीन अबॉट की जगह डी आर्शी शार्ट को भारत के आगामी दौरे के लिए आरोन फिंच की अगुवाई वाली एकदिवसीय टीम में शामिल किया। भारतीय दौरे की शुरुआत 14 जनवरी को मुंबई में होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। दूसरा वनडे 17 जनवरी को राजकोट और तीसरा वनडे 19 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा। अबॉट बिग बैश लीग में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण चार सप्ताह के लिए बाहर हो गए जिसके बाद शार्ट को 14 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया। तेज गेंदबाज पैट कमिन्स, जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और केन रिचर्डसन आस्ट्रेलियाई टीम में हैं, इसलिए चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज अबॉट की जगह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शार्ट को चुना जो लेग स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। चयन समिति के संयोजक ट्रेवर हॉन्स ने कहा, सीन के लिए यह दुर्भाग्‍यपूर्ण है। सीन हमारी आईसीसी टी20 विश्व कप और वनडे विश्व कप की योजनाओं के लिए सीमित ओवरों की हमारी टीम का हिस्सा है। उन्होंने कहा, डी आर्सी के टीम में होने से हमारे पास एश्टन एगर के साथ एक और स्पिन आलराउंडर का विकल्प रहेगा। इन दोनों के अलावा चार विश्वस्तरीय तेज गेंदबाजों और स्पिनर एडम जंपा की मौजूदगी से टीम बेहद संतुलित बन गई है। डी आर्सी का अच्छा रिकार्ड और बल्लेबाजी क्रम में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने की क्षमता से टीम को फायदा मिलेगा। शार्ट ने आस्ट्रेलिया की तरफ से चार वनडे में 26.66 की औसत से 83 रन बनाए हैं। डेविड वार्नर और फिंच पारी का आगाज करेंगे और से में शार्ट संभवत: मध्यक्रम में उतरेंगे। आस्ट्रेलिया इससे पहले वनडे श्रृंखला के लिए आखिरी बार विश्व कप 2019 से पहले भारतीय दौरे पर आया था और तब उसने 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके 3-2 से श्रृंखला जीती थी। गेंद से छेड़छाड़ के मामले में प्रतिबंध समाप्त होने के बाद वार्नर और स्टीव स्मिथ भी आस्ट्रेलियाई टीम के साथ पहली बार भारत आएंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ में भूमिका के बाद इन दोनों पर एक साल का प्रतिबंध लगा दिया था।

**भारत दौरे के लिए आस्ट्रेलियाई टीम: आरोन फिंच 'कप्तानी, एश्टन एगर, एलेक्स केरी, पैट कमिन्स, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जोश हेज़लवुड, मार्नस लाबुशेन, केन रिचर्डसन, डी आशी शार्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, एश्टन टर्नर, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।**

# हरफनमौला पर विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज को मिले तरजीह

## ● टी20 विश्व कप के लिए कुंबले का मंत्र



**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले का मानना है कि टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम को विकेट चटकाने वाले विकल्प पर ध्यान देना चाहिए जहां हरफनमौला खिलाड़ी की जगह तेज गेंदबाज को तरजीह मिलनी चाहिए।

अगले साल अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भारतीय टीम आने वाले समय में अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी।कुंबले ने क्रिकनेक्स्ट से कहा, मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि आपको विकेट लेने वाले गेंदबाजों की जरूरत होगी। से में मेरे मुताबिक कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलनी चाहिए। आप सवाल उठा सकते हो कि जब ओस की वजह से गेंद गीली हो जाती है तब टीम में कलाई के दो स्पिनरों का होना क्या सही है? भारत की ओर से टेस्ट और एकदिवसीय में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, यह काफी जरूरी है कि आप विकेट लेने वाले विकल्प की तलाश करें। टीम हरफनमौला खिलाड़ी को ढूंढ रही है लेकिन आपको से तेज गेंदबाजों को रखना होगा जो विकेट ले सकें। मुझे लगता है कि ए काफी मुश्किल परिस्थिति है। कुंबले के मुताबिक यह पहचान करना अहम होगा कि आस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में कौन-कौन अच्छा कर सकता है। उन्होंने कहा, भारत के लिए यह सोचना काफी अहम होगा कि आस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में कौन प्रदर्शन करेगा और कौन से से गेंदबाज हैं जो विकेट लेने की क्षमता रखते हैं। क्योंकि इसी से विरोधी टीम पर दबाव बनेगा। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पूर्व कप्तान के लिए आईपीएल का प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। उन्होंने कहा, यह इस पर निर्भर करेगा कि एमएस 'धोनी' आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करते हैं और क्या भारतीय टीम को लगता है कि विश्व कप में उनकी सेवाओं की जरूरत होगी। इस तरह वह टीम का हिस्सा हो सकते हैं। लेकिन हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। पिछले दिनों भारतीय टीम के मौजूदा कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि लोकेश राहुल टी20 विश्व में विकेटकीपिंग में बैकअप की भूमिका निभा सकते है। कुंबले भी सी सोच रखते हैं। उन्होंने कहा, राहुल से खिलाड़ी है जिसका भारतीय टीम इस्तेमाल करने की सोच सकती है। वह टी20 में इस भूमिका को निभा सकते हैं। वह अच्छा है और उसने कर्नाटक के लिए विकेटकीपिंग की है। सीमित ओवरों के प्रारूप में बल्लेबाज के तौर पर उनकी क्षमता के बारे में हमें पता है। हां, वह अच्छा विकल्प है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम जिस विकल्प के बारे में भी सोच रही है , मुझे लगता है कि विश्व कप से कम से कम 10-12 मैच पहले उसे पक्का कर लेना चाहिए। कुंबले के मुताबिक रोहित शर्मा 2019 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं जिन्होंने हर प्रारूप में रन बनाए और टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया। उनके मुताबिक मयंक अग्रवाल साल के सर्वश्रेष्ठ युवा क्रिकेटर रहे।

# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट को अनिवार्य करने पर विचार करेगा

## ● 2023 से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में लागू हो सकता है

**भाषा।** मेलबर्न

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद-आईसीसी 2023 से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में शामिल मुकाबलों को अनिवार्य रूप से चार दिवसीय करने पर विचार कर रहा है जिससे व्यस्त कार्यक्रम में समय की बचत की जा सके। आईसीसी की क्रिकेट समिति 2023-2031 सत्र के लिए टेस्ट मैचों को औपचारिक रूप से पांच की जगह चार दिन के करने पर विचार करेगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक इस विचार के पीछे कई वजह है जिसमें आईसीसी और अधिक वैश्विक प्रतियोगिताओं के आयोजन करना चाहता है और बीसीसीआई ने भी इस सत्र में अधिक द्विपक्षीय मुकाबलों की मांग की है। इसके अलावा दुनिया भर में टी20 लीग का प्रसार हो रहा है और पांच दिवसीय मैच की मेजबानी में होने वाला खर्च भी शामिल है। अगर 2015-2023 सत्र में चार दिवसीय टेस्ट मैच खेले जाते तो खेल से 335 दिन बच जाते। चार दिवसीय टेस्ट कोई नई अवधारणा नहीं है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और आयरलैंड ने चार दिवसीय टेस्ट खेला था। इससे पहले 2017 में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे ने भी सा ही मैच खेला था। यह सा मुद्दा है जिस पर खेल से जुड़े हितधारक अलग-अलग दृष्टिकोण रख सकते हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के प्रमुख केविन राबर्ट्स को लगता है कि चार दिवसीय टेस्ट पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। राबर्ट्स ने एसईएन रेडियो को बताया, यह सा मुद्दा है जिस पर हमें इस सप्ताह गंभीरता से विचार करना होगा। इस मामले पर भावनाओं से पर उठना होगा, लेकिन इसे तथ्यों के हिसाब से देखा जाना चाहिए। हमें समय और ओवर के संदर्भ में यह देखने की जरूरत है कि पिछले पांच-दस वर्षों में टेस्ट मैचों की औसत लंबाई क्या रही है। आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन हालांकि इस विचार से बहुत उत्साहित नहीं है। उन्होंने मेलबर्न में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 247 रन की जीत के बाद कहा, अगर सा होता तो एशेज श्रृंखला में हमें जो नतीजे मिले वे नहीं मिलते। मुझे लगता है हर मैच पांचवें दिन तक चला था। पेन ने कहा, टेस्ट क्रिकेट को यही अलग बनाता है, यह पांच दिनों का होता है और मानसिक एवं शारीरिक रूप से मुश्किल होता है। यह प्रथम श्रेणी में चार दिवसीय मैच के मुकाबले खिलाड़ियों की अधिक परीक्षा लेता है। मुझे लगता है शायद इसी सोच से इसे सा रखा गया है, उम्मीद है कि यह बरकरार रहेगा।

### गांगुली ने चार दिवसीय टेस्ट पर कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी



**कोलकाता।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि 2023 से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मैचों को चार दिवसीय टेस्ट के रूप में कराने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के प्रस्ताव पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। चार दिवसीय टेस्ट पर जब गांगुली से ईडन गार्डन्स पर उनका नजरिया जानना चाहा तो उन्होंने कहा, सबसे पहले हमें प्रस्ताव देखना होगा, इसे आने दीजिए और इसके बाद हम देखेंगे। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। बिना सोचे समझे टिप्पणी नही कर सकते। आईसीसी की क्रिकेट समिति 2023 से 2031 के सत्र में टेस्ट मैचों को पांच दिवसीय की जगह चार दिवसीय करने पर औपचारिक विचार विमर्श करेगी। चार दिवसीय मैचों की जरूरत में कई मुद्दे भूमिका निभा सकते है जिसमें आईसीसी की और अधिक वैश्विक प्रतियोगिताओं के आयोजन की चाहत और बीसीसीआई की इस सत्र में अधिक द्विपक्षीय मुकाबलों की मांग है। इसके अलावा दुनिया भर में टी20 लीग का प्रसार हो रहा है और पांच दिवसीय मैच की मेजबानी में होने वाला खर्च भी शामिल है। चार दिवसीय टेस्ट कोई नई धारणा नही है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैड और आयरलैड ने चार दिवसीय टेस्ट खेला था। इससे पहले 2017 में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे ने भी सा ही मैच खेला था। गांगुली ने क्रिकेट सलाहकार समिति के गठन पर भी कोई जानकारी नही दी जिसे राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की नियुक्ति करनी है।

### डीडीसीए ने अध्यक्ष पद का चुनाव कराने के लिए विधानसभा चुनावों तक का समय मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ-डीडीसीए ने अपने अध्यक्ष पद का चुनाव कराने के लिए सोमवार को फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों तक का समय मांगा। डीडीसीए ने साथ ही स्पष्ट कर दिया कि लोढा समिति की सिफारिशों के अनुसार भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के पात्र नही है। डीडीसीए के महासचिव विनाद तिहाड़ा ने यहां कहा, लोकपाल दीपक वर्मा को अध्यक्ष पद का चुनाव कराने के लिए अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया जाएगा। चुनाव जनवरी के अंत में होने है लेकिन आग्रह किया जाएगा कि यह फरवरी में दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद हों। रजत शर्मा के इस्तीफे के बाद खाली हुए अध्यक्ष पद के लिए गंभीर की उम्मीदवारी पर तिहाड़ा ने कहा, दिल्ली क्रिकेट की सेवा के लिए उनका स्वागत है लेकिन वह अध्यक्ष तभी बन सकते है जब सांसद के रूप में इस्तीफा दें। रजत शर्मा ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था जिससे डीडीसीए में नए अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए चुनाव कराने की जरूरत पड़ी। तिहाड़ा ने साथ ही रविवार को संपन्न विवादों से भरी वार्षिक आम बैठक के दौरान हाथापाई करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी वादा किया। एजीएम के दौरान हाथापाई भी हुई थी और इस दौरान न्यायमूर्ति सेवानिवृत्ती दीपक वर्मा को डीडीसीए का नया लोकपाल नियुक्त किया गया। एजीएम के इतर सत्ताधारी गुट के संयुक्त सचिव राजन मनचंदा को विरोधी गुट के मकसूद आलम ने थप्पड़ जड़ा। तिहाड़ा ने कहा कि एजीएम के दौरान अव्यवस्था में शामिल रहे राज्य संघ के अधिकारियों के खिलाफ एक हफ्ते के भीतर कार्रवाई की जाएगी। तिहाड़ा ने कहा, डीडीसीए एजीएम के दौरान उत्पात मचाने वालों के खिलाफ एक हफ्ते के भीतर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रहाणे और साव कर्नाटक के खिलाफ रणजी में खेलेंगे

**भाषा।** मुंबई

टेस्ट विशेषज्ञ अजिंक्य रहाणे और युवा बल्लेबाज पृथ्वी साव कर्नाटक के खिलाफ रणजी मुकाबले में मुंबई की ओर से मैदान में उतरेंगे।

मुंबई क्रिकेट संघ ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमें दोनों खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा गया है। इस मुकाबले को तीन जनवरी से यहां के बांद्रा कुर्ला परिसर में खेला जाना है। रहाणे और साव ने मौजूदा सत्र में मुंबई की ओर से दोनों मैच खेले हैं। यह मुकाबले बड़ौदा और रेलवे के खिलाफ खेले गए थे। साव ने बड़ौदा के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था जिसमें टीम ने जीत दर्ज की। वह हालांकि रेलवे के खिलाफ दोनों पारियों में विफल रहे और रेलवे ने इस मुकाबले में 41 बार की चैम्पियन को 10 विकेट से हराया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 63 टेस्ट खेलने वाले रहाणे इन दोनों मैचों में बल्ले से कमाल करने में नाकाम रहे। राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल नहीं किया गया है। टीम: सूर्यकुमार यादव 'कप्तानी, आदित्य तारे 'उपकप्तानी, अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी साव, सरफराज खान, शुभम रंजने, आकाश पारकर, सिद्धेश लाड, शम्स मुलानी, विनायक भोईर, शशांक अत्तारडे, रायस्ट डियाज, तुषार देशपांडे, दीपक शेट्टी और एकनाथ केरकर।

### बंगाल की रणजी टीम में डिंडा को नहीं मिली जगह

**कोलकाता।** बंगाल ने अनुभवी तेज गेंदबाज अशोक डिंडा को गुजरात के खिलाफ तीन जनवरी से खेले जाने वाले रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए के मुकाबले के लिए सोमवार को घोषित 16 सदस्ईय टीम में जगह नही दी। भारत के लिए 13 एकदिवसीय और नौ टी20 खेलने वाले डिंडा को आंध्र के खिलाफ मैच से पहले गेंदबाजी कोच राणादेब बोस के साथ दुर्व्यवहार और फिर माफी मांगने से इनकार करने पर टीम से बाहर कर दिया गया था। सीएबी के संयुक्त सचिव अभिषेक डालमिया ने कहा, टीम प्रबंधन की राय के आधार पर, चयनकर्ताओं ने डिंडा को अभी टीम में शामिल करने पर विचार नही किया। खराब फार्म से जूझ रहे सुदीप चटर्जी की जगह बाएं हाथ के नए बल्लेबाज काजी जुनैद सैफी को टीम में शामिल किया गया है। टीम: अभिमन्यु ईश्वरन 'कप्तानी, अभिषेक रमन, मनोज तिवारी, अनुस्तुप मजुमदार, श्रीवत्स गोस्वामी, अर्नब नंदी, रित्विक राय चौधरी, इशान पोरेल, शाहबाज अहमद, सुदीप घरामी, आकाश दीप, मुकेश कुमार, कौशिक घोष, बी अमित, अयान भट्टाचार्य और काजी जुनैद सैफी।

# मैदान पर कोहली राजा तो बाहर गांगुली महाराजा

**भाषा।** नई दिल्ली




विराट कोहली और भारतीय क्रिकेट ने खत्म हो रहे साल में अच्छी प्रगति की जबकि सौरव गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में नई पारी की शुरुआत की। भारत ने साथ ही 2019 में अंतत: दिन-रात्रि टेस्ट खेला। विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत की हार दिल तोड़ने वाली रही जबकि महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर संशय बरकरार है जो पिछले छह महीने से क्रिकेट से दूर हैं। विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को न्यूजीलैंड ने हराया। फाइनल में हालांकि न्यूजीलैंड को निराशा हाथ लगी जब निर्धारित ओवर और फिर सुपर ओवर के बाद भी मैच टाई रहा और मेजबान इंग्लैंड को मैच में अधिक बाउंड्री लगाने के कारण विजेता घोषित किया गया। आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर ने 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के कारण एक साल का प्रतिबंध लगने के बाद नई शुरुआत की। वार्नर ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया तो स्मिथ एशेज में छाए रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 2019 में अपने कई अच्छे खिलाड़ी गंवाए और पूरे साल उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम हालांकि साल का अंत इंग्लैंड के खिलाफ जीत से करने में सफल रही। वर्ष 2009 के आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट की वापसी हुई जब श्रीलंका की टीम ने देश का दौरा किया। इन मैचों के लिए हालांकि काफी दर्शक नहीं पहुंचे। ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए ब्रेक लिया जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मानसिक तनाव का मुद्दा उठा। इस क्रिकेटर को इस मुद्दे पर चौतरफा समर्थन मिला। भारत की बात करें तो टीम इंडिया आस्ट्रेलिया में सात दशक में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने में सफल रही लेकिन विश्व कप सेमीफाइनल में कुछ मिनटों के खराब प्रदर्शन के कारण विराट कोहली की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मुश्किल के समय में भारतीय क्रिकेट की बागडोर संभालने के लिए पहचाने जाने वाले गांगुली सर्वसम्मति से बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष बने जिससे उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति के तीन साल के विवादास्पद कार्यकाल का अंत हुआ। गांगुली ने एक बार फिर आगे बढ़कर अगुआई करने की अपनी क्षमता दिखाई जब उन्होंने कोहली को बांग्लादेश के खिलाफ गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने के लिए राजी किया जो इसके लिए पहले तैयार नहीं थे। मैच का स्तर उतना ंचा नहीं था लेकिन नए बोर्ड अध्यक्ष यह दिखाने में सफल रहे कि टेस्ट क्रिकेट में कैसे दर्शकों को वापस लाया जा सकता है। गुलाबी गेंद से शतक बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने कप्तान कोहली का नजरिया हालांकि अलग था और उन्होंने दर्शकों को मैदान पर लाने के लिए स्थाई टेस्ट केंद्र बनाने का सुझव दिया। मैदान पर कोहली लगातार आगे बढ़त रहे। वह तीनों प्रारूपों में 2455 रन बनाकर सबसे सफल बल्लेबाज रहे। उन्होंने अपने साथी रोहित शर्मा '2442 से 13 रन अधिक बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रूप में नई पारी का आगाज किया और बेहद सफल रहे।भारतीय गेंदबाजों ने बीते साल दबदबा बनाया जो नई शुरुआत को दर्शाता है। विश्व कप सेमीफाइनल में मार्टिन गुप्टिल के सीधे थ्रो पर रन आउट होने के बाद से धोनी ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और उनके भविष्य को लेकर संशय बना हुआ है।

# वर्ष 2019 की सर्वाधिक लोकप्रिय डिजिटल सीरीज




काफिर जी5 डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने वाली एक ऑरिजिनल सीरीज़ है जिसमें दिया मिर्ज़ा और मोहित रैना की लीड जोड़ी पहली बार सामने आई है। ये वास्तव में एक सच्ची कहानी पर आधारित है जिसमें एक युवा पाकिस्तानी मां को असामान्य परिस्थितियों में भारत आना पड़ता है और फिर वो वापस अपने घर जाने में असफल रहती है।

इस सीरीज़ में इस महिला, जिसपर आतंकवादी होने का आरोप लगता है, लेकिन उसके अधिवक्ता बने मोहित रैना उसे न्याय दिलाने को ही अपने जीवन का ध्येय बना लेते हैं।

**ऑटो शंकर:** ये भी एक तमिल ऑरिजिनल सीरीज़ है जिसमें सरथ अप्पानी और सेल्वापांडियन, राजेष देव तथा वसुधा आदि कलाकार काम कर रहे हैं। इसमें चेन्नई में वर्ष 1985 से 1995 के बीच कुछ सनसनीखेज़ लेकिन सच्ची घटनाएं हुई थीं जिन्हें मद्रास में लोग आज भी विस्मय से याद करते हैं।

**द फाइनल कॉल:** ये भी ज़ी5 पर दिखाई जाने वाली एक ऑरिजिनल थ्रिलर सीरीज़ है जिसमें आपको अर्जुन रामपाल, नीरज कबि, साक्षी तंवर, जावेद जाफरी, अनुप्रिया गोयंका तथा विपिन शर्मा आदि जैसे मंझे कलाकार काम कर रहे हैं। कहानी में कैप्टने करन सचदेव को स्काइलाइन एअर सर्विस का एक पायलट दिखाया गया है। फ्लाइट 502 के दौरान पायलट आत्महत्या का निर्णय लेकर अपने साथ उड़ान के 250 यात्रियों का भी जीवन संकट में डाल देता है। ऐसे में एटीएस टीम के साथ एअरलाइन ऑफिसर किरन मिर्ज़ा सहयोग करके यात्रियों को बचाने के लिए संघर्ष करते हैं।

**इशारों इशारों में:** ये भी एक आधुनिक विचारों को सामने रखने वाला शो है जिसकी कहानी भी एक विषिष्ट अवधारणा पर आधारित है। इसकी कहानी में श्रवणशक्ति से वंचित एक लड़के योगी को दिखाया गया है। योगी को सुनने की उसकी अक्षमता अनूठा नहीं बनाती बल्कि इसके बावजूद वो उत्साहपूर्वक अपने दैनिक जीवन का निर्वाह करने में समर्थ होता है, उसकी यही बात उसे अद्भुत बनाती है। विषम परिस्थितियों के बावजूद उसके चेहरे पर एक मुस्कान भी खिली रहती है। सीरीज़ में सुलभा आर्या, सुधीर पांडे, किरन करमाकर, स्वाति शाह और नए चेहरे मुदित नायर तथा सिमरन परींजा और देबात्मा साहा आदि कलाकारों ने सधा हुआ अभिनय किया है।

**द बिग बैंग थ्यौरी:** इसके प्रारंभ में चार मूर्ख वैज्ञानिक अपनी विष्वसनीयता को लेकर तर्क-वितर्क करते दिखाई देते हैं। इसकी अंतिम परिणति अंततः हॉवर्ड पिता के बनने, शेल्डेन को नोबेल पुरस्कार मिलने और पेनी के गर्भवती होने और राज का अपनी मंगेतर से ब्रेकअप के रूप में सामने आती है। लेकिन जल्दी ही रोमांस करने के लिए उसे कोई मिल जाता है। उसके एलिवेटर की खराबी भी अचानक से ही ठीक हो जाती है। कॉमेडी सेंट्रल पर आने वाले इस शो ने सबसे लंबा चलने वाले सिटकॉम शो का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। शो का आकर्षण दर्शकों को चैनल से बांधे रखने में सफल रहा है।

**सूट्स:** इस शो ने लोगों को असीमित स्मृतियां दी हैं, साथ ही राजसी विवाह का आनंद भी प्रदान किया है। शो सभी आयुवर्ग के दर्षकों को प्रिय है। इसमें आपको जैसे अपने काम की जगह के लोगों को ही विविध चरित्रों में देख पाएंगे। माइक और हार्वे इसमें ऐसे मित्र बनें हैं जैस हम अपने जीवन में चाहते हैं। मेघन के शो के बीच में ही विवाह बंधन में बंधने के कारण शो छोड़ने पर यद्यपि सभी को दुख है लेकिन उसके राजसी परिवार का हिस्सा बनने से सभी खुष हैं लेकिन अब उसके शो पर वापसी की कोई संभावना न पाकर लोग नाउम्मीद हैं। कलर्स इनफिनिटी चैनल पर दिखाए गए अंतिम सीज़न में मेघन को नहीं दिखाया गया है। लेकिन इसके बावजूद हमें एक ऐसे वैवाहिक आयोजन को देखने का अवसर मिला जिसकी सभी को प्रतीक्षा रहती है।

**फ्रेंड्स:** ये शो 25 साल पहले प्रारंभ हुआ था और आज भी ये सभी आयुवर्ग के लोगों के बीच में पर्याप्त लोकप्रिय है। कॉमेडी सेंट्रल इंडिया पर अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाने वाले इस शो को दुनिया भर में लाखों लोगों द्वारा देखा जाता है। आप कोई भी क्यों न हों आपको शो में शामिल छः मित्रों में अपनी एक झलक तो मिल ही जाएगी-फिर चाहे जोए का भोजन से प्रेम हो, शैंडलर के चुटकुले, रैषेल का फैषन, मोनिका की ओसीडी क्लीनिंग ही क्यों न हो। हम सभी का ऐसा कोई न कोई मित्र अवष्य होता है जिसे हम कभी खोना नहीं चाहते।



**मेरे डैड की दुल्हन:** इस सीरीज़ में प्रगतिशील कंटेंट को रखा गया हैं। शो में पिता और पुत्री की अपारंपरिक जोड़ी को आज की जीवनगति के परिप्रेक्ष्य में दिखाया गया है। इसमें पुत्री को अपने अकेले पिता के लिए जीवनसंगिनी ढूंढते दिखाया गया है। इस शो में लीड भूमिका में तीन साल बाद छोटे परदे पर वापसी कर रही अभिनेत्री श्वेता तिवारी मुख्य आकर्षण हैं। दूसरी ओर पिता की भूमिका मंझे कलाकार वरुण बडोला हैं और पुत्री के रूप में प्रतिभाषाली अभिनेत्री अंजलि ततरारी टीवी पर पदार्पण कर रही हैं।




**ब्रूकलिन नाइन-नाइन:** इस शो ने कॉमेडी सेंट्रल को चार्ट में सबसे ऊपर पहुंचाने में मदद की है। ये इस चैनल पर चल रहे सबसे अच्छे शोज़ में से एक है। इसमें दर्षक को हास्य और मस्ती की जो डोज़ मिलती है अन्यत्र नहीं दिखती। 99वें क्षेत्र के पुलिस विभाग ने हमारे दिलों को जीत लिया है। एमी तथा जोना की शादी ने हम सभी दर्षकों का दिल जीत लिया। इसका नया सीज़न भी आने वाला है और हम अपेक्षा रखते हैं कि शो जल्दी ही एक नए कलेवर के साथ हमारे सामने प्रस्तुत किया जाएगा।




**बैरट हाउस:** ये भी ज़ी5 पर प्रारंभ होने वाली ऑरिजिनल कहानी है जिसमें आप अमित साध, मंज़री फड़नवीस, आर्यन मेंघजी आदि कलाकार काम कर रहे हैं। इसकी कहानी में एक स्नेही बैरट परिवार के साथ हुई कुछ सच्ची घटनाओं को ही प्रस्तुत किया गया है। परिवार की खुषी उस दिन तार तार हो जाती है जब उनकी बेटी को रहस्यमयी परिस्थितियों में घर के भीतर ही क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी जाती है।



**बैटवोमन:** अपने इंटरनेषनल प्रीमियर के तुरंत बाद ही ये शो कलर्स इनफिनिटी पर दिखाया जाने लगा है और आते ही लोकप्रिय भी हो गया। इस शो को प्रारंभ में ही इतना जनसमर्थन मिला जो टेलिविज़न पर अब तक के किसी भी नए शो को नहीं मिला था। बैटमैन के बाद अब उसकी कज़िन केट केन उसका स्थान लेती है। वो गोथेम नगर के नागरिकों के लिए आषा के प्रतीक के रूप में स्वयं को स्थापित करने में सफल रहती है।

## 'घोस्ट स्टोरीज़' अत्यंत रोचक फिल्म



**अभिनेत्री** शोभिता धूलिपला आगामी नेटफ्लिक्स फिल्म घोस्ट स्टोरीज़ में एक घबराई गर्भवती स्त्री का चरित्र निभा रही हैं। उनका कहना है असमय प्रसव से जुड़ी घबराहट और समाज द्वारा ऐसी स्त्री के प्रति किया जाने वाला व्यवहार इस फिल्म की थीम है और ये अंतरंग होने के साथ ही सार्वभौमिक भी है। उन्होंने बताया, 'ये एक रोचक कहानी है और मुझे पता है कि ये कई लोगों के लिए वास्तविकता भी है। जब कोई महिला अपना बच्चा खो देती है तो उसे अत्यंत दुख होता है। इसके बावजूद समाज द्वारा अपनाई गई पुरातन सोच, कि ऐसा उसकी लापरवाही के कारण हुआ है, के कारण वो क्षमायाचक की मुद्रा में आ जाती है। इसके कारण वो आजीवन पछतावे में रहती है। यदि महिला जन्म देने में असफल होती है तो समाज का दृष्टिकोण ये होता है कि वो सफल महिला नहीं है और वो जीवन के योग्य नहीं है। ये केवल समाज के एक वर्ग की वास्तविकता नहीं है बल्कि ये सार्वभौमिक है।'

## सिद्धार्थ मल्होत्रा बनेंगे कैप्टेन बत्रा



**अभिनेता** सिद्धार्थ मल्होत्रा अब फिल्म शेरषाह में एक वास्तविक नायक कैप्टेन विक्रम बत्रा का चरित्र निभाने की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि उनके पास साधन होते तो वो ये फिल्म स्वयं निर्मित करते। फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्षन के सहयोग से बन रही है। इसके निर्देषक विष्णु वर्धन हैं। वो इसमें कैप्टेन बत्रा का चरित्र करेंगे जिन्होंने 1999 में कारगिल की लड़ाई में भारतीय क्षेत्र को पाकिस्तानी घुसपैठियों से वापस पाने के क्रम में अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था।

## रैशेल वुड को नहीं भाई फिल्म 'कैट्स'

इवान रैशेल वुड को क्लासिकल संगीत कैट्स के फिल्म-रूपांतरण पसंद नहीं आया। उन्होंने हॉलिवुड की इस फिल्म की निंदा करने में कोई संकोच नहीं किया। उनका कहना है कि ये उनके द्वारा अब तक देखी गई सबसे बुरी फिल्म है।



इसमें एंड्रयू लॉयड वेबर का संगीत है और टोनी पुरस्कार विजेता कोरियोग्राफर एंडी ब्लैंकेनबूह्लर के निर्देशन में डांसर्स की एक टीम तथा इसके निर्देशक ऑस्कर विजेता निर्देशक टॉम हूपर हैं इसमें इस संगीतमय हिट को आज की पीढ़ी के अनुरूप बनाने का प्रयास किया गया है।

इस हॉलिवुड अभिनेत्री ने ट्विटर पर अपनी अभिव्यक्ति में बताया, 'कैट्स वास्तव में मेरी कल्पना से भी बुरी बनी है। मुझे लग रहा था कि ये बेकार बनेगी। लेकिन मुझे अब आष्चर्य हो रहा है कि उसके कोरियोग्राफर को बदलने का क्या तुक था?'

# फरहा खान व रवीना टंडन ने कार्डिनल ओसवाल्ड ग्रेसियस से मांगी माफी

भाषा। मुंबई



**फिल्मकार** फरहा खान और अभिनेत्री रवीना टंडन ने रोमन कैथोलिक चर्च के भारतीय कार्डिनल ओसवाल्ड ग्रेसियस से मुलाकात कर माफी मांगी।

उन दोनों पर और हास्य कलाकार भारती सिंह पर एक टीवी शो में समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए मामला दर्ज किया था। इससे पहले फरहा ने फ्लिपकार्ट वीडियो ओरिजनल्स के क्विज शो बैकबेंचर्स की पूरी टीम की तरफ से ट्विटर पर माफी मांगी थी। वह इस शो की मेजबानी करती हैं। इस एपिसोड को फ्लिपकार्ट वीडियो ने अपने प्लेटफार्म से हटा दिया है। एक बयान में मेजबान और निर्देशक खान ने कहा कि रवीना के साथ उन्होंने बिना शर्त माफी मांगने के लिए ग्रेसियस से भेंट की। उन्होंने कहा कि ग्रेसियस ने उनकी माफी को स्वीकार कर लिया है और इस मामले को खत्म करने के लिए उन्होंने एक बयान भी जारी किया है।

# एशिया की पहली एलजीबीटी स्ट्रीमिंग सेवा पर दिखाए जाएंगे विभिन्न रोमांटिक-कॉमेडी कार्यक्रम

भाषा। सिंगापुर



**अत्यधिक** रूढ़िवादी माने जाने वाले क्षेत्र एशिया की, एलजीबीटी पर केंद्रित पहली स्ट्रीमिंग सेवा पर विभिन्न कार्यक्रम दिखाए जाएंगे जिसमें एक समलैंगिक फ्लाइट अटेंडेंट और समलैंगिकों के लिए बने स्पा में रोमांस की कहानियां भी शामिल हैं। गागाओओलाला पर एशिया की एक हजार से अधिक फीचर फिल्में, लघु कहानियां, वेब सीरीज और डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएंगी। समलैंगिक विवाह को वैध रूप देने वाले एशिया के पहले देश बने ताइवान में यह स्ट्रीमिंग सेवा 2017 में शुरू होने के बाद से 21 देशों तक फैल गई। इनमें वे देश भी शामिल हैं जहां समलैंगिकता अब भी अपराध है। ताइवान में प्रतिष्ठित एलजीबीटी अधिकार कार्यकर्ता जे लिन ने कहा, गागाओओलाला बनाने का मेरा एक मकसद कई मिथकों और भ्रमों को दूर करना है जो एलजीबीटी लोगों के बारे में हैं। ताइपे में अपने पार्टनर के साथ दो लड़कों की परवरिश कर रहे 46 वर्षीय लिन ने कहा, हम सभी त्रासद जीवन नहीं जी रहे हैं..हम उद्यमी हैं, हम पिता हैं। इस स्ट्रीमिंग सेवा में करीब 280,000 सदस्य है जिनमें से मुख्यत: समलैंगिक लोग हैं और साथ ही महिलाओं की संख्या अच्छी-खासी है। इसकी सफलता के साथ ही एशिया के अन्य हिस्सों में भी एलजीबीटी अधिकारों पर प्रगति हो रही है। ताइवान में मई में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के साथ ही भारत के उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक यौन संबंधों पर औपनिवेशिक काल के प्रतिबंध को हटा दिया था। हालांकि, एशिया के अन्य देशों में समलैंगिक अधिकारों की स्थिति बदतर ही है। सिंगापुर और मलेशिया में समलैंगिक संबंधों पर अब भी प्रतिबंध है जबकि ब्रूनेई ने इस साल कानूनों को और कड़ा बनाते हुए समलैंगिक यौन संबंधों के लिए पत्थरों से मार-मार कर मौत की सजा का प्रावधान किया है।

**अमिताभ ने फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होने पर कहा**

# पेशे को पहचान मिलने पर मुझे गर्व है

भाषा। मुंबई



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन भारतीय सिनेमा के शीर्ष पुरस्कार दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होकर गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्होंने कहा है कि वह इस देश के लोगों के प्रति आभार और अनुराग व्यक्त करते हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में रविवार को बच्चन को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। बच्चन पहले यह सम्मान राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में ग्रहण करने वाले थे लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले पाए। अपने ब्लॉग पर उन्होंने समारोह की तस्वीर लगाते हुए कहा, पहचान के लिए मुझे गर्व है। मेरे पेशे को पहचान मिली, इसके लिए मुझे गर्व है। मुझे अपने देश और फिल्म उद्योग पर गर्व है। अभिनेता ने इस समारोह में अपनी पत्नी और सांसद जया बच्चन, बेटे अभिषेक बच्चन के साथ हिस्सा लिया था। सात दशक के अपने लंबे करियर में बच्चन ने एक से बड़ कर एक हिट फिल्में दी हैं और समीक्षकों की प्रशंसा भी हासिल की है। ट्विटर पर बिग बी ने लिखा है इस महान देश, भारत के लोगों का, इस सम्मान के लिए आभार एवं उनके प्रति अनुराग व्यक्त करता हूं। हिंदी फिल्म जगत में वर्ष 1969 में सात हिंदुस्तानी फिल्म से अपने करियर की शुरूआत करने वाले बच्चन पांच दशक के अपने करियर में शीर्ष पर बने रहे और फिल्मों में यादगार काम के जरिए अपने प्रशंसकों को हैरान करते रहे। प्रसिद्ध हिंदी कवि हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन के घर 1942 में जन्मे बच्चन ने एक अभिनेता के रूप में सात हिंदुस्तानी फिल्म से अपने करियर की शुरूआत की। हालांकि, इस फिल्म को बॉक्स आफिस पर सफलता नहीं मिल पाई थी। कई फ्लॉप फिल्मों के बाद अभिनेता ने 1973 में प्रकाश मेहरा की एक्शन फिल्म जंजीर के जरिए आखिरकार सफलता का स्वाद चखा। इस फिल्म ने उन्हें एंग्री यंग मैन के रूप में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने दीवार, शोले, मिस्टर नटवरलाल, लावारिस, मुकद्दर का सिकंदर, त्रिशूल, शक्तिऔर काला पत्थर जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के जरिए दर्शकों के दिलों में अपनी एक अलग छाप छोड़ी। बच्चन ने अभिमान, मिली, कभी-कभी और सिलसिला जैसी फिल्मों में संवेदनशील भूमिकाएं अदा कीं। उन्होंने नमक हलाल, सत्ते पे सत्ता, चुपके चुपके और अमर अकबर एंथनी जैसी फिल्मों के जरिए कॉमेडी में भी हाथ आजमाए। अस्सी के दशक के दौरान उनके करियर में आए उतार-चढ़ाव के बाद 1990 में मुकुल एस आनंद की फिल्म अग्निपथ में बच्चन ने गैंगस्टर विजय दीनानाथ चौहान की बेहतरीन भूमिका अदा की, जिसके लिए उन्हें पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। इसके बाद अभिनेता ने 2000 के दशक में चरित्र भूमिकाएं निभाना शुरू किया और 2001 में आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म मोहब्बतें में उन्होंने श्वर्या राय के पिता की भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने गेम शो कौन बनेगा करोड़पति की मेजबानी के जरिए टेलीविजन क्षेत्र में अपने करियर की शुरूआत की। अमिताभ साथ ही फिल्मों में भी काम करते रहे। उन्होंने आंखें, बागबान, खाकी, सरकार, ब्लैक,पा पीकू और पिंक जैसी फिल्मों में भी अपने अभिनय के जौहर दिखाए। सरकार ने बच्चन को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 1984 में पद्म श्री, 2001 में पद्म भूषण और 2015 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया था।